दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...
चैत्र नवरात्र आज से

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी बकअप दाऊ... फैसले से दूर हुई गरीब की...
4 अभिव्यक्ति लॉकडाउन की गम्भीरता को समझना...
9 मनोरंजन/खेल सोनाक्षी सिन्हा ने फैन्स को बताया अपना मैरिज...
11 व्यापार पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 8 रुपये...
www.navpradesh.com
बिलासपुर, बुधवार 25 मार्च 2020, चैत्र शुक्ल पक्ष-प्रतिपदा, विक्रम संवत-2076 वर्ष-05 अंक-340 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

एक दिन के जनता कर्फ्यू की सफलता के बाद दिमाग से पैदल लोग कूद कर इस नतीजे पर पहुंच गए कि उन्होने कोरोना का काम तमाम कर दिया। सरकार की नसीहतों को नजरअंदाज कर सड़को पर मटरगस्ती करने लगे। आधे देश में लॉकडाउन करना पड़ा। इसके बाद भी लोग बेवजह घरों से बाहर निकल रहे है। नतीजतन कई राज्यों में कर्फ्यू लगाना पड़ गया। बातों से न मानने वाले इन लातों के भूतों को पुलिस सबक सिखाएं तभी ये घर में रहेंगे। इसके पहले कि इन मूर्खों के कारण हालात और ज्यादा बिगड़े पूरे देश में कर्फ्यू लगाया जाए।

21 दिन देश लॉकडाउन

कोरोना से लड़ने के लिये 15 हजार करोड़ रु. का प्रावधान : पीएम मोदी

नई दिल्ली/नवप्रदेश। कोरोना से निपटने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने मंगलवार रात 12 बजे से देश में तीन हफ्ते का लॉक डाउन घोषित कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यदि तीन हफ्ते यानी 21 दिन तक नहीं संभले तो आपका परिवार व देश 21 साल पीछे चला जाएगा। इसलिए उन्होंने जनता से आग्रह किया कि वे घर से बाहर बिल्कुल भी न निकलें। उन्होंनें सोशल डिस्टंसिंग का कड़ाई से पालन करने को कहा। ये सोशल

डिस्टंसिंग आम जनता के साथ ही प्रधानमंत्री के लिए भी है।

कोरोना संक्रमण रोकथाम के लिए प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक कोरोना संक्रमण की चेन को तोड़ने के लिए 21 दिन का समय अहम है। आपको याद रखना है जान है तो जहान है। ये धैर्य व अनुशासन की घड़ी है। हमें अपना संकल्प निभाना है वचन निभाना है।

हर परिवार, हर नागरिक के लिए चुनौतीपूर्ण

उन्होंने कहा कि इस लॉकडाउन की एक आर्थिक कीमत देश को चुकानी होगी। लेकिन एक-एक भारतीय के जीवन को बचाना मेरी, भारत सरकार की हर राज्य सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। मेरी आपसे प्रार्थना है। मैं हाथ जोड़कर प्रार्थना करता हूं कि आप इस समय देश में जहां भी हैं वहीं रहें। अभी के हालात को देखते हुए देश में यह लॉकडाउन 21 दिन का होगा। पिछली बार मैंने आपसे कहा था मैं आपसे कुछ मांगने आया हूं। आने वाले 21 दिन हर परिवार हर नागरिक के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हेल्थ एक्सपर्ट की मानें तो कोरना वायरस के चेन के तोड़ने के लिए 21 दिन बहुत महत्वपूर्ण है।

जो दिन रात कर रहे काम उनके बारे में सोचे

मेरी आपसे हाथ जोड़कर प्रार्थना है जो अपना कर्तव्य निभाने के लिए खतरे में काम कर रहे हैं। पैरामेडिकल स्टाफ, डॉक्टर, पैथोलॉजिस्ट जो दिन रात काम कर रहे हैं। सफाई कर्मी, वार्ड बॉय, एंबुलेंस ड्राइवर इन सबके के लिए प्रार्थना ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सीएम ने कई प्रारूपों, विधेयकों का कैबिनेट में किया अनुमोदन

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पहली बार मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित हुई। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के उपायों के तहत छत्तीसगढ़ मंत्रिमण्डल के मंत्रियों के निवास कार्यालय और मुख्यमंत्री निवास कार्यालय को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जोड़ा गया। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव मुम्बई से वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए केबिनेट की बैठक में शामिल हुए।

बैठक में ये फैसले हुए-

- छत्तीसगढ़ स्थानीय निधि संपरीक्षा (संशोधन) विधेयक-2020 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।
- राज्य में संचालित अशासकीय शालाओं के लिए शुल्क विनियमन की प्रक्रिया के निर्धारण के लिए मंत्रिपरिषद की उपसमिति गठित करने का निर्णय लिया गया।
- छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक-2020 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।
- छत्तीसगढ़ कृषि उपज मण्डी (संशोधन) विधेयक-2020 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।
- महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय अधिनियम (2019) में संशोधन विधेयक का अनुमोदन किया गया।
- छत्तीसगढ़ कामधेनु विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक-2020 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।
- अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के कार्य क्षेत्र में संशोधन का अनुमोदन किया गया। प्राधिकरण क्षेत्र में पूर्व के दस जिलों के अलावा पुर्नगठित मुंगेली, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

टोक्यो ओलम्पिक स्थगित

टोक्यो (वार्ता)। वैश्विक महामारी बन चुके कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए और इन खेलों को स्थगित करने के वैश्विक दबाव के चलते जापान ने इस साल होने वाले टोक्यो ओलम्पिक को अब 2021 में कराने का फैसला किया है। टोक्यो ओलम्पिक का आयोजन इस साल 24 जुलाई से 9 अगस्त तक होना था लेकिन कोरोना वायरस के पूरी दुनिया को अपनी चपेट में लेने से उत्पन्न खतरे को देखते हुए जापान ने इन खेलों को स्थगित करने का फैसला किया है।

संक्रमणकाल : राजधानी में प्रशासनिक मुस्तैदी का दिखा प्रभाव

समझाईश, सख्ती और चिंता के साथ दिखा समर्पण

सड़कें सूनी, बाजार शांत, शहरी सीमा सील, लगातार 24 घंटे गश्त

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। अंतर्राष्ट्रीय आपदा के बीच कोरोना के खिलाफ युध्द में छत्तीसगढ़ शासन ने भी अपनी महती भूमिका में कोई कसर बाकि नहीं रख रहा। एकजुटता से कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए पहले समझाईश दिया। दूसरे दिन मामूली सख्ती और जनता कर्फ्यू के तीसरे दिन आज मंगलवार को प्रशासनिक चिंता के साथ समर्पण भी दिखा। नतीजतन पूरे छत्तीसगढ़ में इसका असर देखने को मिला है। खासकर सर्वाधिक आमदरफ्त वाली राजधानी रायपुर की सीमाएं सील कर दी गईं। जरुरी व आवश्यक चीजों के अलावा अन्य गैर जरुरी वस्तुओं पर सख्ती भी रखी गई। व्यवस्था का बेहतर इंतजाम का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आज मंगलवार को तीसरे दिन कोरोना संक्रमण के बीच प्रदेशभर की सड़कें सूनी, बाजार शांत, शहरी सीमाएं सील और अंदरुनी इलाकों में 24 घंटे की गश्त मुसलसल जारी थी।

सड़कों पर एक्का-दुक्का ही गाड़िया चलते हुये नजर आयी। साथ ही जरूरत के खाने-पीने के सामान ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जनप्रतिनिधियों ने ऐसे दिखाया समर्पण, दी मदद

राहुल गांधी ने कोरोना से लड़ने के लिए प्रधानमंत्री राहत कोष में 5 करोड रुपए का सहयोग किया। रायपुर नगर निगम के सभापति प्रमोद दुबे ने भी अपने 1 माह का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष देने की घोषणा की है। इसके अलावा विधायक सत्यनारायण शर्मा ने भी कहा है कि इस समय हमारा देश एक कठिन दौर से गुजर रहा है, मैं एक माह का वेतन मुख्यमंत्री सहायता कोष में देने की घोषणा करता हूं। उन्हों ने यह भी कहा कि यदि विधायक निधि से भी इस समस्या की घड़ी में कोई आवश्यक कार्य हेतु(जैसे कि वेंटिलेटर खरीदने और स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोतरी करने हेतु) राशि का उपयोग किया जाता है तो इसके लिए भी मैं अपनी पूर्ण सहमति प्रदान करता हूँ।

महादेवघाट पुल पर बेरियर लगाकर रोकी गई आवाजाही

कोरोना वायरस संक्रमण के मद्देनजर शासन ने कड़ाई बरतना शुरु कर दिया है। इसके चलते प्रदेश की सीमाओं को पहले ही सील किया जा चुका है, लेकिन अब लॉकडाउन की स्थिति में कई जिलों के सीमाओं को भी सील कर दिया गया है। आज सुबह दुर्ग और रायपुर जिले को जोड़ने वाली सीमा महादेवघाट पुल के दोनों छोर पर बेरियर लगाकर पुलिस ने नाकेबंदी कर दी, तब लोगों को समझ आया कि अब उनका इस मार्ग से दुर्ग जाना संभव नहीं है।

डॉक्टरी सलाह अब वाट्सएप-इंटरनेट से दे रहे चिकित्सक

कोरोना से बचाव के लिए छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल ने छत्तीसगढ़ के डॉक्टरों को अनुमति जारी कर दी है। छत्तीसगढ़ के डॉक्टरों को छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल ने अनुमति दी है कि वे आगामी 31 मार्च तक मरीजों को फोन/ मोबाइल/ व्हाट्सअप या किसी भी इलेक्ट्रानिक माध्यम से उपचार की सलाह दे सकते हैं। छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल ने यह फैसला कोरोना वायरस से बचाव की दृष्टि से किया है। छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल के अध्यक्ष डॉ श्रीकांत राजिमवाले द्वारा जारी अनुमति की नोटिस में कहा गया है कि 31 मार्च तक वे इन माध्यमों का उपयोग ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नियम का पालन करें, नहीं तो आपकी तस्वीर होगी वायरल

कोरोना वायरस संक्रमण को रोकने के लिए राज्य सरकार ने सख्त नियम लागू किया है बल्कि उसका पालन कराने के लिए सभी प्रकार के ऐहतियातन कदम भी उठा रहे है। कर्फ्यू की स्थिति में भी बेकाम लोग बाहर निकल रहे है, पुलिस की समझाईश भी वे नहीं मान रहे है। यहां तक कि मास्क का उपयोग न करके खतरों से खेल रहे है। पुलिस ने ऐसे लोगों को पकड़कर जब पोस्टर के साथ तस्वीर खींची जिसमें लिखा हुआ था- मैं समाज का दुश्मन हूं, मैं बिना काम के बाहर घूमूंगा, मैं मुंह पर मास्क नहीं लगाऊंगा। तब उन्हें शर्म ■ शेष पृष्ठ 8 पर

आईटी-जीएसटी रिटर्न, आधार पैन लिंक अब 30 जून तक

नई दिल्ली/नवप्रदेश। कोरोना से उत्पन्न हालातों के मद्देनजर वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कई बड़े ऐलान किए। वित्त वर्ष 2018-19 के लिए आइटी रिटर्न भरने की अंतिम तारीख अब 31 मार्च की जगह 30 जून 2020 तक बढ़ा दी गई है। कोरोना से उत्पन्न स्थिति को देखते हुए टीडीएस के डिलेड डिपॉजिट के लिए विस्तार नहीं दिया गया है लेकिन इस पर लगने वाले ब्याज को 18 परसेंट से घटाकर 9 परसेंट कर दिया गहै। आधार से पैन लिंकिंग की सीमा भी 31 मार्च से बढ़ाकर 30 जून 2020 कर दी गई है। आईटी रिटर्न की डेट बढ़ाए जाने के साथ ही विवाद से विश्वास स्कीम की अंतिम तिथि अब 30 जून 2020 कर दी गई। इसके लिए एडिशनल 10 पर्सेंट नहीं देना होगा। इसी बीच सीतारमण ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ कारोना से उत्पन्न स्थिति के मद्देनजर वित्तमंत्री सीतारमण ने किए कई बड़े ऐलान

भारत ने ब्रिटेन को रोकी पेनकिलर पैरासिटामॉल की सप्लाई : रिपोर्ट

नई दिल्ली/लंदन/नवप्रदेश। कोरोना से निपटने के लिए भारत सरकार ने बड़ा फैसला लिया। इसकी पुष्टि अब ब्रिटिश मीडया भी कर चुका है। कोरोना संक्रमितों को दी जाने वाली दुनिया की सबसे पापुलर पेनकिलर पैरासिटामॉल का भारत ने निर्यात बंद कर दिया है। चीन में इसके उत्पादन काफी कम हो जाने के चलते भारत सरकार ने यह फैसला लिया है। भारत सरकार की ओर से अपने यहां कोरोना से निपटने के लिए ब्रिटेन को पैरासिटामॉल का निर्यात बंद कर दिए जाने से वहां इसकी बेहद कमी हो गई है। डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार अधिकांश दवा दुकानों पर इसका स्टॉक खत्म हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिटेन की दवा दुकानों पर पैरासिटामॉल व पेन किलर के लिए लंबी-लंबी कतारें नजर आ रही हैं। उसने इस संबंध का वीडियो भी जारी किया है।

■ पैरासिटामॉल का ब्रिटेन में टोटा

राहत — **केंद्र ने राज्यों को जारी की एडवाइजरी- सेस फंड में जमा हैं**

52 हजार करोड़, मजदूरों के अकाउंट में डीबीटी से किया जाए ट्रांसफर

नई दिल्ली (ए.)। भारत कोरोना वायरस के संक्रमण से गुजर रहा है। संक्रमित मरीजों की आंकड़ा 492 पहुंच गया है। इस कारण से पूरे देश को लॉकडाउन कर दिया गया है। कंस्ट्रक्शन के सारे काम ठप पर गए है। इस वजह से मजदूरों को काफी परेशानी हो रही है। उनके रोजगार छिन गए हैं। केंद्र सरकार ने मजदूरों के हितों को ध्यान में रखते हुए सभी प्रदेश सरकारों को मजदूरों के सीधे खाते में पैसे भेजने के लिए एडवाइजरी जारी की है। केंद्रीय श्रम और रोजगार राज्य मंत्री संतोष गंगवार ने कहा कि निर्माण कल्याण बोर्ड से करीब देश के 3.5 करोड़ मजदूर जुड़े हुए हैं। इनके लिए सेस फंड में करीब 52000 करोड़ रुपए जमा हैं।

वित्त मंत्री ने भी लोगों को दी है राहत

उन्होंने बताया कि राज्य सरकारों से कहा गया है कि मजदूर कल्याण बोर्ड द्वारा जमा किए गए फंड का इस्तेमाल करे और मजदूरों के खाते में डीबीटी के माध्यम से पैसे भेजे जाएं। वहीं, आज केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी कोरोना के बीच लोगों को राहत देने की कोशिश की।लॉकडाउन के बीच अगर आप इस परेशानी में हैं कि आप इनकम टैक्स रिटर्न कैसे भरेंगे और अपने आधार को पैन से कैसे और कब लिंक करवाएंगे तो आपको यह अब चिंता करने की जरूरत नहीं है। क्योंकि सरकार ने आम लोगों की परेशानी और लॉकडाउन की स्थिति को देखते हुए इनकी तारीखों को आगे बढ़ा दिया है।

30 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में लॉकडाउन

कोरोना के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए सरकार ने करीब 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लॉकडाउन कर दिया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज दोपहर दो बजे मीडिया से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए से बातें कीं और जीएसटी से लेकर इनकम टैक्स रिटर्न की तारीखों को आगे बढ़ाने का ऐलान किया।

दैनिक नवप्रदेश
जनहित में पहल
104
COVID-19
कोरोना वायरस
जागरूक रहें
जागरूक करें
वायरस को फैलने से कैसे रोकें
- हाथों को बार-बार साबुन और पानी से धोए या सैनिटाइजर का इस्तेमाल करें
- इस्तेमाल किए गए टिशूज को फेंक दें (इसके बाद हाथ धो लें)
- बिना हाथ धोए अपनी आंखों, नाक और मुंह को न छूएं
- खांसते और छींकते वक्त डिस्पोजेबल टिशू का इस्तेमाल करें
- टिशू नहीं है तो छींकते और खांसते वक्त अपने बाजू का इस्तेमाल करें
- जो बीमार हैं उनके संपर्क में न आने की पूरी कोशिश करें

देश दुनिया सहित प्रदेश की हर छोटी-बड़ी खबर के लिए क्लिक करें
www.navpradesh.com

चीन में 78 नए मामले, महामारी के दोबारा आने का बढ़ा खतरा

चीन में कोविड-19 से 7 और लोगों की मौत की बाद मृतकों की संख्या 3,277 हो गई है

■ **इन ताजा मामलों के सामने आने के बाद चीन में महामारी के दोबारा आने का खतरा बढ़ गया है**

बीजिंग(ए.)। कोरोना वायरस का गढ़ रहे चीन में इस महामारी से संक्रमण के 78 नए मामले सामने आए हैं। ये सभी 74 नए मामले ऐसे हैं जो विदेशों से संक्रमण लेकर आए हैं। इस बीच स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि कोविड-19 से 7 और लोगों की मौत की बाद मृतकों की संख्या 3,277 हो गई है। इन ताजा मामलों के सामने आने के बाद चीन में महामारी के दोबारा आने का खतरा बढ़ गया है। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने मंगलवार को बताया कि चीनी मुख्यभूमि पर सोमवार तक कुल 81,171 लोग संक्रमित थे। इनमें बीमारी से मरने वाले 3,277 लोग, अभी भी इलाज करा रहे 4,735 मरीज और सेहत में सुधार होने के बाद अस्पताल से जाने दिए गए 73,159 मरीज शामिल हैं। आयोग ने बताया कि सोमवार को चीन मुख्यभूमि पर कोविड-19 के 78 नये मामले सामने आए जिनमें से 74 विदेशों से संक्रमण लेकर आए लोग हैं। ऐसे मामलों की संख्या अब 427 हो गई है।

खतरा अभी कम नहीं हुआ है

चीन में वायरस के मामलों में कमी आने के बाद अधिकारियों ने प्रतिबंधों में ढील देना शुरू कर दिया है। वायरस के प्रसार को रोकने के प्रयासों में समन्वय कर रही प्रधानमंत्री ली क्विंग के अध्यक्षता वाले सेंट्रल लीडिंग ग्रुप (सीएलपी) ने कहा कि वुहान समेत पूरे देश में वायरस के प्रसार को नियंत्रित कर लिया गया है। एक आधिकारिक बयान में सोमवार को बताया गया कि बैठक में देश भर में वायरस के प्रसार को रोक लिया गया है। हालांकि बैठक में आगाह किया गया कि संक्रमण के इक्के-दुक्के मामले और स्थानीय स्तर पर प्रकोप फैलने का खतरा अभी कम नहीं हुआ है। दुनिया भर में वैश्विक महामारी का प्रकोप जारी रहने के बीच स्थिति अभी भी जटिल एवं चनौतीपूर्ण बनी हुई है।

हुबेई में 7 मौत, 35 नए संदिग्ध मामले

आयोग ने बताया कि सोमवार को 7 मौत और 35 नए संदिग्ध मामले भी सामने आए। ये सातों मौत हुबेई प्रांत में हुई। बीजिंग में कोविड-19 के कुल मामले आठ मौत के साथ 522 पर पहुंच गए हैं जिसके बाद बीजिंग और शंघाई की स्थानीय सरकारों ने विदेशों से आने वाले सभी लोगों का न्यूक्लिक एसिड परीक्षण कराने की घोषणा की है ताकि उचित जांच हो सके।

संक्रमित होकर आए 74 नए मामले

आयोग ने बताया कि विदेशों से संक्रमित होकर आए 74 नए मामलों में से 31 बीजिंग से, 14 गुआंगदोंग से, नौ शंघाई से, पांच फुजियान से, चार तियानजिन से, तीन जियांगसु से, दो झेजियांग से और एक-एक मामला शानशी, लियेओनिंग, शानदोंग और चोंगकिंग से सामने आए हैं। बीजिंग ने पहले ही सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर विभिन्न शहरों में भेजना शुरू कर दिया है जहां यात्रियों को शहर में आने से पहले 14 दिन अलग रहना होगा।

वुहान समेत पूरे देश में वायरस के प्रसार को नियंत्रित किया

आयोग ने कहा कि 132 लोगों में अब भी संक्रमण का संदेह है। कोरोना वायरस से सर्वाधिक प्रभावित वुहान में पांच दिन के अंतराल के बाद एक मामले की पुष्टि हुई है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने खबर दी कि सोमवार तक हांग कांग में चार मौत समेत 356 लोग संक्रमित पाए गए। मकाउ में 25 और ताइवान में दो मौत समेत 195 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है।

गुड़गांव में कोरोना वायरस से हड़कंप

इटली में हाहाकार, भारत में वहां के 11 टूरिस्ट बिल्कुल ठीक

■ **11 लोगों को सोमवार को मेदांता हॉस्पिटल से डिस्चार्ज किया**

गुड़गांव (ए.)। महामारी बन चुका कोरोना वायरस जब इटली में तबाही मचा रहा है तब उसके कुछ नागरिकों का भारत में रहना वरदान साबित हुआ। इटली के ये नागरिक भारत यात्रा के दौरान कोरोना पॉजेटिव पाए गए, लेकिन अब बिल्कुल ठीक हैं। इन 11 लोगों का इलाज गुड़गांव में चल रहा था, फिलहाल इन्होंने पूरी तरह रिकवर कर लिया है। इन 11 लोगों को सोमवार को मेदांता हॉस्पिटल से डिस्चार्ज किया गया और इटली के दूतावास को सौंपा गया।

21 लोगों के ग्रुप में 16 थे कोरोना पॉजेटिव

इटली के ये टूरिस्ट उस 21 लोगों के ग्रुप का हिस्सा थे जो भारत घूमने आया था। इन 21 में से 16 कोरोना पॉजेटिव पाए गए थे। इनमें से 14 का इलाज गुड़गांव के मेदांता हॉस्पिटल में चला। 16 में इनका भारतीय ड्राइवर भी शामिल था। उसे तब आईटीबीपी कैंप में भर्ती करवाया गया था।

तीन राज्यों में घूमा था ग्रुप

टूरिस्ट का यह ग्रुप देश के तीन राज्यों में घूमा था। ग्रुप राजस्थान के बाद दिल्ली पहुंचा था। यहां इनके कोरोना पॉजेटिव होने का पता चला। इससे पहले यह आगरा भी गया छा। गुड़गांव में इन 11 लोगों से अलग 8 और कोरोना पॉजेटिव मामले हैं। फिलहाल सोमवार को गुड़गांव से कोई कोरोना पॉजेटिव मामला सामने नहीं आया है। दूसरी तरफइटली में कोरोना वायरस कहर मचा रहा है। वहां चीन से भी ज्यादा (6 हजार) मौतें हो चुकी हैं। वहां अबतक 63 हजार से ज्यादा कोरोना के मरीज सामने आ चुके हैं।

किस राज्य में कितने पॉजिटिव मरीज

भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के अब तक करीब 500 मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के मंगलवार तक के आंकड़ों में यह संख्या सामने आई है। मंगलवार सुबह तक के अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक देश में कोविड-19 के कुल मामले 492 हो गए हैं जिनमें से 446 लोगों का अभी इलाज चल रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इन आंकड़ों में कम से कम 41 विदेशी नागरिक शामिल हैं और अब तक नौ मौत हो चुकी है। पश्चिम बंगाल और हिमाचल प्रदेश में सोमवार को एक-एक मौत हुई जबकि पूर्व में हुई सात मौत महाराष्ट्र (दो), बिहार, कर्नाटक, दिल्ली, गुजरात और पंजाब में एक एक मौत हुई थी। देश में 22 नए मामले सामने आने के बाद कोविड-19 से अब भी संक्रमित लोगों की संख्या 446 है। पिछले कुछ दिनों में संक्रमण के मामले अचानक बढ़ने के बाद अधिकारियों ने लगभग पूरे देश में लॉकडाउन (बंद) लागू कर दिया है जिसके तहत लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध हैं और सड़क, रेल एवं हवाई यातायात पर 31 मार्च तक रोक लगा दी गई है। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक अब तक कोविड-19 के सबसे ज्यादा 95 मामले केरल से सामने आए हैं जिनमें आठ विदेशी नागरिक शामिल हैं। इसके बाद महाराष्ट्र से तीन विदेशी नागरिकों समेत 101 मामले सामने आए हैं।कर्नाटक में कोरोना वायरस के 37 मरीज हैं जबकि राजस्थान में संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है। इनमें दो विदेशी भी शामिल हैं। उत्तर प्रदेश में एक विदेशी नागरिक समेत 33 लोग संक्रमित हैं। तेलंगाना में 10 विदेशियों समेत अब तक 32 मामले सामने आए हैं।

यूपी में कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़कर हुई 34

यूपी में कोरोना वायरस बड़े शहरों तक सीमित न रहकर पीलीभीत, कैराना व जौनपुर जैसे छोटे शहरों में भी पहुंच रहा है। सोमवार को कोरोना वायरस संक्रमण के चार नए मामले सामने आए जबकि मंगलवार कैराना में कोरोना का नया मामला सामने आया। इस तरह प्रदेश में कोरोना वायरस संक्रमित मरीजों की संख्या 34 हो गई है।

शाहीनबाग खाली कराने के बाद सुरक्षा बढ़ाई, चप्पे-चप्पे पर नजर

नई दिल्ली (ए.)। कोरोना वायरस महामारी की वजह से दिल्ली पुलिस ने मंगलवार सुबह शाहीन बाग में कड़ी सुरक्षा के बीच धरना स्थल को साफ करते हुए वहां से सभी टेंट हटा दिए हैं। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद राजधानी में पूरी तरह से लॉकडाउन के बीच जाफराबाद में एहतियातन भारी सुरक्षा तैनात किया गया है। पैरा मिलिट्री फोर्स और दिल्ली पुलिस के जवान शाहीन बाग और जाफराबाद में चप्पे-चप्पे पर तैनात हैं और लोगों पर नजर रखे हुए हैं।

शाहीन बाग के प्रदर्शन से जुड़े लोगों का कहना है कि हमने रात को ही कर्फ्यू की आशंका से प्रदर्शनस्थल खाली कर दिया था। सुबह 7:15 बजे के आसपास पुलिस ने आकर टेंट व अन्य चीजें हटा दीं। फिलहाल पुलिस शाहीन बाग को छावनी में तब्दील कर दिया है। सभी एहतियात कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे कि कोई टकराव की स्थिति या हालात अनियंत्रित न हों।

प्रदर्शन स्थल पर पुलिस की 10 कंपनियां लगाई गई हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से पहले धरनास्थल के आसपास की गलियों को ब्लॉक कर दिया गया था। शाहीन बाग धरनास्थल खाली कराने के बाद इस समय आसपास 500 मीटर के दायरे में बहुत बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है। लोगों को अपना रोजमर्रा का सामान लेने के लिए आने-जाने दिया जा रहा है, लेकिन प्रदर्शन स्थल की तरफकिसी को नहीं जाने दिया जा रहा है।

दिल्ली के पुलिस कमिश्नर एस.एन. श्रीवास्तव ने कर्फ्यू के दौरान लोगों से घर पर रहने की अपील की है। इस संबंध में किसी भी आंदोलन या लोगों को इकट्ठा होने की अनुमति नहीं है, निषेधाज्ञा जारी की गई है। आवश्यक सेवाओं से जुड़े लोगों को ही कर्फ्यू से छूट दी गई है। आदेश की अवहेलना करने

कोरोना : सोनिया गांधी ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

नई दिल्ली(ए.)। कोरोना वायरस के बढ़ते संकट के बीच कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पत्र लिखा है। सोनिया गांधी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया कि कोरोना वायरस के संकट के मद्देनजर निर्माण क्षेत्र में काम करने वाले कामगारों के लिए आपात कदम उठाए जाएं और कुछ निश्चित राशि की मदद उन्हें दी जाए।

प्रधानमंत्री मोदी को लिखे पत्र में सोनिया ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि निर्माण क्षेत्र के कामगारों के कल्याण के लिए बने राज्य बोर्डों ने उपकर के माध्यम से 31 मार्च, 2019 तक 49,688 करोड़ रुपये की राशि का संग्रह किया था और इसमें से सिर्फ 19,380 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं।

उन्होंने कहा, 'हम एक महामारी का सामना कर रहे हैं। ऐसे में कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए कड़े कदमों की जरूरत है। इन कदमों से आर्थिक गतिविधियां व्यापक रूप से बाधित हुई हैं जिसका असंगठित क्षेत्र पर काफी बुरा असर पड़ा है। लाखों प्रवासी कामगार बड़े शहरों से अपने कस्बों और गांवों की तरफकूच कर गए हैं।

4.4 करोड़ से अधिक कामगारों का भविष्य अधर में

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, 'अब निर्माण क्षेत्र में काम करने वाले 4.4 करोड़ से अधिक कामगारों का भविष्य अधर में पड़ गया है। शहरों के बंद करने के कड़े कदमों से बहुत सारे कामगारों के सामने जीविका का संकट भी पैदा हो गया है। सोनिया के मुताबिक, कनाडा समेत कई देशों ने कोरोना वायरस के संकट के बीच आर्थिक योजना सामने रखी है। ऐसे में यहां की अप्रत्याशित स्थिति को देखते हुए कागमारों के हित में कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि निर्माण क्षेत्र में काम करने वाले कामगारों के लिए आपात कदम उठाए जाएं और कुछ निश्चित राशि की मदद उन्हें दी जाए।

कोरोना का कहर: सेनेटोरियम में बदला जम्मू कश्मीर के 11 बड़े अस्पताल

जम्मू कश्मीर की सरकार ने 11 बड़े अस्पतालों को सेनेटोरियम में बदल दिया है जहां कोरोना के संदिग्ध मरीजों का इलाज किया जाएगा। इसमें सरकार के एसकेआईएमएस मेडिकल कॉलेज बेमिना, सीडी हॉस्पिटल श्रीनगर और पुलिस हॉस्पिटल श्रीनगर शामिल हैं। कोरोना वायरस के मामले भारत समेत दुनियाभर में बढ़ते जा रहे हैं। इसको देखते हुए पूरी दुनिया की बड़ी आबादी घरों के अंदर 'कैद' है। भारत ने 30 राज्यों में लॉकडाउन कर दिया है। वहीं, तीन ऐसे राज्य हैं, जहां पर लॉकडाउन के बाद कर्फ्यू भी लागू है।

प.बंगाल : कोरोना से मृत व्यक्ति के अंतिम संस्कार का विरोध, क्रिया-कर्म में हुई देरी

कोलकाता (ए.)। *पश्चिम बंगाल में कोरोना वायरस के कारण जान गंवाने वाले पहले व्यक्ति के अंतिम संस्कार में विलंब से किया गया क्योंकि लोगों ने यह कहते हुए नाकेबंदी कर दी कि क्रिया-कर्म से वायरस फैल सकता है।पुलिस सूत्रों के अनुसार, वरिष्ठ अधिकारियों ने सोमवार को करीब दो घंटे तक स्थानीय निवासियों को समझाया कि संक्रमण से बचने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं। कोलकाता पुलिस केंद्रीय प्रभाग के एक अधिकारी ने कहा, ''हमने उन्हें बताया कि मृतक के शव को लपेटने के दौरान, सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी जरूरी प्रक्रियाओं का पालन किया गया है। डरने की कोई जरूरत नहीं है। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि शव सौंपने में बहुत विलंब हुआ क्योंकि मृतक के परिवार के सदस्य अस्पताल नहीं आए। इसके अलावा, शव ले जाने के लिए कोई वाहन भी नहीं मिल रहा था। अधिकारी ने बताया कि एक सरकारी अस्पताल के पृथक वार्ड में फिलहाल भर्ती, मृतक की पत्नी ने स्वीकृति दी जिसके बाद विभाग को शव सौंपा गया। अस्पताल के एक अधिकारी ने कहा, ''सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार, शव पर रसायनों का लेप लगाया गया और फिर उसे निर्दिष्ट तरीके से लपेटा गया। हमने किसी तरह एक शव वाहन का इंतजाम किया और बिधाननगर शहर पुलिस के अधिकारियों के एक दल की निगरानी में शव को नीमताला शवगृह ले जाया गया। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में सोमवार को कोविड-19 से संक्रमित एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पिछले सप्ताह कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए इस व्यक्ति को 16 फरवरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।*

जरूरत | देश के सभी 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कुल 560 जिलों को पूर्ण रूप से बंद करने की घोषणा की जा चुकी हैं

कोरोना: बेटी की शादी की अनुमति मांगने को उपायुक्त दफ्तर पहुंचा परिवार

फरीदाबाद (ए.)। भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के अब तक करीब 500 मामले सामने आए हैं। देश और दुनियाभर में महामारी का रूप ले चुके कोरोना वायरस को लेकर हुए सभी जगह हुए लॉकडाउन के बाद लोगों के सामने दिक्कतें आने लगी हैं। ऐसी ही परेशानी फंसा फरीदाबाद का एक परिवार मंगलवार को बेटी की शादी की अनुमति लेने के लिए उपायुक्त दफ्तर पहुंचा।

देश के मौजूदा हालात के फरीदाबाद के एनआईटी नम्बर पांच निवासी एक परिवार अपनी बेटी की शादी को लेकर बेहद चिंतित है। इस परिवार में 25 मार्च को बेटी की शादी होनी है। इस परिवार का कहना है कि उनको बेटी की शादी के लिए अनुमति चाहिए। दिल्ली से वर पक्ष से सिर्फ पांच लोग ही शादी में फरीदाबाद आएंगे। इस दौरान शादी की सिर्फ औपचारिकता पूरी की जाएगी। बता दें कि भारत सरकार की ओर से मंगलवार को देश के सभी 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कुल 560 जिलों को पूर्ण रूप से बंद करने की घोषणा कर दी गई है।

दिल्ली में संक्रमण के मामले

दिल्ली में संक्रमण के मामले बढ़कर 32 हो गए हैं जिनमें एक विदेशी नागरिक भी शामिल है जबकि गुजरात में 29 मामले सामने आए हैं। हरियाणा में 14 विदेशी नागरिकों समेत 26 मामले हैं जबकि पंजाब से 21 मामले सामने आए हैं। लद्दाख में 13 जबकि तमिलनाडु में दो विदेशी नागरिकों समेत 12 मामले हैं। पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश से अब तक सात-सात मामले सामने आए हैं। चंडीगढ़ में छह और जम्मू-कश्मीर में चार मामले हैं। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश दोनों में तीन-तीन मामले जबकि बिहार और ओडिशा में दो-दो लोग संक्रमण की चपेट में हैं। पुडुचेरी और चंडीगढ़ से एक-एक मामला सामने आया है।

देश में नए मामलों के साथ अब तक 500 से ज्यादा मामले

भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के अब तक करीब 500 मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के मंगलवार तक के आंकड़ों में यह संख्या सामने आई है। मंगलवार सुबह तक के अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक देश में कोविड-19 के कुल मामले 492 हो गए हैं जिनमें से 446 लोगों का अभी इलाज चल रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इन आंकड़ों में कम से कम 41 विदेशी नागरिक शामिल हैं और अब तक नौ मौत हो चुकी है। पश्चिम बंगाल और हिमाचल प्रदेश में सोमवार को एक-एक मौत हुई जबकि पूर्व में हुई सात मौत महाराष्ट्र (दो), बिहार, कर्नाटक, दिल्ली, गुजरात और पंजाब में एक एक मौत हुई थी। देश में 22 नए मामले सामने आने के बाद कोविड-19 से अब भी संक्रमित लोगों की संख्या 446 है। पिछले कुछ दिनों में संक्रमण के मामले अचानक बढ़ने के बाद अधिकारियों ने लगभग पूरे देश में लॉकडाउन (बंद) लागू कर दिया है जिसके तहत लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध हैं और सड़क, रेल एवं हवाई यातायात पर 31 मार्च तक रोक लगा दी गई है। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक अब तक कोविड-19 के सबसे ज्यादा 95 मामले केरल से सामने आए हैं जिनमें आठ विदेशी नागरिक शामिल हैं। इसके बाद महाराष्ट्र से तीन विदेशी नागरिकों समेत 101 मामले सामने आए हैं। कर्नाटक में कोरोना वायरस के 37 मरीज हैं जबकि राजस्थान में संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है। इनमें दो विदेशी भी शामिल हैं। उत्तर प्रदेश में एक विदेशी नागरिक समेत 33 लोग संक्रमित हैं। तेलंगाना में 10 विदेशियों समेत अब तक 32 मामले सामने आए हैं। वहीं, दिल्ली में संक्रमण के मामले बढ़कर 32 हो गए हैं जिनमें एक विदेशी नागरिक भी शामिल है जबकि गुजरात में 29 मामले सामने आए हैं। हरियाणा में 14 विदेशी नागरिकों समेत 26 मामले हैं जबकि पंजाब से 21 मामले सामने आए हैं। लद्दाख में 13 जबकि तमिलनाडु में दो विदेशी नागरिकों समेत 12 मामले हैं। पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और आंध्र

न्यूज गैलरी

लॉक डाउन का उल्लंघन तहसीलदार ने 5 दुकानों को किया सील

रायपुर। राज्य में जारी लाकडाउन के बाद भी दुकानें खुली रखने वाली पांच दुकानदारों पर आज तिल्दा के तहसीलदार ने सख्त कार्यवाही करते हुए जहां दुकान संचालकों पर जुर्माना लगाया है तो वहीं पांचों दुकानों को सील कर दिया है।

पेट्रोल कर्मी को जान से मारने की धमकी

रायपुर। पेट्रोल पंपों में आये दिन निर्धारित रुपये लेकर कम पेट्रोल डालने की शिकायत के चलते उपभोक्ताओं एवं पेट्रोल पंप कर्मियों के बीच विवाद होते रहता है। कभी कभी विवाद का स्वरूप गंभीर मोड़ ले लेता है। मोवा थाने से मिली जानकारी के अनुसार आशीष सिंह परिहार आयु 31 वर्ष पिता जितेंद्र सिंह परिहार निवासी एबी फ्यूल पंप मोवा ने अपनी बाइक में पेट्रोल पंप में पेट्रोल भरवाया। कम पेट्रोल को देने की बात को लेकर बाइक में पेट्रोल भरने के बाद बाइक स्टार्ट नहीं होने पर प्रार्थी का पेट्रोल पंप कर्मी अप्पू खैरावार से विवाद हुआ जिसके चलते आरोपी ने प्रार्थी से गाली गलौज करते हुए उसकी जमकर न केवल पिटाई की बल्कि विरोध करने पर प्रार्थी को जान से मारने की धमकी दी।

42 पाव शराब के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर। शहर में शराबियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। मौदहापारा थाने से मिली जानकारी के अनुसार पुष्पराज यादव आयु 26 वर्ष पिता सूर्यपाल यादव निवासी अशोक हेरिटेज होटल के पास से 42 पाव अंग्रेजी शराब अवैध रूप से ले जाते हुए जब्त की गई है।

जुआरियों से 30 हजार जब्त

रायपुर। लॉकडाउन होने के बाद भी 52 पत्ती खेलने वालों की गतिविधियों में कोई कमी नहीं आई है। धरसींवा थाने से मिली जानकारी के अनुसार राजेंद्र कुमार आयु 32 वर्ष पिता कुमार पटेल निवासी सांकरा एवं उनके साथियों से 13 हजार 7 सौ रुपये की राशि जुआ खेलते जब्त हुई है। धरसींवा थाना क्षेत्र से ही मिली जानकारी के अनुसार हरीश साहू आयु 25 वर्ष पिता रामधीन से जुआ खेलते हुए 13 हजार पांच सौ रुपये की राशि जब्त हुई है। आरंग थाने से मिली जानकारी के अनुसार नरेंद्र कन्नौजे आयु 45 वर्ष पिता स्व. रामसहाय कन्नौजे निवासी मालाडीह तालाब आरंग से जुआ खेलते हुए 29 सौ रुपये राशि जब्त की गई है। सभी मामलों में आरोपियों के खिलाफ संबंधित थानों ने जुआ एक्ट 13 के तहत मामला कायम कर जुआरियों को मौके पर ही गिरफ्तार किया है। संबंधित थानों से पुलिस को 30 हजार 1 सौ रुपये की राशि जुआरियों से जब्त करने में सफलता मिली है।

संक्रमण से प्रदेश को बचाने के साथ लोगों को सरकार ने दी बड़ी राहत

बकअप दाऊ... फैसले से दूर हुई गरीब की कठिनाई

- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार के 11 संवेदनशील निर्णय
- बिजली, राशन, भोजन, विशेष भत्ता, जरुरी चीजें दी गई

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्य शासन द्वारा कोरोना वाइरस का फैलाव रोकने के लिये युद्धस्तर पर किये जा रहे प्रयासों के साथ आम जनता की सहूलियत का भी पूरी सम्वेदनशीलता से ध्यान रखा गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर आम जनता के लिए अनेक कल्याणकारी फैसले लागू किये गए हैं। इन फैसलों से गरीबों, स्कूली बच्चों, आम नागरिकों और व्यापारी वर्ग सहित सभी लोगों को 31 मार्च तक लॉक डाउन के दौरान बड़ी राहत मिलेगी। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जो संवेदनशील कदम उठाए गए हैं वे इस प्रकार हैं-

1. राज्य सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के राशन कार्ड धारकों को अप्रैल एवं मई माह 2020 का चावल का एकमुश्त वितरण करने का निर्णय लिया है। इसके लिए खाद्य विभाग द्वारा आबंटन जारी करते हुए अंत्योदय, प्राथमिकता और अन्नपूर्णा श्रेणी के राशनकार्ड धारकों को माह अप्रैल एवं मई 2020 के चांवल के साथ नमक और शक्कर का भी एकमुश्त वितरण माह अप्रैल 2020 में करने के निर्देश जारी किए गए हैं।
2. सीएम के निर्देश पर अवकाश अवधि में स्कूली बच्चों को मध्यान्ह भोजन दिए जाने का निर्णय लिया गया है। इस योजना में मध्यान्ह भोजन हेतु 40 दिन का सूखा दाल और चावल बच्चों के पालकों को स्कूल से प्रदाय किया जाएगा। प्राथमिक शाला के प्रत्येक बच्चे को 4 किलोग्राम चावल और 800 ग्राम दाल तथा उच्चतर माध्यमिक शाला के प्रत्येक बच्चे को 6 किलोग्राम चावल और 1200 ग्राम दाल दी जाएगी।
3. आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों के लिए टेक होम राशन वितरण के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी और मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों को 31 मार्च 2020 तक बंद किया है। राज्य सरकार ने इस अवधि में 03 से 06 वर्ष आयु के सामान्य, मध्यम और गंभीर कुपोषित बच्चों को गर्म भोजन के स्थान पर वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में 125 ग्राम रेडी टू ईट प्रतिदिन के मान से 750 ग्राम टेक होम राशन (रेडी टू ईट)का अनिवार्य रूप से वितरण के निर्देश दिए हैं।
4. प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में अनुज्ञा, परमिट, लायसेंस इत्यादि नवीनीकरण कराने की समय-सीमा एक माह की वृद्धि की गई है। साथ ही राजस्व तथा अन्य जरुरी कार्यों के लिए भी नियत तिथि को बढ़ाने का फैसला लिया गया है।
5. राजस्व न्यायालयों में प्रकरणों की पेशी एक अप्रैल या उसके पश्चात रखने के निर्देश दिए गए हैं।
6. वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग ने छत्तीसगढ़ बाजार मूल्य की पुनरीक्षित दरें जो एक अप्रैल से लागू होती है, उसे एक माह बढ़ाकर अब एक मई कर दिया है। पंजीयन कार्यालयों में मार्च के माह में होने वाली भीड़ की समस्या को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय किया गया है।
7. प्रदेश के नगरीय निकायों में सम्पत्ति कर जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च को बढ़ाकर अब 30 अप्रैल तक कर दिया गया है।
8. कोरोना वायरस (कोविड-19) की रोकथाम के उपायों के तहत छत्तीसगढ़ सरकार ने अल्कोहल आधारित हैण्ड सैनिटाइजर (हैण्ड रब सॉल्यूशन) के औद्योगिक निर्माण के लिए दो डिस्टिलरी को लाइसेंस दिया है।
9. कोरोना के उपचार में लगे स्वास्थ्य विभाग के अमले को विशेष भत्ता देने का फैसला।
10. राज्य के सभी निजी संस्थानों, कारखानों, अस्पतालों, मॉल, रेस्टोरेंट आदि के नियोक्तों से मानवीय संवेदनाओं को ध्यान में रखते हुए श्रमिकों एवं कर्मचारियों की छंटनी नहीं किए जाने और कोरना वायरस (कोविड-19) से पीड़ित होने या अन्य कारणों से बीमार होने पर सवैतनिक अवकाश प्रदान करने के साथ ही आवश्यकता पड़ने पर उनसे घरों से भी कार्य लिए जाने के निर्देश दिए हैं।
11. निम्नदाब उपभोक्ताओं की मीटर रीडिंग -बिलिंग पर 31 मार्च तक रोक, 'हाफ रेट पर बिजली योजना'' के तहत् मिलेगा एक मुश्त दो माह का लाभ।

विधायक सिर्फ ड्राइवर के साथ ही विस में प्रवेश कर सकेंगे

- छग.विधानसभा के बजट सत्र में 26 मार्च को ऐहतियाती कदम लिए गए
- सत्र की समाप्ति भी इसी दिन संभव
- इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का स्थान भी तय

रायपुर। विधानसभा का बजट सत्र 26 को होगा जरुर लेकिन प्रवेश करने के लिए नियम बदल गए हैं कोरोना संक्रमण के चलते। विधायक के साथ गाड़ी में केवल ड्राइवर ही प्रवेश कर सकेंगे यहां तक कि गनमेन भी अंदर नहीं जायेगा। किसी भी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश पहले ही प्रतिबंधित है। संभवतः इसी दिन सत्र भी खत्म हो सकता है। कोरोना के चलते विधानसभा की कार्यवाई 25 तारीख तक के लिए स्थगित कर दी गई थी। विधानसभा की कार्यवाई शुरू होने से पहले 26 तारीख को सुबह 10 बजे कार्यमंत्रणा समिति की बैठक होगी। इस बैठक में सदन की बाकी अवधि के दौरान कार्यवाई पर मंत्रणा होगी। बताया गया कि विधानसभा की कार्यवाई 26 तारीख को ही खत्म करने पर सहमति बन सकती है। सूत्रों के मुताबिक इसको लेकर सरकार में प्रारंभिक चर्चा हो चुकी है। चूंकि बजट अनुदान मांगों पर चर्चा होना बाकी है और इसको पारित कराने के लिए गिलोटिन की प्रक्रिया अपना सकती है।चर्चा के अंतिम दिन विधानसभा अध्यक्ष मंत्रालयों की सभी शेष मांगों को मतदान के लिए पेश कर देते हैं। भले ही उन पर चर्चा हुई हो अथवा नहीं, इस प्रक्रिया को गिलोटिन कहते हैं।

रायपुर शहर चारों दिशाओं से किया गया सील

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। रायपुर में कोरोना का प्रकोप रोकने के लिए राजधानी पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद हो चुकी है। शहर के बार्डर को पूरी तरह से सील कर दिया गया है। शहर में किसी को भी प्रवेश करने की इजाजत नहीं दी जा रही है और न ही शहर से किसी को बाहर जाने दिया जा रहा है। राजधानी रायपुर की सीमा को पूरी तरह से सील कर दिया गया है। रायपुर के टाटीबंध चौक, भनपुरी तिराहा, धरसींवा, जीरो प्वाइंट, तेलीबांधा चौराहा, माना बस्ती, टाटीबंध चौक, महादेवघाट, अमलेश्वर चौक, रायपुरा चौक आदि को सील कर दिया गया है। इन मार्गों में किसी भी प्रकार से आवागमन को प्रतिबंधित कर दिया गया है। स्थानीय लोगों को भी आवाजाही की इजाजत नहीं दी जा रही है। बेवजह सड़कों पर घूम रहे लोगों पर भी पुलिस ने अब सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। शहर में आज कई चौराहों पर पुलिस की सख्ती देखने को मिली। पुलिस ने बाइकर्स पर भी सख्ती बरतते हुए सड़क पर घूम रहे लोगों को खदेड़ा गया। शहर में बेवजह दुकान खोलकर बैठे दुकानदारों को भी समझाइश देकर दुकान बंद कराया गया है। केवल राशन, अनाज भंडार, मिल्क पार्लर, दवाई दुकान, मेडिकल स्टोर्स, अस्पताल, नर्सिंग होम आदि को छूट दी गई है।

शहर में प्रवेश और निकासी के सभी मार्ग बंद

धारा 144 का उल्लंघन करने पर सीधे जाना होगा जेल

कोरोना वायरस संक्रमण पर नियंत्रण रखने के लिए राज्य सरकार ने कड़ाई बरतनी शुरू कर दी है। राज्य में लॉक डाउन 31 मार्च तक लागू है, वहीं सड़कों पर बिना वजह घूमने वालों से पुलिस कड़ाई से निपट रही है। राजधानी के साथ ही प्रदेशभर में पुलिस ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। रायपुर के बाद बिलासपुर और रायगढ़ में पुलिस ने सड़कों पर बेवजह घूमने वालों पर सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। यह जरूरी भी है, इस बीमारी को रोकने के लिए यह जरूरी भी है कि लोगों के बीच सामाजिक दूरी बरकरार रहे। इधर राजधानी रायपुर में शहर में प्रवेश करने वाले सभी रास्तों पर बेरिकेट्स लगा दिया गया है। लोगों को शहर प्रवेश करने तथा बाहर निकालने के लिए वैध कारण पूछा जा रहा है। मेडिकल इमरजेंसी को छोड़कर सामान्य कामकाज से निकलने वालों को बाहर जाने नहीं दिया जा रहा है और इसी तरह शहर प्रवेश करने भी नहीं दिया जा रहा है। एक तरह से शहर को पूरी तरह से बंद रखा गया है। पुलिस की इस सख्ती का लाभ यही होगा कि इस बीमारी को फैलने का मौका ही नहीं मिलेगा।

कोरोना वायरस की चैन को तोड़ने के लिए जरूरी है सोशल डिस्टेंसिंग

- एम्स प्रबंधन ने चिकित्सकों और कर्मचारियों को किया जागरूक
- अगले दो से तीन हफ्ते होंगे महत्वपूर्ण, लॉक डाउन आवश्यक
- चिकित्सकों, नर्सिंग स्टॉफऔर अन्य कर्मचारियों की भूमिका महत्वपूर्ण

रायपुर। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के चिकित्सकों, नर्सिंग स्टॉफ और अन्य कर्मचारियों को कोरोना वायरस की चुनौती से जूझने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रमुख चिकित्सकों ने इनके साथ संवाद किया। इस अवसर पर अगले दो से तीन हफ्तों में कोरोना वायरस को स्टेज टू से स्टेज थ्री तक जाने से रोकने को बड़ी चुनौती बताया गया और सभी का आह्वान किया गया कि वे सोशल डिस्टेंसिंग को अपनाएं जिससे वायरस के फैलाव को रोका जा सके। निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने कहा कि एम्स के कोरोना वायरस के खिलाफ चल रहे संघर्ष में चिकित्सकों, नर्सिंग स्टॉफ, गार्ड और सफाई कर्मचारियों सहित सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है। इन्हें खुद को वायरस से बचाते हुए संदिग्ध रोगियों का उपचार करना है। उन्होंने सभी से कोरोना वायरस से बचाव के लिए सभी उपाय अपनाते हुए इलाज करने का संदेश दिया। उनका कहना था कि कोरोना वायरस को स्टेज टू से स्टेज थ्री तक जाने से रोकने के लिए सोशल डिस्टेंसिंग और लॉक डाउन की आवश्यकता है। समाज के सभी वर्गों को इसमें सहयोग के लिए आगे आना चाहिए। प्रो. नागरकर ने कहा कि एम्स इलाज के लिए पूरी तरह से तैयार है। ओपीडी बंद करने के बाद जो संसाधन बच रहे हैं उन्हें आयुष भवन में कोरोना वायरस के लिए तैनात किया जा रहा है। वीआरडीएल लैब दिन-रात टेस्ट करके रिपोर्ट प्रदान कर रही है। ऐसे में घबराने की आवश्यकता नहीं है, जागरूक रहने की आवश्यकता है। चिकित्सा अधीक्षक प्रो. करन पीपरे ने कम समय में आइसोलेशन वार्ड बनाने और कोरोना वायरस के संदिग्ध मरीजों को सभी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रो. नागरकर के निर्देशन में कार्य कर रही टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि 60 से अधिक चिकित्सक और कर्मचारी तीन शिफ्ट में कोरोना वायरस के लिए बने आइसोलेशन वार्ड में तैनात कर दिए गए हैं। प्रो. एस.पी. धनेरिया ने कोरोना वायरस के इलाज के लिए अपनाई जा रही चिकित्सा पद्धतियों के तकनीकी पहलुओं के बारे में बताया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में चिकित्सक और तकनीकी कर्मचारी उपस्थित थे।

निर्देश स्वास्थ्य सचिव ने सभी कलेक्टरों, पुलिस अधीक्षकों और सीएमएचओ के साथ कोविड-19 के नियंत्रण के उपायों की समीक्षा की

क्वारेंटाइन में रह रहे लोगों पर रखें कड़ी नजर

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए चर्चा कर दिए आवश्यक निर्देश

रायपुर (नव प्रदेश)। स्वास्थ्य विभाग की सचिव श्रीमती निहारिका बारिक सिंह ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से चर्चा कर कोविड-19 का संक्रमण रोकने किए गए उपायों की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के क्वारेंटाइन सेंटर्स और होम-क्वारेंटाइन में रह लोगों की लगातार निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने क्वारेंटाइन के मानकों और दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करवाने कहा। स्वास्थ्य सचिव ने सभी जिलों को 3-प्लाई और एन-95 मास्क तथा पी.पी.ई. (Personal Protection Equipment) का जरूरत के मुताबिक ही सावधानीपूर्वक इस्तेमाल करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने डॉक्टरों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए पर्याप्त संसाधन सुरक्षित रखने कहा। उन्होंने जिले की मौजूदा स्वास्थ्य सेवाओं और मेडिकल स्टॉफ की उपलब्धता की समीक्षा कर कोविड-19 का संक्रमण रोकने तथा इलाज की सभी तैयारियां रखने के बारे में भी आवश्यक निर्देश दिए।

श्रीमती सिंह ने कहा कि आई.सी.एम.आर. (इ्रुत्रस्नद्बड्ड ष्टश्रह्वठ्ठष्द्बद्य श्ड्ड रूद्गस्रद्बष्ड्डद्य ङ्गद्गह्यद्गड्डह्मष्द्ध) के दिशा-निर्देशों के मुताबिक प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा सैंपलों की जांच की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने दिशा-निर्देशों के अनुसार सैंपल संकलित करने के साथ ही जिनका सैंपल भेजा जा रहा है, उनके बारे में पूरी जानकारी भी निर्धारित प्रारूप में भेजने कहा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम भेजकर पूरी सावधानी के साथ सैंपल संकलित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य सचिव ने मास्क के उपयोग के बाद मानकों के अनुसार इसका समुचित डिस्पोजल सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

स्वास्थ्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बताया कि कोरोना वायरस का समुदाय में फैलाव रोकने टीम बनाकर व्यापक स्क्रीनिंग की जाएगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अगुवाई में इसके लिए स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, नगरीय प्रशासन, स्कूल शिक्षा विभाग और चिप्स के अधिकारियों-कर्मचारियों की टीम बनाई जाएगी। उन्होंने दूसरे राज्यों की सीमा से सटे जिलों के पुलिस अधीक्षकों को अंतर्राज्यीय आवाजाही पर खास निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि दूसरे राज्यों से लौटकर आ रहे स्थानीय ग्रामीणों की जिला अस्पताल, सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्क्रीनिंग कर अमिट स्याही से मार्किंग की जा रही है। उन्हें होम-क्वारेंटाइन में रहने और इसका कड़ाई से पालन करने कहा जा रहा है।

स्वास्थ्य सचिव ने पुलिस से धारा-144 और लॉक-डाउन के चलते स्वास्थ्य कर्मियों, सर्विलेंस टीमों, अस्पतालों और मेडिकल सुविधा से संबंधित वाहनों को निर्बाध यातायात की अनुमति देने कहा है। उन्होंने स्वास्थ्य और मेडिकल उत्पादों के निर्माण से जुड़े कार्यों को बंद नहीं करवाने भी कहा है। खाद्य एवं औषधि नियंत्रक श्री एस.एन. राठौर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बताया कि दो स्थानीय निर्माताओं द्वारा सैनिटाइजर की आपूर्ति शुरू कर दी गई है।

प्रिंट-इलेक्ट्रानिक मीडिया के निरंतर संचालन के लिए कलेक्टर-एसपी को पत्र जारी

नव प्रदेश संवाददाता

- शहर बंद के दौरान मीडिया कर्मियों को हो रही दिक्कत
- आयुक्त जनसंपर्क ने प्रदेश के समस्त कलेक्टर, एसपी को लिखा पत्र

रायपुर। कोरोना वायरस के प्रकोप के लिए जहां राज्य सरकार हर संभव कोशिश कर रही है तो वहीं ऐसी विकट स्थिति में भी मीडिया अपने कर्तव्यों का सही ढंग से पालन कर रही है। वर्तमान स्थिति में मीडिया कर्मियों को होने वाली असुविधा को देखते हुए अब आयुक्त जनसंपर्क तारण प्रकाश सिन्हा ने प्रदेश के समस्त कलेक्टर, पुलिस अधीक्षकों को एक पत्र जारी कर मीडिया कर्मियों को उनके दायित्व निर्वहन के दौरान कोई परेशानी न हो, इसके लिए पत्र जारी कर मीडिया कर्मियों को कर्फ्यू में छूट देने का अनुरोध किया है।

छत्तीसगढ़ शासन कोरोना वायरस के प्रकोप को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है। कोरोना वायरस के बचाव के बारे में लोगों को समुचित जानकारी देने में समाचार पत्र, टीवी चैनल, समाचार एजेंसियां, मल्टीसिस्टम ऑपरेटर, केबल ऑपरेटर एवं एफएम रेडियो आफ सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह न केवल लोगों में जागरूकता पैदा करने और महत्वपूर्ण संदेश देने के लिए अपितु देश को नवीनतम स्थिति से अपडेट रखने के लिए भी आवश्यक है। इस समय झूठी और फेक खबरों से बचने की जरूरत है और सकारात्मक और प्रेरणा देने वाली खबरों को बढ़ावा देने की जरूरत है। यह सभी समाचार माध्यम इसे सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस महत्वपूर्ण समय में सूचना तंत्र के निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करना आवश्यक है, इसके लिए समाचार पत्र प्रिंटिंग, वितरण, टीवी चैनल का संचालन और केबल आपरेटर के माध्यम से प्रसारण, एफएम रेडियो संचालन तथा समाचार एजेंसियां इन सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए अनुरोध किया जाता है। यदि जिले में कोई प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं तो कृपया उपरोक्त सेवाओं को इससे छूट प्रदान की जाए या ऐसी उपयुक्त व्यवस्था की जाए जिससे उन्हें कार्य करने में सुविधा हो।

संपादकीय

क्या कर्फ्यू से ही मानेंगे लोग

भारत में कोराना वायरस से संक्रमित लोगो की संख्या में तेजी के साथ वृद्धि हो रही है। अब तक देश में 500 से अधिक लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हो चुके है वहीं 10 लोगों की मौत हो गई है। जाहिर है आगे चल कर हालात और ज्यादा खराब हो सकते है। आधे देश में लॉकडाउन किसा जा चुका है इसके बावजूद लोग घरों में रहने लिए तैयार ही नहीं है। सरकार की नसीहतों और प्रशासन के निर्देशों को ठेंगा दिखाते हुए लोग अनावश्यक रूप से सड़कों पर निकल रहे है और अपने साथ साथ अपने घर परिवार के और आसपास के लोगों के लिए खतरा पैदा कर रहे है। यही वजह है कि महाराष्ट्र और पंजाब सहित देश के पांच राज्यों में कर्फ्यू लगाने की नौबत आ गई है। कई प्रदेशों के कुछ जिलों में भी कर्फ्यू लगाना पड़ गया है। प्रधानमंत्री और विभिन्न प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के बार बार अनुरोध करने पर भी लोग ऐहतियात बरतने को तैयार नहीं है। यही स्थिति बनी रही और लोग शासन प्रशासन के निर्देशों का उल्लंघन करते रहे तो पूरे देश में कर्फ्यू लागू करने की नौबत आ जाएगी। इसके बाद भी अगर लोग बेवकूफी दिखाने से बाज नहीं आए तो सरकार को मार्शल लॉ लगाकर देखते ही गोली मरने के आदेश भी जारी करने पड़ सकते है। लागों को चाहिए कि सरकार को ऐसे कड़े कदम उठाने के लिए बाध्य न करे अपने घरों में ही रहें और बहुत आवश्यक होने पर ही पूरी सुरक्षा के साथ घर से बाहर निकले लोगों को यह समझना चाहिए कि चीन, इटली, ब्रिटेन, फ्रांस और अमेरिका जैसे शक्तिशाली देश कोरोना के खिलाफ जंग करने में असमर्थ सिद्ध हो रहे है। ऐसी स्थिति में यदि भारत मे कोरोना वायरस और ज्यादा फैल गया और स्टेज - 3 पर पहुंच गया तो देश में भयावह स्थिति निर्मित हो जाएगी जिसपर काबू पाना असंभव की हद तक कठिन हो जाएगा। बेहतर होगा कि लोग जागरूकता का परिचय दें सरकारी निर्देशों का ईमानदारी पूवर्क पालन करें और कोरोना के खिलाफ सरकार की लड़ाई में अपनी सहभागिता दर्ज कराएं तभी हम कोरोना को हराकर अपने देश को एक बड़े संकट से बचाने में कामयाब हो पाएंगे।

विचार

कोरोना से डरो ना !

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

जनता-कर्फ्यू तो सिर्फ इतवार को था, लेकिन आज सोमवार को भी वह सारे देश में लगा हुआ मालूम पड़ रहा है। मेरा घर गुड़गांव की सबसे व्यस्त सड़क गोल्फकोर्स रोड पर है लेकिन इस सड़क पर आज भी हवाइयां उड़ रही हैं। घर के पास से गुजरनेवाली रेपिड मेट्रो तो बंद ही है, सड़क पर वाहन दौड़ते हुए भी नहीं दिखाई पड़ रहे हैं। यह ठीक है कि हरयाणा सरकार ने तालाबंदी (लॉकडाउन) घोषित कर दी है लेकिन यहां न तो ताला दिखाई पड़ रहा है और न ही चाबी! सड़क के कोने पर लगनेवाले सब्जी और फलों के ठेले तक नदारद हैं। खाने-पीने की चीजों की दुकानें भी अभी (दोपहर 12 बजे) तक बंद हैं। तालाबंदी ने जिन्हें छूट दे रखी है, वे लोग भी घर बैठे हैं। कितने डर गए हैं, हम लोग ? जो लोग दिहाड़ी मजदूरी करते हैं, यदि रोज शाम को उन्हें 200-250 रु. मजदूरी न मिले तो वे खाएंगे क्या ? ऐसे लगभग 60-70 करोड़ लोगों के लिए 10-15 दिन बाद क्या कोरोना से भी बड़ा संकट खड़ा नहीं हो जाएगा ? कारखाने और दुकाने बंद होने से देश में आर्थिक आपात्काल आ धमकेगा। केरल और उत्तरप्रदेश की सरकारों ने उससे निपटने के कुछ कदम उठा लिए हैं लेकिन केंद्रीय तथा अन्य प्रांतीय सरकारें देरी क्यों कर रही हैं ? कोरोना के विरुद्ध हम जो सावधानियां बरत रहे हैं, वे तो ठीक हैं लेकिन सावधानियों से जो संकट खड़े होनेवाले हैं, उनके प्रति भी हम सावधान हैं या नहीं ? खाने-पीने की चीजें एक हफ्ते बाद इतनी मंहगी और कम हो जाएंगी कि देश में कहीं लूट-पाट का माहौल न बन जाए ? जिन लोगों को पढ़ने-लिखने, टीवी पर सिनेमा देखने, संगीत सुनने और घरेलू खेल खेलने का शौक नहीं है, वे घर बैठे-बैठे कहीं उदासीनता के अवसाद में न डूब जाएं ? कोरोना का डर इतना ज्यादा फैल गया है कि लोग एक-दूसरे को फोन करने में भी कोताही दिखा रहे हैं। कल मेरे पास मुश्किल से 8-10 फोन आए, जो कि रोजमर्रा की तुलना में 10 प्रतिशत भी नहीं हैं। आजकल घर बैठकर वैसा ही एकांत अनुभव हो रहा है, जैसा 60-70 साल पहले हम किन्हीं हिल स्टेशनों के जंगलों में बनी कुटियाओं में किया करते थे। आजकल स्वाध्याय और मौन-साधना का आनंद अनायास ही प्राप्त हो रहा है। लेकिन सभी लोग तो ऐसा आनंद नहीं कर सकते। वे क्या करेंगे ? वे डरे नहीं। तालाबंदी खुलने पर वे काम पर जाएं। भीड़-भड़क्के से बचें। लोगों से दूरी बनाए रखें। सावधान रहें। सरकारें भी कोरोना के राक्षस से निपटने की पूरी तैयारी रखें। अब एक साथ खड़े होकर ताली और थाली बजाना बंद करें। कहीं यह देश को मंहगा न पड़ जाए।

वर्क फ्रॉम होम: अपना स्पेस तलाशें

अभी तक एक व्यक्ति के लिए नौकरी करने का मतलब था, एक नियत समय पर तैयार होकर एकाध घंटे की यात्रा करके ऑफिस पहुंचना, वहां अपना निर्धारित काम करना और कुल आठ-दस घंटे बाद घर लौटना। कोरोना वायरस से बचने के लिए कई नौकरियों में वर्क फ्रॉम होम का तरीका निकाला गया है। यानी दफ्तर से किए जाने वाले काम घर से ही कर लिए जाएं।

लॉकडाउन की गम्भीरता को समझना होगा

राजेश माहेश्वरी

> कोरोना संक्रमितों के आंकड़े लगातार बढ़ रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार केंद्र वैसा हर कार्य कर रहा है, जो वह कर सकता है। लेकिन, लोगों द्वारा गैरजिम्मेदार ढंग से व्यवहार करते हुए देखना दुखद ही है। सहयोग बहुत महत्वपूर्ण है। सामाजिक दूरी बरतना एकमात्र वैसा असरदार उपाय है, जो इस वायरस को बढ़ने से रोक सकता है। पर हम आज भी लोगों को यात्राएं करते हुए देख रहे हैं और सड़कों पर भीड़भरी आवाजाही बदस्तूर जारी है। इसे रुकना ही चाहिए। प्रत्येक देशवासी को यह समझना होगा कि ये संकट का समय है, ये आपदा का वक्त है। ऐसे में संयम बरतकर ही इससे निपटा जा सकता है। सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। और एक जिम्मेदार नागरिक के नाते हमें संकट काल में पूर्ण संयम एवं अनुशासित व्यवहार का परिचय देना चाहिए।

बीती 22 तारीख को प्रधानमंत्री के आह्वान पर देशभर में जनता कर्फ्यू रहा। इस संकट के समय में देशसेवा में लगे डॉक्टरों, पुलिस कर्मियों, सफाई कर्मचारियों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं अन्यों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए इसी दिन शाम पांच बजे पांच मिनट तक देशवासियों ने थाली, ताली, शंख, घंटी अपने-अपने तरीके से बजाई। समस्त देशवासी संकट काल में कार्यरत लोगों के प्रति अति कृतज्ञ दिखाई दिये। जनता कर्फ्यू लगाने के पीछे मंशा यही थी कि लोग कम से कम संख्या में घरों से बाहर निकले। सार्वजनिक स्थलों पर भीड़-भाड़ कम से कम हो। लेकिन जनता कर्फ्यू की निर्धारित अवधि समाप्त होते ही काफी संख्या में लोग सड़कों दिखाई दिये। सरकार व स्थानीय प्रशासन ने जरूरी सेवाओं को खुला रखा है। लेकिन सरकार व पुलिस-प्रशासन के आग्रह के बावजूद लोग दिशा-निर्देशों के पालन में घोर लापरवाही बरत रहे हैं। लोगों के असंयमित व्यवहार को देखते हुए सरकार को कई राज्यों में लॉकडाउन करना पड़ा। पंजाब और महाराष्ट्र सरकार ने अपने राज्यों में कर्फ्यू लगा दिया है। साथ ही, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने इस महामारी से निपटने के लिए राज्य में सेना बुलाने के संकेत भी दिये। लेकिन देशवासी स्थिति की गंभीरता को समझने को तैयार नहीं है।

जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना वायरस से निपटने के लिए उपाय के तौर पर जनता कर्फ्यू का आह्वान किया तो, कुछ लोगों ने इसका उचित अर्थ न समझते हुए रोजमर्रा के प्रयोग में आने वाली चीजों की जमाखोरी करना शुरू कर दी, जबकि जनता कर्फ्यू का मतलब है कि ये कर्फ्यू जनता का खुद पर लगाया गया एक प्रतिबंध था। इसके लिए पुलिस या सुरक्षाबलों की तरफ से कोई भी पाबंदी नहीं लगाई गइ। लोग खुद ही अपने काम टाल सकते हैं और घर से बाहर निकलने से बचें, जबकि जो लोग आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराते हैं वे घर से काम के लिए निकल सकते हैं। वैसे ही लॉकडाउन का मतलब स्वयं अनुशासित और संयमित रहना है।

कोरोना वायरस तेजी से भारत में पैर पसार रहा है। हालात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि देश के 30 राज्यों के कुल 548 जिलों में पूर्ण और आंशिक लॉकडाउन किया जा चुका है। करीब 100 करोड़ आबादी इसके दायरे में है। लॉकडाउन के बावजूद यह दावा नहीं किया जा सकता कि कोरोना वायरस तीसरे चरण में नहीं पहुंचेगा। वायरस का सामुदायिक प्रसार नहीं होगा। वह चरण ही भारत के लिए जानलेवा साबित होगा, क्योंकि हमारे पास इलाज की व्यवस्था नहीं है। करीब 138 करोड़ के देश में सिर्फ30,000 के करीब वेंटिलेटर ही हैं। कई चिकित्सा विशेषज्ञों ने आगाह किया है कि यह बीमारी अभी बढ़ेगी, लिहाजा मौतें भी स्वाभाविक हैं, क्योंकि स्थानीय संक्रमण जारी है।

दुनिया के सभी 195 देश कोरोनावायरस की चपेट में आ चुके हैं। इससे 16,558 लोगों की मौत हो चुकी है। 3 लाख 78 हजार 842 संक्रमित हैं। 1 लाख 2 हजार मरीज स्वस्थ भी हुए हैं। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, चीन सबसे ज्यादा प्रभावित हुबेई प्रांत समेत वुहान से यात्रा प्रतिबंध हटाएगा। चीन के अधिकारी वुहान में लगभग दो महीनों से चल रहे लॉकडाउन को 8 अप्रैल को हटा देंगे। शिन्हुआ न्यूज एजेंसी के मुताबिक, हुबेई प्रांत के स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने वुहान समेत पूरे राज्य में आवाजाही पर प्रतिबंध को आसान बनाने का फैसला किया है। 23 जनवरी को पूरे शहर को लॉकडाउन कर दिया गया था। दरअसल भारत में लॉकडाउन देरी से घोषित किए गए हैं। अब भी लगभग आधे देश में लॉकडाउन लागू नहीं किया गया है। चूंकि राज्यों में सेवाओं, फैक्ट्रियों, निर्माण कार्यों को बंद अभी दो दिन पहले ही किया गया है, लिहाजा उनसे जुड़े मजदूर और अन्य लोग अपने गांवों को लौट गए हैं। जिस तरह यह जमात रेलगाड़ियों में ठुंसकर बैठी और यात्रा की, उससे आशंका पुख्ता होती है कि संक्रमण का सामुदायिक विस्तार होगा या हो रहा है। फिल्मी गायिका कनिका कपूर की महफिलों और कोरोना के संक्रमण को अभी हम नहीं भूले हैं। बेशक 63 लोगों के टेस्ट नेगेटिव आए हैं, लेकिन अभी 120 टेस्ट के नतीजे आने हैं। प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डा. नरेश त्रेहन ऐसे लोगों को 'देशद्रोही' करार देते हैं, क्योंकि सामुदायिक प्रसार का संकटमय खतरा उन्हीं से गहराता है। ऐसे कई मामले पंजाब, उत्तर प्रदेश और बिहार आदि राज्यों में सामने आए हैं। पंजाब में तो लॉकडाउन के बाद पूर्ण कर्फ्यू भी लागू कर दिया गया है। पुडुच्चेरी में भी कर्फ्यू घोषित किया गया है। कर्फ्यू में कोई ढील नहीं दी जाएगी। विशेष स्थितियां अपवाद हो सकती हैं। इटली, अमरीका, ब्रिटेन में हालात इसलिए भयानक हुए, क्योंकि उन देशों ने या तो लॉकडाउन नहीं किया अथवा देर से किया। नतीजतन इटली में मौत का आंकड़ा 5500 पार कर चुका है। अमरीका में भी करीब 400 मौतें हो चुकी हैं। भारत में भी लॉकडाउन व्यापक स्तर पर किया जा रहा है, ताकि व्यक्ति-दर-व्यक्ति कोरोना वायरस न फैल सके।

भारत में कोरोना की गिरफ्त में 511 से ज्यादा केस दर्ज किए जा चुके हैं और मौतें भी 10 हो गई हैं। डाक्टरों का मानना है कि इन आंकड़ों से हकीकत को नहीं जान सकते। अभी कई जांच के नतीजे आने हैं, लिहाजा संक्रमण के आंकड़े भी बढ़ेंगे। आगामी 15 दिन देश के लिए बेहद नाजुक हैं। शायद इसी के मद्देनजर संसद का बजट सत्र तय वक्त से पहले स्थगित किया गया है। दिल्ली हाईकोर्ट 4 अप्रैल तक बंद रहेगी। सर्वोच्च न्यायालय कुछ अहम मामलों की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ही करेगा। वकीलों के चैंबर सील करने का भी निर्णय लिया गया है। शीर्ष अदालत ने जेल में सजा काट रहे कुछ कैदियों को परोल देने का भी फैसला दिया है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख टेड्रोस गेब्रियिसोस ने सोमवार को कहा कि कोरोनावायरस महामारी तेजी से बढ़ रहा है। हालांकि, हम इसकी ट्रैजेक्टरी को बदल सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसके पहले मामले से एक लाख तक पहुंचने में 67 दिन का समय लगा है। दो लाख पहुंचने में 11 दिन और दो से तीन लाख पहुंचने में केवल चार दिन का समय लगा है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी चिंता और गुस्सा जताया है कि अब भी लोगों ने लॉकडाउन को गंभीरता से नहीं लिया है। कृपया करके वे खुद को बचाएं और परिवार को भी बचाएं। राज्य सरकारें सख्ती से इसका पालन कराएं। प्रधानमंत्री ने टीवी चैनलों के मालिकों, समूह संपादकों और पत्रकारों से भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बातचीत की। यूपी में नोएडा पुलिस ने धारा 144 तोड़ने के आरोप में 96 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही 1995 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गयी हैं। जनता पुलिस-प्रशासन को सख्ती बरतने पर मजबूर कर रहे हैं। जाहिर है कि हालात सामान्य नहीं हैं। *(लेखक राज्य मुख्यालय पर*

सबकी सुख समृद्धि के लिए होता है नवसंवत्सर

> शून्य की खोज हो चाहे नक्षत्रों की खोज, गणित का क्षेत्र हो या खगोल का, आध्यात्म का ज्ञान हो या ज्योतिष, भारतीय दर्शनशास्त्र हो या अर्थशास्त्र इसकी वैज्ञानिकता आज भीअचंभित करने वाली है। इस बात का प्रमाण भारतीय कालगणना है जिसे आज अकाट्यमानकर नासा में इस पर खोज हो रही है। और इसी कालगणना के आधार पर जब हिन्दूनववर्ष का आगमन होता है तो इसकी वैज्ञानिकता का प्रमाण इससे अधिक क्या होसकता है कि केवल मानव मात्र इसे एक उत्सव के रूप में नहीं मनाता अपितुप्रकृति भी इस खगोलीय घटना के स्वागत को आतुर दिखाई देती है।

जो सभ्यता अपने इतिहास पर गर्व करती है, अपनी संस्कृति को सहेज कर रखती है और अपनी परंपराओं का श्रद्धा से पालन करके पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाती है वो गुज़रते वक्त के साथ बिखरती नहीं बल्कि और ज्यादा निखरती जाती है। जब चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा के सूर्योदय के साथ सम्पूर्ण भारत के घर घर में लोग अपने इष्टदेवी देवता का अपनी अपनी परंपरा अनुसार पूजन करके नवसंवत्सर का स्वागत कर रहे होते हैं, तो विश्व इस सनातन संस्कृति की ओर कौतूहल से देख रहा होता है। क्योंकि कश्मीर से कन्याकुमारी और गुजरात से पूर्वोत्तर तक लोग इस दिन को उगादि, नवरेह, नवरात्र, गुढ़ी पड़वा, जैसे त्योहारों के रूप में मना रहे होते हैं, पावन नदियों की पूजा कर रहे होते हैं।

मंदिरों में मंत्रोच्चार के साथ शंखनाद और घंटनाद चल रहा होता है, तो यह पूजन अपने लिए नहीं होता। क्योंकि अपने लिए जब मनुष्य पूजा करता है तो अकेले कर लेता है कभी भी कर लेता है कहीं भी कर लेता है, कैसे भी कर लेता है। कभी करता है, कभी नहीं भी करता। लेकिन चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पहलीतिथि को वो केवल जीवन जीता ही नहीं है, वो इस दिन को मनाता भी है। इस दिन वो कृतज्ञता प्रकट करता है उस प्रकृति के प्रति जिसने उसके खेतों को फसलों से भर दिया वो आभार व्यक्त करता है उन फसलों का जो उसकी खुशहाली का प्रतीक हैं वो शुक्रिया अदा करता है उस सृष्टि का जिसने उसे इतना कुछ दिया, और वोनतमस्तक होता है उस परम पिता परमेश्वर के आगे जो इस सृष्टि का पालनहार है।और इसलिए यह पूजन उसके खुद के लिए न होकर सम्पूर्ण सृष्टि के लिए होता है, प्रकृति के लिए होता है, मानव समाज के लिए होता है, पशुओं के लिए होता, पक्षियों के लिए होता है, फल देने वाले पेड़ों के लिए होता है, फसलों पौधोंके लिए होता, सबकी सुख समृद्धि के लिए होता है। और चूंकि अच्छी फसल पर केवलवो किसान ही नहीं निर्भर होता जिसने खेतों में साल भर मेहनत की होती है बल्किहम सभी निर्भर होते हैं। इस लिए यह दिन एक त्यौहार बन जाता है जिसमें मनुष्य बीते हुए साल के लिए कृतज्ञता प्रकट करता है तो आने वाले साल के लिए आशीर्वादकी मंगलकामना करता है। सालों से चलने वाली यह परंपरा हर भारतीय घर कीसंस्कृति का हिस्सा है। शायद इसलिए पूरी दुनिया के साथ मौज मस्ती करते हुएझूमते नाचते हुए हम भारतीय भी भले ही पहली

जनवरी को न्यू ईयर पार्टी मेंजाते हों, लेकिन नववर्ष तो अपने इष्टदेव के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ ही मानते हैं। तारीखें देखने के लिए भले ही अंग्रेजी कैलेंडर लाते हों लेकिन तिथियाँ तो पंचांग में ही देखते हैं। जन्म से लेकर मृत्यु ,गृह प्रवेश से लेकर भूमिपूजन, मुंडन से लेकर विवाह तक शुभ मुहूर्त तो विक्रम संवत से ही निकालतें हैं।

उज्जैन के राजा विक्रमादित्य द्वारा ईसाई युग से 57 साल पहले विक्रम संवत शुरू किया गया था जिसकी वैज्ञानिकता के आगे आज भी आधुनिक विज्ञान बहुत बौना साबित होता है। दरअसल जब पश्चिमी सभ्यता में गैलेलियो को उनकी खोजों के लिए सज़ा दी जा रही थी तब भारत ब्रह्मांड के रहस्य दुनिया के सामने खोलते जा रहा था। जब पश्चिमी सभ्यता में एक हज़ार से ऊपर की गणना का ज्ञान नहीं था, तब भारत को गणित की विराटतम संख्या तल्लाक्षण का भी ज्ञान था। तल्लाक्षण अर्थात एक के आगे त्रेपन शून्य से निर्मित संख्या। ललित विस्तार नामक ग्रंथ में तल्लाक्षण की व्याख्या करते हुए कहा गया है, ÷सौ करोड़ यानी एक अयुत,सौ अयुत यानी एक नियुत, सौ नियुतयानी एक कंकर,सौ कंकर यानी एक सर्वज्ञ,सौ सर्वज्ञ यानी एक विभूतंगमा और सौ विभूतंगमा का मान एक तल्लाक्षण के बराबर होता है।

शून्य की खोज हो चाहे नक्षत्रों की खोज, गणित का क्षेत्र हो या खगोल का, आध्यात्म का ज्ञान हो या ज्योतिष, भारतीय दर्शनशास्त्र हो या अर्थशास्त्र इसकी वैज्ञानिकता आज भीअचंभित करने वाली है। इस बात का प्रमाण भारतीय कालगणना है जिसे आज अकाट्यमानकर नासा में इस पर खोज हो रही है। और इसी कालगणना के आधार पर जब हिन्दूनववर्ष का आगमन होता है तो इसकी वैज्ञानिकता का प्रमाण इससे अधिक क्या होसकता है कि केवल मानव मात्र इसे एक उत्सव के रूप में नहीं मनाता अपितुप्रकृति भी इस खगोलीय घटना के स्वागत को आतुर दिखाई देती है। महीनों सेखामोश कोयल कूकने लगती है, पक्षी चेहचहाने लगते हैं, पेड़ नए पत्तों से सजजाते हैं, बगीचे रंग बिरंगे फूलों से खिलखिला उठते हैं, पूरी धरती लाल, पीली, हरी चुनरी ओढ़कर इठला रही होती है, और सर्द मौसम वसंत की अंगड़ाई ले रहा होता है। क्या पौधे क्या जानवर सभी एक नई ऊर्जा एक नई शक्ति का अनुभव कर रहे होते हैं। ऐसे में शक्ति की उपासना के साथ नवसंवत्सर के स्वागत से बेहतर और क्या हो सकता है। यही सनातन संस्कृति और परंपराएं हमारी पहचान हैं।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जो बोल रहे थे

जो बोल रहे थे कि मोदी ने क्या किया बस शौचालय बनवाये हैं ।?? आज समझे होंगे शौचालय की क़ीमत वरना सभी घर वालो को एक ही तगारे में जाना पड़ता और हद तो जब होती के पुलिस बाहर फैंकने भी नहीं देती ????

- आशा पाण्डेय ओझा

देश कोरोना से देखो

देश कोरोना से1 देखो लड़ रहा है। आदमी इस वायरस से मर रहा है। आ गया कैसे यहाँ यह रोग घातक, आदमी ही आदमी से डर रहा है। रोक दे इसको दवा कोई नहीं क्या, देश हर यह प्रश्न बेबस कर रहा है। क्या मिला ऐ चीन ऐसे काम से अब, शख्स हर मासूम शूली चढ़ रहा है। खौफमें ही जी रहा हर देश अब तो, कैद में हर शख्स खुद ही सड़ रहा है।

- मिथलेश सिंह

ख़ास पाती | सच कहा तुमने सुखनवर

सच कहा तुमने सुखनवर मर चुका है। शाइरी ज़िंदा है... शायर मर चुका है। अब नहीं दिखता कहीं भी सब्ज़ मंज़र अब मिरे ख्वाबों का मंज़र मर चुका है। अब तलक ज़िंदा रहा हूँ जिसके दम पर वह मिरे अंदर ही अंदर मर चुका है । जीत लेता था जो अक्सर दिल सभी का, आदमी था या पयंबर मर चुका है। भाई चारा अम्न का जो डाकिया था मुल्क से अब वो कबूतर मर चुका है। कुछ नहीं जाएगा अपने साथ राहुल बात ये कह कर सिकंदर मर चुका है। **- राहुल कुम्भकार**

पूरे देश में ही कर्फ्यू लगा दीजिए

पूरे देश में ही कर्फ्यू लगा दीजिए साहेब....अब डर लगने लगा है।लोग हद मचा दिये है, घर से बिना मास्क के निकल रहे है...चाट पकौड़ी खा रहे है।झुंड के झुंड सड़कों पर इकट्ठा होकर ताली थाली बजा रहे है। भाई मोदी जी ने कब कहा झुंड लेकर सड़कों पर निकल जाओ.....तथाकथित बुद्धिजीवीवर्ग अपना अलग राग ही अपना रहा है....तो भाई बड़ी मुश्किल से तो एक जान पाए है पिछले जन्मों के पुण्यप्रताप से....ऊपर से अभी सरकारी नौकरी का सुख भी नहीं उठा पाये है तो । **- डॉ समीक्षा पाण्डेय**

कई बार मरना है मरने से पहले

कई बार मरना है मरने से पहले ज़रा सोचलो इश्क़ करने से पहले ये किरदार मेरा तो ऐसा नहीं था इन अश्क़ों से धुल कर निखरने से पहले तमन्ना ए दिल ने नया ज़ख्म खाया पुराना कोई ज़ख्म भरने से पहले क़दम राहे उल्फ़त में हम ने रखा था जहां की नज़र से उतरने से पहले तुम्हारे बिना टूट जाऊंगी साजन सम्भालो मुझे तुम बिखरने से पहले 'जया' है अभी तो बहुत दूर मंज़िल ज़रा सोचलो तुम ठहरने से पहले। **- जया पाटिल**

हमारे देश की जनता लॉक डाउन मे

हमारे देश की जनता लॉक डाउन मैं भी घर से बाहर निकल रही है अनावश्यक रूप से बीमारी की गंभीरता को समझ नहीं रही है मोदी जी को चाहिए पूरे देश में कर्फ्यू लगा दे और जो कर्फ्यू तोड़ता है उसके ऊपर सख्त से सख्त कार्यवाही करें। **- सुभाष चंद्र सोनी**

भारत में शुरूआती दौर में करोना वायरस

भारत में शुरूआती दौर में करोना वायरस के मरीजों की संख्या 22-23थी जो अब बढ कर 496 हो चुकी है अगर अभी भी लोग नही माने तो वह दिन भी दूर नही जब हर घर मातम होगा तो कृपया अपने पैरों के तलुओं में जो पहिऐ चिपकाऐ है आप लोगों ने उन्हे निकाल कर अपने घर के कबाड में पटक देवें विनम्र निवेदन है????- **रेनु सक्सेना**

झपटें ऐसें नक्सली, जैसे गीदड़ बाज

झपटें ऐसें नक्सली, जैसे गीदड़ बाज ! हमने सत्तर साल में, ढूंढा नहीं इलाज !! यूं नोचे है देश को,वहशी नक्सलवाद! देता कष्ट शरीर को,जैसे हरदम दाद !! खेलें होली खून की,.....हरदम नक्सलवाद ! करना होगा ठोस अब, हमको कदम इजाद !! **- रमेश शर्मा**

तूफ़ान के हालात है, ना किसी सफर में

तूफ़ान के हालात है, ना किसी सफर में रहो पंछियों से है गुज़ारिश अपने शजर में रहो ईद के चाँद हो, अपने ही घरवालो के लिए ये उनकी खुशकिस्मती है, उनकी नज़र में रहो माना बंजारों की तरह, घूमे हो डगर डगर... वक़्त का तक़ाज़ा है अपने ही शहर में रहो तुम ने खाक़ छानी है, हर गली चौबारे की... थोड़े दिन की तो बात है, अपने घर में रहो। **- मोना सेन गुप्ता**

QUIZ TIME

1) रेलवे की पहली प्रिंटिंग प्रेस हेरिटेज गैलरी कहाँ खोली गई?

2) उत्तरी ध्रुव पर वाणिज्यिक उड़ान भरने वाली पहली भारतीय एयरलाइन कौन-सी एयरलाइन बन गई है?

3) किस सार्वजनिक बैंक ने एटीएम निकासी के लिए भारत की पहली ओटीपी सुविधा शुरू की है? (केनरा बैंक / यूनियन बैंक ऑफइंडिया)

4) किस देश ने रामायण के विषय पर एक विशेष डाक टिकट जारी किया है? (क) मलेशिया (ख) इंडोनेशिया (ग) थाईलैंड (घ) सिंगापुर

5) भारतीय सेना की पहली महिला जवान कौन है?

उत्तरमाला- (1) मुंबई के भायखला में (2) एयर इंडिया (3) केनरा बैंक (4) इंडोनेशिया (5) शांति तिग्गा

Ramaquiz

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 421 - इटली में वेनिस शहर की स्थापना। 1306 - रॉबर्ट ब्रूस को स्कॉटलैंड का नया राजा बनाया गया। 1700 - इंग्लैंड, फ्रांस और नीदरलैंड ने दूसरी उन्मूलन संधि पर हस्ताक्षर किये। 1807 - इंग्लैंड में सबसे पहले रेलवे यात्री सेवा की शुरुआत हुई। 1807 - ब्रिटेन की संसद ने दास व्यापार समाप्त कर दिया। 1821 - ग्रीस ने तुर्की से स्वतंत्रता हासिल की। 1898 - स्वामी विवेकानंद ने सिस्टर निवेदिता को अपने शिष्य के रूप में स्वीकार किया। 1905 - प्रसिद्ध भारतीय राजनेता मिर्जा राशिद अली बेग का जन्म। 1924- ग्रीक ने स्वयं को गणतंत्र घोषित किया। 1954- देश के पहले हेलिकॉप्टर एस-55 को दिल्ली में उतारा गया। 1987 - दक्षेस (सार्क) देशों का स्थायी सचिवालय नेपाल की राजधानी काठमांडू में खोला गया।

नाकेबंदी के बाद भी अचानक केरल से शहर पहुंच गए डेढ़ सौ मजदूर

■ स्टेशन में इनकी जांच के बाद जल्द वापस भेजने की तैयारी

बिलासपुर । कोरोना कोविड 19 वायरस से बचाव के लिए पूरे बिलासपुर को लॉक डाउन कर दिया गया है । यानी ना तो बिलासपुर से कोई बाहर जाएगा और ना बिलासपुर के भीतर कोई आएगा, लेकिन इसी बीच एक हैरान करने वाली खबर भी सामने आई है । जिला प्रशासन के हाथ पांव उस वक्त फूल गए जब उन्हें पता चला कि सोमवार रात 10:30 बजे एर्नाकुलम एक्सप्रेस में सवार होकर केरल से करीब 150 मजदूर अचानक बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुंच गए हैं। हालांकि रेलवे ने सभी ट्रेनों को बंद करने का ऐलान कर दिया है लेकिन पता नहीं फिर भी किस तरह से केरल से चलकर यह यात्री ट्रेन बिलासपुर पहुंच गई ,जिसमें झारखंड असम बंगाल और अन्य प्रदेशों के मजदूर सवार हैं । बिलासपुर स्टेशन में बड़ी संख्या में इनके उतरने से हड़कंप मच गया। इसकी जानकारी होते ही मंगलवार सुबह

रेलवे अधिकारी नगर निगम के अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भागे भागे रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां इनकी जानकारी ली गई। सभी यात्रियों को भोजन पानी आदि प्रदान किया गया। वहीं उन्हें मास्क और सैनिटाइजर भी प्रदान किया गया है । साथ ही सभी की जांच की जा रही है । आशंका के इस दौर में किसी भी बाहरी व्यक्ति पर संदेह स्वाभाविक है । इसलिए जिला प्रशासन कोशिश कर रहा है कि इन सभी मजदूरों को जल्द से जल्द बिलासपुर से रवाना कर दिया जाए क्योंकि ट्रेन सर्विस बंद है इसलिए अब जिला प्रशासन बस के माध्यम से इन यात्रियों को उनके गृह ग्राम भेजेगा।

फिलहाल रेलवे स्टेशन में बड़ी संख्या में इंक आने से जिला प्रशासन और रेल अधिकारियों की सांसें फूल गई है। इन सब की नियमित जांच कर जल्द से जल्द इन्हें बिलासपुर से रवाना करने का प्रयास किया जा रहा है। हैरान करने वाली बात यह है कि जिस वक्त रेलवे सर्विस बंद कर दिए जाने का दावा किया जा रहा है उस वक्त भी कैसे कोई ट्रेन बिलासपुर तक पहुंच सकती है ? अगर ट्रेन सर्विस बंद करने के दावे की हकीकत यही है तो फिर स्थिति किस तरह से काबू में आएगी । रेलवे प्रशासन भी लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहा है। यह जांच का विषय है कि इतनी पाबंदी के बाद भी कैसे कोई ट्रेन बिलासपुर तक पहुंच गई ।बिलासपुर पहुंचे मजदूरों ने बताया कि उन्हें अपने घर लौटने की जल्दी है और घर से बार-बार उन्हें बुलावा आ रहा है इसलिए जब उन्हें ट्रेन मिली तो वे उसमें सवार होकर अपने घर के लिए निकल पड़े, लेकिन यह ट्रेन बिलासपुर आकर ठहर गई। बस ईश्वर करें कि इस ट्रेन से बिलासपुर कुछ मजदूर ही आए हो, कोरोना का संक्रमण नहीं।

■ न्यूज गैलरी

यात्रियों की परेशानी को देखते हुए रेलवे ने टिकट रिफंड की समय अवधि बढ़ाई

बिलासपुर । रेलवे द्वारा कोविड-19 की रोकथाम के मद्देनजर रिफंड के लिए टिकट काउंटरों पर होने वाली भीड़भाड़ को रोकने हेतु रिफंड की अवधी में बढ़ोत्तरी की गई है। रेलवे द्वारा कोरोना वायरस कोविड-19 को फैलने से रोकने के प्रयास के तहत 31 मार्च 2020 तक सभी ट्रेनों को रद्द किया गया है। इसके साथ ही साथ रद्द ट्रेनों के रिफंड के लिए टिकट काउंटरों पर अनावश्यक होने वाली भीड़भाड़ को रोकने हेतु दिनांक 21 मार्च से 21 जून 2020 के मध्य की गाड़ियों के रिफंड की अवधि में बढ़ोत्तरी की गई है। यह नियम पीआएस काउंटर से खरीदी गई टिकटों के लिये है। जिसकी विस्तृत जानकारी इस प्रकार है । ई-टिकटों पर रिफंड पूर्ववत नियमानुसार जारी रहेंगे इसके लिये काउंटर पर आने की आवश्यकता नहीं है। 21 जून के मध्य यात्रा के लिए रद्द की गई ट्रेनों की टिकटों पर काउंटर से रिफंड की अवधी 3 घंटे 72 घंटे के स्थान पर यात्रा तिथि से 90 दिन के भीतर रिफंड प्राप्त किये जा सकेंगे । इसी प्रकार यदि ट्रेन रद्द नहीं है परंतु यात्री के यात्रा नहीं करने पर नियमानुसार टीडीआर की अवधि को भी 3 दिनों को बढ़ा कर 90 दिन कर दिया है पर टिकट रिफंड करने वाले यात्री टिकट काउंटर से यात्रा दिवस के 90 दिनो के भीतर रिफंड पा सकेंगे। यह सुविधा यात्रियों के हित में लिये गये हैं। यात्री रिफंड के लिये जल्दबाजी में टिकट काउंटर पर भीड न करें। उपरोक्त अवधि तक उन्हें रिफंड प्रदान किया जायेगा।

बुधिया हॉस्पिटल सील, विदेश से लौटकर आइसोलेशन के बजाए मरीजों का उपचार

बिलासपुर। बुधिया हॉस्पिटल संचालक अमेरिका से लौटने की सूचना मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने सतर्कता के तौर पर हॉस्पिटल को सील कर दिया ।

कोरोना वायरस के संक्रमित को रोकने पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड में है। विदेश से लौटाने के बाद आइसोलेशन में रहने के बजाए परिजनों से मिलने व मरीजों के उपचार करते पाये जाने के आरोप में बुधिया हॉस्पिटल के संचालक के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए हॉस्टिल को 20 अप्रैल तक सील कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार बुधिया हॉस्पिटल के संचालक का पुत्र अमेरिका से लौटा है

जानकारी के अनुसार उस पर कोरोना संक्रमण का लक्षण नहीं पाया गया था, लेकिन सतर्कता बरते हुए प्रशासन विभाग के द्वारा विदेश से लौटे डॉक्टर के पुत्र को आइसोलेशन में रहने का निर्देश दिया गया था। लेकिन आइसोलेशन में रहने के बजाए वे अपने परिजनों से मिले और डॉक्टर मरीजों का उपचार में लगे रहे। इसकी शिकायत पर स्वास्थ विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए बुधिया हॉस्पिटल को 20 अप्रैल तक के लिए सील कर दिया है।

सिर्फ एक ही जिले में 12 लोगों पर 10 मामले दर्ज

बिलासपुर। कोरोना से रोकथाम से बचाव के लिए बिलासपुर जिला को भी लॉकडाउन किया गया है. यहाँ भी आवश्यक सेवाओं को छोड़कर बाकी सारी चीजों को बंद कर दिया गया है. वहीं धारा-144 भी लागू कर दिया गया. बावजूद इसके कई लोगों ने सरकार के निर्देशों का खुला उल्लंघन किया है. लिहाजा उनके खिलाफपुलिस ने सख्ती से कार्रवाई की है। पुलिस ने निर्देश का उल्लंघन करने पर या मेडिकल प्रशासन को सहयोग न देने पर भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 188 तथा महामारी अधिनियम 1897 के अंतर्गत आपराधिक मामला कायम किया है. पुलिस ने कुल 12 लोगों के खिलाफजिले में कुल 10 आपराधिक मामले दर्ज किए हैं. इसमें जिले तखतपुर, रतनपुर, तारबाहर सिविल लाइन, कोतवाली और सरकंडा में अपराध क़ायम किए गये हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक थाना तखतपुर में समझाइश देने के बावजूद इलेक्ट्रोनिक दुकान खुले रहने पर आरोपी कन्हैया संतानी एवं दो अन्य के विरुद्धअपराध क्रमांक 82/20 धारा 186,188 IPC की कार्यवाही की गई है। वही थाना सिटी कोतवाली द्वारा गुरुनानक हार्डवेयर के मालिक पर भी लोक सेवक के विधिपूर्ण आदेश की अवहेलना पर अपराध क्रमांक 110/20 धारा 188 IPC के तहत कार्यवाही की गई. रतनपुर में रोशन भारद्वाज के द्वारा अपने घर मे 200 लोगों को इकट्ठा करके जन्मदिन की पार्टी आयोजित की गई थी. इस मामले में थाना रतनपुर में आरोपी के खिलाफअपराध क्रमांक 219/20 धारा 188 , 269 IPC और कोलाहल अधिनियम का मुकदमा दर्ज किया गया।

कोरोना ने बढ़ाई दिहाड़ी मजदूरों की समस्या

■ पेट भरने और परिवार के लिए भोजन जुटाने का काम भी बंद

■ प्रशासन करें उत्तर प्रदेश सरकार की जैसी घोषणा करें राज्य सरकार

नवप्रदेश संवाददाता

देवभोग। पूरे विश्व में फैला कोरोना वायरस इस समय राज्य में पैर पसार रहा है। राजधानी में एक मामला आने के बाद पूरा प्रशासन सुरक्षा के लिहाज से ऐहतियात बरत रहा है। राज्य में लॉकडाउन की स्थिति बनी हुई साथ ही साथ सभी नगरीय निकायों में धारा 144 लागू है। इस महामारी से निपटने स्वास्थ्य अमला ने भी कमर कस ली है। लेकिन सवाल इन गरीब लोगों का जो दिहाड़ी मजदूरी कर अपना परिवार पालते है। उनके लिए यह गंभीर समस्याएं खड़ी हो गई है। अपने परिवार का पेट पालने के लिए मजदूरी के अलावा कोई उनके पास कोई चारा नहीं बचता ऐसे समय में दो वक्त की रोटी के लिए जीवन संघर्षमय हो गया है। वहीं कुछ गरीबी महिलाएं जो दूसरे के घरों में जाकर काम काज करती है वह भी इस महामारी की चपेट से बचने के लिए काम में नहीं जा पा रही है। इन दिहाड़ी मजदूरों के लिए अपना पेट पालने की समस्या निरंतर बढ़ती ही जा रही है। शासन प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे उनके परिवार का भरण पोषण हो सके।

कई परिवारों के साथ जीवन मरन की समस्या खड़ी हो गई है। दिहाड़ी मजदूरी करने वाले रिक्सा चालक, खेती मजदूरी, रेगा मजदूरी, हमाली मजदूर जैसे लोगों के लिए बड़ी समस्याएं उत्पन्न हो गई। जिले में यदि देखा जाए तो दिहाड़ी मजदूरी करने वालों की संख्या लगभग 15 से 20 हजार है। ऐसे में उनके और परिवार का दाना पानी कैसे मिलेगा इस ओर प्रशासन को ध्यान देना ज्यादा जरूरी है।

मजदूरों का कहना है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने जैसे दिहाड़ी मजदूरी करने वालों के लिए राहत पैकेज जारी किया है वैसे ही छत्तीसगढ़ सरकार भी मजदूरों के लिए कोई प्रयास करें।

ऐसे कुछ तिहाड़ी मजदूरों एवं हेमालो झाड़ू पोछा करने वाली महिला ने नवप्रदेश को होने वाली समस्याबताया जिसमे सबसे पहले झिरीपानी के दिहाड़ी मजदूर छिननू पिता दशरू ने बताया कि हर दिन मजदूरी करना पड़ता है कभी खेतों में तो कभी चना टमाटर निकालने सहित लोगों के घरों में मजदूरी का कार्य करने के लिए जाते रहे लेकिन पिछले 3 दिन से कहीं पर भी रोजगार नहीं मिल पा रहा है लोग संक्रमित कोरेना वायरस का हवाला देते हुए आने वाले दिनों में मजदूरी देने की बात कहकर वापस लौटा दे रहे हैं मतलब अभी बिल्कुल भी रोजगार नहीं मिल पा रहा है और ऐसे में परिवार की खाने-पीने की छोटी मोटी जरूरत है किस तरह पूरा किया जा सकता है फिलहाल तो गांव के छोटे छोटे दुकानदार से उधारी में लेकर परिवार चला रहे हैं लेकिन लंबी दिनों तक यही स्थिति रही तो परिवार का गुजर-बसर करना वह मुश्किल हो जाएगा इसी तरह करचिया के जगत राम नायक के अनुसार 5 सदस्य परिवार का भरण पोषण का जिम्मा एक कमाओ जगतराम के ऊपर है बीते कुछ दिन पहले से जो लोगों की घरों में जाकर लकड़ी काटना और भी छोटे-मोटे कार्य एवं मजदूरी से राशि कमाया था अब वह पूरी तरह खर्चा हो गया है अब वर्तमान स्थिति में जरूरत के सामान खरीदने के लाले पड़ गए हैं क्योंकि सुबह से शाम तक मजदूरी करते हैं तब जाकर तेल मसाला सब्जी एवं जरूरत की सामान लेते हैं और पिछले 3 दिनों से तो ना कहीं मजदूरी मिला है।

आम जनता के बीच पहुंचकर विधायक शैलेश पांडे लोगों को कर रहे जागरूक

■ नाकेबंदी का भी लिया जायजा

बिलासपुर। देश अभूतपूर्व संकट के दौर से गुजर रहा है। जरूरी है कि इस दौरान दलगत राजनीति से ऊपर उठकर आम लोगों की मदद की जाए और ऐसा ही बिलासपुर के विधायक करते भी नजर आ रहे हैं। हालांकि इस दौर में भी कुछ नेता राजनीति करने से बाज नहीं आ रहे हैं लेकिन महापौर और विधायक दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कोरोना के साथ इस लड़ाई में बिलासपुर के नागरिकों के साथ खड़े नजर आ रहे हैं ।

बिलासपुर विधायक शैलेश पांडे मंगलवार को बृहस्पति बाजार पहुंचे । यहां उन्होंने सब्जी बेचने वाले विक्रेताओं, मजदूरों और अन्य लोगों को साफ सफाई की हिदायत देते हुए उन्हें मास्क प्रदान किया। कोरोना वायरस से बचाव के उपाय विधायक ने उन्हें बताएं ।इसके बाद शहर के कुछ क्षेत्रों में भी शैलेश पांडे पहुंचे। जहां पुलिस द्वारा जारी नाकेबंदी और अन्य व्यवस्थाओं का उन्होंने जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए । पिछले कुछ दिनों से बिलासपुर विधायक लगातार लोगों के बीच पहुंच रहे हैं।

सीएम के निर्देश पर बिलासपुर स्टेशन में फंसे झारखंड के 139 मजदूरों को उनके प्रांतों के लिए सकुशल रवाना किया गया

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । केरल से झारखंड जाने के लिए निकले मजदूर कल रात बिलासपुर स्टेशन पर आकर फंस गये क्योंकि आगे जाने के लिए कोई ट्रेन या बस नहीं थी। इसकी जानकारी मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को मिली। मुख्यमंत्री ने मानवीय संवेदना की पहल करते हुए जिला प्रशासन को निर्देश दिया कि उनको भोजन व चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराते हुए सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाने की व्यवस्था की जाये। मुख्यमंत्री के निर्देश पर आज इन मजदूरों को बसों की व्यवस्था कर उनके घरों के लिए रवाना कर दिया गया है। स्टेशन पर असम, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा के मजदूर भी फंसे हुए थे उन्हें भी गंतव्य तक पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है।

एर्नाकुलम-बिलासपुर एक्सप्रेस से केरल में मजदूरी करने वाले 237 यात्री मजदूर बिलासपुर स्टेशन पर कल रात पहुंचे। आगे जाने के लिए उनकी व्यवस्था नहीं थी। सोशल मीडिया के जरिये मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के ध्यान में यह बात लाई गई।

उन्होंने तत्काल जिला प्रशासन को इस सम्बन्ध में निर्देश दिया। उनके निर्देश पर यात्रियों से प्रशासन के अधिकारियों ने सम्पर्क किया। स्टेशन पर ही उनके भोजन और रुकने की व्यवस्था की गई और आवश्यकता अनुसार चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई गई। आज झारखंड के यात्रियों को सकुशल बसों में बिठाकर छत्तीसगढ़ की सीमावर्ती जिला बलरामपुर भेजा गया। यहां से झारखंड प्रशासन के अधिकारी उन्हें उनके गंतव्य तक पहुंचायेंगे। बसों में बैठने के बाद इन मजदूरों के चेहरे में राहत व प्रसन्नता दिखाई दी। यात्रियों ने इस व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का आभार माना और उन्हें धन्यवाद दिया।

झारखंड के सिमडेगा के संदीप बड़ाईक, थॉमस मिंज, कुल्लू, गढ़वा जिले के हेमन्त कुमार, दिनेश, पलामू जिले के खुर्शीद, तैहर अंसारी, मो. अंसारी, मुश्ताक अंसारी आदि के चेहरे पर बस पर बैठते ही संतोष का भाव था कि वे अब अपने घर तक सकुशल पहुंच जायेंगे। उन्होंने बताया कि उनके घर वाले बहुत परेशान हैं। कई लोगों की माता-बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने अपने परिजनों को सूचना दे ही है कि वे बिलासपुर से छत्तीसगढ़ शासन की व्यवस्था से अपने घरों के लिए रवाना हो गये हैं। इन यात्रियों को रास्ते के लिए भी भोजन का पैकेट दिया गया है।

नाकेबंदी की गई सख्त, कोई आ सकेगा ना कोई जा सकेगा

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । तेजी से कोरोना वायरस के संक्रमण के फैलने के बाद प्रशासन सख्त कदम उठाता नजर आ रहा है । इसके प्रचार प्रसार को रोकने के लिए सोशल डिस्टेंस को पूरी तरह लागू करने की मंशा के साथ प्रशासन द्वारा कई नए आदेश जारी किए गए हैं। बिलासपुर सीमा क्षेत्र में संक्रमण के बचाव और स्वास्थ्य से जुड़ी आपात परिस्थितियों के चलते आगामी 31 मार्च रात 12 बजे तक पूरी तरह तालाबंदी कर दी गई है। बिलासपुर जिले के सभी शासकीय, अर्ध शासकीय ,अशासकीय कार्यालय पूरी तरह बंद कर दिए गए हैं। सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने-अपने घर से ही सरकारी कार्यों को अंजाम देंगे, लेकिन वे इस बीच अपना मुख्यालय नहीं छोड़ सकते ।अधिक जरूरत हुई तो उन्हें कार्यालय भी बुलाया जा सकेगा

जिले में सभी सार्वजनिक परिवहन सेवाएं जिनमें निजी बस, टैक्सी ऑटो रिक्शा ई-रिक्शा का परिचालन भी पूरी तरह बंद कर दिया गया है ।केवल इमरजेंसी मेडिकल सेवा वाले वाहन ही इस दौरान चलेंगे। ऐसे निजी वाहन जो छूट के अंतर्गत आते हैं और जो आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं का परिवहन करते हैं, अपवाद स्वरूप उन्हें छूट दी गई है ।बिलासपुर जिले की सभी सीमाओं को पूरी तरह सील कर दिया गया है। इस दौरान केवल आवश्यक वस्तुओं को ही प्रवेश दिया जाएगा। सड़क रेल और अन्य सभी माध्यमों पर यह आदेश लागू है ।जिस तरह से बाहर से कोई आ नहीं सकता उसी तरह से बिलासपुर जिले में निवासरत नागरिक भी अब सीमा से बाहर नहीं जा पाएंगे। नए आदेश के तहत सभी दुकानें व्यवसायिक प्रतिष्ठान कार्यालय फैक्ट्री गोदाम साप्ताहिक हाट बाजार की सभी गतिविधियां बंद रखेंगे। इनमें से कुछ औद्योगिक इकाइयों को छूट दी गई है जो दवाइयों का निर्माण और उत्पादन करते हैं ।इसके अलावा खाद्य एवं खाद्य संबंधी पदार्थों की निर्माण यूनिट आदि को भी प्रतिबंध से छूट दी गई है।

जिले मे धारा 144 प्रभावशील चौक-चौराहों में भीड़ एकत्रित न हो

मुंगेली। चैत्र नवरात्री पर भी कोरोना वायरस की छाया स्पस्ट नजर आने लगी है आने वाली 25 मार्च से चैत्र नवरात्री का पर्व आरंभ हो रही है, जिसको लेकर जिला प्रशासन ने ठोस पहल करते हुए मंदिरो में लगने वाली भीड को नियंत्रित करने के लिए मात्र माईज्योति कलश ही जलाने के निर्देश दिये है जिससे कि ज्यदा भीड भाड मंदिरो मे न हो सके, ताकि कोरोना वायरस के संक्रमण का खतरा टाला जा सके।

जिले में आस्था के इस पर्व पर लोगो की भारी भीड मंदिरो में रहती है, नगर के प्राचिन मंदिर महामाया दाउपारा, महामाया सोनार पारा , महामाया मलहापारा , काली मंदिर खर्रिपारा, शक्तिमाई मंदिर, अष्टभुजी दुर्गा मंदिर हथनिकला में लोगो का ताता अनवरत बना रहता है, चैत्र और क्वार की नवरात्र में इन मंदिरों में प्रतिवर्ष हजारो की संख्या में ज्योति कलश जलाया जाता है, परंतु इस बार जिला प्रशासन ने कोरोना वायरस के संक्रमण के चलते मात्र माई ज्योति कलश जलाया जाना है, इस बार की नवरात्र में ज्योतिकलश के लिए कटे रसिदों को शासन की निर्देशो के अनुसार वापस किया जाना है।नोवल कोरोना वायरस की संक्रमण के बचाव हेतु स्वास्थ्यगत स्थिति को देखते हुए जिले में धारा 144 लागू है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने आपदा प्रबंधन एक्ट के धाराओं के तहत प्रदत्त शाक्तियों का प्रयोग करते हुए धारा 144 लागू की है।

कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव एवं सावधानी बरतने जिले में धारा 144 के तहत लॉकडाऊन स्थिति

मुंगेली । धारा 144 के बाद शहर को लाकडाउन करने के बाद भी जहां कुछ दुकाने खुली जिसे पुलिस ने बंद कराया साथ ही आम जनता व वाहन चालक अपनी हरकतो से बाज नही आ रहे है, और बेवजह सडको पर फर्राटे भर रहे है, और घरो में न रूक कर बाहर मजमा लगा रहे है जिसपर पुलिस प्रशासन ने एकशन लिया और सडको पर जबरजस्ति घुमने वाले को खदेडा, दोपहर के बाद

फिर वही स्थिति निर्मित हो गई।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे और जिले के पुलिस अधीक्षक सीडी टंडन ने संयुक्त रूप से आज दोपहर 2 बजे नगर पालिका क्षेत्र मुंगेली के पड़ाव चैक, गोल बाजार, बस स्टैंड चैक, बालानी चैक, नदी चैक, दाऊपारा चैक आदि स्थानों का दौरा कर कोरोना वायरस की संक्रमण के संबंध में लागू धारा 144 के तहत लॉकडाऊन स्थिति की जायजा लिया ,और उन्होने संबंधित अधिकारियों को लॉकडाऊन का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिये। इस अवसर पर मुंगेली अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चित्रकांत चाली ठाकुर भी मौजूद थे।

नोवल कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम हेतु प्रवासी श्रमिकों पर रखें निगरानी

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही । कलेक्टर श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी ने नोवल कोरोना वायरस से संक्रमण के विस्तार की रोकथाम हेतु छत्तीसगढ़ प्रदेश से कार्य हेतु प्रदेश से बाहर जाने वाले प्रवासी श्रमिकों तथा राज्य में प्रदेश के बाहर से आने वाले प्रवासी श्रमिकों पर निगरानी रखने के आदेश दिए हैं। आदेश में उल्लेखित है कि अंतरराज्यीय प्रवासी कर्मकार अधिनियम के प्रावधानों के तहत 5 अथवा 5 से अधिक श्रमिकों का अन्य प्रदेशों में ठेकेदार/सट्टेदार/एजेंट के माध्यम से नियोजन की स्थिति में ठेकेदार को अनुज्ञप्ति श्रम विभाग अथवा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत से लिया जाना अनिवार्य है। साथ ही प्रत्येक प्रवासी श्रमिकों की जानकारी ग्राम पंचायत द्वारा संधारित पंजी में दर्ज किया जाना अनिवार्य है।

कलेक्टर की मार्मिक अपील- संकट की घड़ी में रेडक्रॉस को खुले हाथ से दान दें

बिलासपुर । जिला कलेक्टर व भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी बिलासपुर के अध्यक्ष डॉ. संजय अलंग ने लोगों से अधिक से अधिक स्वैच्छिक दान देने की अपील की है। कलेक्टर ने अपील में कहा है कि कोरोना वायरस के संक्रमण से मुक्ति पाने के लिए इस समय पूरा देश जूझ रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य भी इससे अछूता नहीं है। लॉक डाउन होने के कारण बिलासपुर जिले में बहुत से गरीब मजदूर व रोज कमाने वालों समक्ष खाने-पीने की समस्या उत्पन्न हो रही है। इसके अतिरिक्त कोरोना वायरस के प्रभाव की जांच करने में दवाईयों और रियेजेन्ट्स की आवश्यकता पड़ रही है। इसके कारण अत्यधिक मात्रा में राशि व्यय हो रही है, इसकी व्यवस्था वर्तमान में रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से की जा रही है ।

जनता कर्फ्यू के दूसरे दिन मुख्य मार्गों पर दिखी लोगों की आवाजाही

■ बेवजह घूम रहे लोगों को पुलिस बलों ने पूछपरख करते हुए अपने घरों में रहने की समझाइश देते रहे

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम को लेकर जनता कर्फ्यू में लोगों ने स्वस्फूर्त समर्थन देते हुए सफल बनाया था, लेकिन इसके बाद दूसरे दिन से जिला मुख्यालय के मुख्यमार्गों में लोगों की आवाजाही देखने को मिली, इस दौरान बेवजह घूम रहे लोगों को पुलिस बलों ने पूछपरख करते हुए अपने घरों में रहने की समझाइश देते रहे। हालांकि लोगों की आवाजाही सामान्य दिनों की अपेक्षा कम थी।

गौरतलब है कि जनता कर्फ्यू के बाद प्रदेश सरकार ने प्रदेश सहित जिले में 31 मार्च तक कर्फ्यू को बढ़ा दिया गया है। कोरोना वायरस के फैलाव को रोकने जिला मुख्यालय को लॉकडाउन कर दिया गया है। जिले में अतिआवश्यक सेवाओं एवं प्रतिष्ठानों को छोड़कर अन्य सभी दुकानें बंद करा दिए गए हैं। नगर के चौक-चौराहों और चप्पे-चप्पे पर पुलिस जवान तैनात हैं। दूसरे राज्यों के नंबर वाली गाड़ियों के दस्तावेजों की जांच

और उनसे जानकारियां ली जा रही है। वहीं सड़कों पर बेवजह घूम रहे लोगों को समझाइश देते हुए घर में रहने की सलाह दी जा रही है। संवेदनशीलता के साथ-साथ बात नहीं मानने वालों पर नियमों का कड़ाई से पालन करने के लिए सख्ती भी बरती जा रही है।

उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा जारी आदेश के तदसंबंध में आदेश पारित किए गए हैं। एपिडेमिक डिसीज, एक्ट, 1897 के संदर्भ में शासन द्वारा जारी पत्र के अंतर्गत दिए गए शक्तियों का प्रयोग करते हुए गरियाबंद जिला के समस्त नगरीय सीमा के अंतर्गत संक्रमण से बचाव एवं स्वास्थ्यगत् आपातकालीन स्थिति को नियत्रंण में रखने हेतु निम्नलिखित संस्थानों, सभी मंडियों व दुकान व ठेलों (सब्जी, फल, अनार) मेडिकल दुकानें एवं ट्रांसपोर्ट व गुण्ड्स एवं कैरियर सेवाएं, पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी, बैंकिंग सेवाएं (जिनमें एक समय में 10 से अधिक व्यक्ति एकत्रित नहीं होंगे) एटीएम, मिडिया संस्थान, पेयजल सुविधाएं, सीवरेज ट्रीटमेंट व्यवस्थाए, फॉयर बिग्रेड, टेलीफोन व इन्टरनेट सुविधा, होटल एवं रेस्टोरेंट (जिनमें पक्की स्थाई संरचना एवं बार लाइसेंस उपलब्ध हो इसके अलावा राज्य एवं केन्द्र शासन द्वारा (COVID-19) के संदर्भ में समय-समय पर जारी निर्देशों के अनिवार्य रूप से पालन करने पर) मोबाईल रिचार्ज एवं सर्विसेस दुकानें, डेली निड्स व किराना दुकानें, राशन दुकानें, मिल्क पार्लर, विद्युत व्यवस्थापक, बेकरी दुकानों को छोड़कर अन्य सभी संस्थानों, दुकानों व्यवसायिक प्रतिष्ठानों आदि को आगामी 31 मार्च या आगामी आदेश पर्यन्त तक अनिवार्य रूप से बंद रखने हेतु आदेशित किया गया है। वहीं आबकारी संबंधित इकाईयों के संदर्भ में सक्षम पदाधिकारी द्वारा पृथक से आदेश जारी किया जाएगा।

आदेश के उल्लंघन किए जाने पर नियम अंतर्गत सख्त कार्यवाही की जाएगी। शासन द्वारा जारी पत्र अंतर्गत उल्लेख है कि किसी व्यक्ति /संस्था/ संगठन द्वारा जारी उक्त पत्रान्तर्गत कोरोना वायरस (COVID-19) के संक्रमण की रोकथाम एवं नियत्रंण हेतु जारी किसी भी निर्देश का उल्लंघन किया जाता है, तो भारतीय दण्ड संहिता 1960 (1800 का 45) की धारा 188 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी के अतर्गत आता है।

■ न्यूज गैलरी

कोरोना के बचाव के लिए स्वास्थ्य केंद्र मे लगाया शिविर

गंडई पंडरिया। देश में कोरोना वायरस के संक्रमण की स्थिति बिगड़ती जा रही है। हालांकिएशासन प्रशासन स्तर से लेकर सामाजिक स्तर पर इसके प्रसार को रोकने की भरसक कोशिशें की जा रही हैं। शहरों को लॉकडाउन किया जा रहा हैए धारा 144 लगाई जा रही है और लोगों से ज्यादा से ज्यादा समय तक घरों में रहने को कहा जा रहा है। इसके बावजूद कोरोना के मामले बढ़ रहे है। देश मे मृतकों का आंकड़ा सात पर पहुंच गया है। जबकिए 45 से ज्यादा नए मामले सामने आए। फिलहाल 31 मार्च तक लॉकडाउन की घोषणा की गई है। कोरोना के कहर के चलते शिविर लगातार स्वास्थ्य केंद्र मे लगा रहेगा। शिविर का समय लगातार सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक चलता रहेगा। जब तक कोरोना कंट्रोल न हो जाए शिविर चालू रहेगा। कोरोना संबन्धित जानकारी शिविर मे दी जा रही है। स्वास्थ्य केंद्र मे अनावश्यक भीड़ हो आने की वजह से शिविर आयोजन किया गया है।

जनता कर्फ्यू को पूर्ण समर्थन मिला

खरोरा। नगर सहित आस पास गांव मे जनता कर्फ्यू का पूर्ण समर्थन मिला जिसके चलते नगर के मेडिकल, के अलावा सभी दुकानें दिन भरपूर्व बंद कर कोरोना से लडने मे प्रधानमंत्री के अपील पर अपना समर्थन दिया वही इसके.चलते मजदूरी कार्य करने वाले व बाहर गांव से आकर सब्जी बेचने वालो के अलावा फेरी वालो ने भी घर पर रह कोरोना के खिलाफ लडाई मे अपना योगदान दिया जिसके चलते पूरे दिन नगर मे सन्नाटा पसरा रहा जैसे ही शाम के पांच बचते ही नगरवासियों ने कोरोना के खिलाफ लडाई मे लगे डाक्टर व सफाईकर्मियों के सम्मान मे छत व घर के दरवाजे पर खडे होकर संख नाद करते ताली, धंटी बजायीं। प्रधानमंत्रीनरेंद्र मोदी के कोरोना के खिलाफलडाई लडने और इसे रोक थाम के उपाय मे जनता कर्फ्यू के अपील पर आज नगर के दुकानदारों के अलावा ट्रांसपोटर युनियन,बस युनियन, टेक्सी युनियन सहित व्यपारी संघ ने समर्थन देते हुए जहाँ दुकान दारो ने एक दिन दुकाने बंद कर कोरोना के रोकथाम कि लडाई मे अपना योगदान दिया।

शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

खरोरा। सुकमा मे जवानों के शहीद होने की खबर लगते ही कोरोना के खिलाफ लडाई लड़ने प्रधानमंत्री मोदी के अपील पर घर मे बैठे नगर वासीयों ने अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते अमर शहीदो को नमन किया। कोरोना के भय व बचाव के बीच जैसे ही खबर आयी कि सुकमा मे नक्सलियों से बहादुरी से लडाई लडते नक्सलियों को जहाँ भारी नुक्सान पहुचाया वही इस मुठभेड़ मे 17 वीरो को वीरगति प्राप्त होने की खबर लगते ही शोक की लहर दौड गयी वीर जवानों के शहादत को नगर के पत्रकार संघ ,पार्षदगण ,सहित नगर के सभी राजनीति पार्टियों के अलावा नगरवासियों ने अपनी संवेदना व्यक्त करते अमर शहीद जवानों को नमन किया

कोरोना वायरस सावधानी व सुरक्षा ही बचाव

खरोरा। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा नोवेल कोरोना वायरस को महामारी घोषित करते हि भारत पुरी तरह सतर्क हो गया। केन्द्रीय व राज्य प्रशासन सावधानी व बचाव के लिए युद्ध स्तर पर तैयारी की हैं। छत्तीसगढ़ शासन लगातार बचाव के लिए ठोस कदम उठा रही है, निर्देश व आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर रही हैं। वायरस के बढ़ते संक्रमण की समाचार सुनकर मन व्यथित हैं, पढ़ने समझने से एक हि बात उभर कर आ रही है सावधानी व सुरक्षा हि बचाव हैं। सभी को प्रशासन के निर्देशों का पालन करना चाहिए। नियमित रूप से हैण्ड सेनिटाइजर, मास्क का प्रयोग करें, भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचें।

मदिरा दुकानें 25 मार्च तक और एफएल 4 क्लब 31 मार्च तक बंद रहेंगे

धमतरी। नोवल कोरोना के संक्रमण से आमजन को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री रजत बंसल ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा ;1 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए धमतरी जिले की सभी देशी विदेशी मदिरा दुकानों मद्य भाण्डागार धमतरी एफएल.3 होटल बार तथा एफएल.2 रेस्टोरेंट बार को 23 मार्च से 25 मार्च तक तथा एफएल.4 क्लब को 23 से 31 मार्च तक बंद किए जाने के निर्देश दिए हैं।

निर्धारित दर से अधिक में सामान बेचने पर होगी कार्रवाई

कोरबा। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री द्वारा लॉक डाउन आदेश को कड़ाई से लागू कराने के कलेक्टर किरण कौशल को सड़क पर उतरना पड़ा। शहर भ्रमण कर सब्जी दुकान तथा राशन दुकान में भीड़ नहीं लगाने की हिदायत दी। इसके साथ पर्याप्त दूरी बना कर तथा मास्क पहन कर खरीदारी करने की समझाईश व्यवसायी व आमजनों को दी। उन्होने कहा कि ज्यादा भीड़ होने पर संबंधित दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

सोमवार को दोपहर कलेक्टर कौशल ने शहर भ्रमण करते हुए अनावश्यक रूप से खड़े लोगों को अपने घरों में रहने की हिदायत दी। कानून व्यवस्था सख्त करने के लिए भी पुलिस कप्तान जितेन्द्र सिंह मीणा को निर्देशित किया है। कलेक्टर ने कोसाबाड़ी चौक से होते हुए निहारिका, सुभाष चौक, घंटाघर तक लगी सब्जी की दुकानों और दवाई की दुकानों पर दबिश दी। सड़क किनारे लगी सब्जी की दुकानों पर भी पहुंचकर लोगों से पर्याप्त दूरी बनाकर एक-एक करके सब्जी खरीदने कहा। इसके साथ ही विक्रेताओं को भी मास्क लगाकर ही सब्जियां बेचने कहा। उन्होंने इस इलाके में खुली राशन की दुकानों पर भी लोगों से ज्यादा भीड़ नहीं लगाने को कहा। कलेक्टर ने किसी भी स्थिति में अति आवश्यक चीजों की दुकानों पर भीड़-भाड़ नहीं होने देने की चेतावनी सभी दुकानदारों को देते हुए कहा कि यदि ज्यादा भीड़-भाड़ हुई तो संबंधित दुकानदार के विरूद्ध कार्यवाही भी की जाएगी। इसके बाद वे सीतामणी, पुराना बस स्टैंड, कोतवाली थाना क्षेत्र में पहुंची और लोगों को अपने-अपने घरों में रहने की समझाइश दी। पुराना बस स्टैंड के सामने स्थित सूरजभान अग्रवाल जनरल स्टोर पर लगी भीड़ को देखकर गाड़ी से उतरकर दुकान पहुंच गईं। उन्होंने दुकानदार को ग्राहकों को लगभग एक मीटर की दूरी बनाते हुए एक-एक करके सामान देने को कहा। इसके साथ ही आवश्यक वस्तुओं की ही बिक्री करने का निर्देश दुकानदार को देते हुए चेतावनी दी कि यदि वस्तुओं को निर्धारित दाम से अधिक में बेचा तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। दुकान में सामान खरीदने आए ग्राहकों से भी बात की और सामान की उपलब्धता तथा दाम के बारे में जानकारी ली। ग्राहकों ने सामान पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होने और दाम भी अन्य दिनों की तरह ही सामान्य होने की जानकारी कलेक्टर को दी।

बाइक में सौ तथा चारपहिया में 500 का तेल

अनावश्यक घूमने, कर्फ्यू का उल्लंघन करने पर रोक लगाने के साथ ही पेट्रोलियम पदार्थों की कमी से निपटने हेतु प्रशासन ने कड़ा निर्णय लेते हुए पेट्रोल एवं डीजल की बिक्री पर अंकुश लगा दिया। अभी तक वाहन चालक अपनी मनमर्जी से तेल भराते थे, पर अब सीमित तेल ही वाहन चालकों को मिलेगा। प्रशासन ने जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालको को निर्देश दिया है कि दुपहिया वाहन में सौ रुपए तथा चार पहिया वाहन में 500 रुपए से अधिक का पेट्रोल-डीजल प्रदान न किया जाए। इस निर्धारित मात्रा से ज्यादा तेल देने पर संबंधित पेट्रोल पंप के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

नाबालिक से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

■ सिटी कोतवाली गरियाबंद की कार्यवाही।

■ रातभर आरोपी की पताशाजी में जुटी रही सिटी पुलिस।

गरियाबंद। जिले में एक बार फिर नाबालिक से दुष्कर्म की घटना सामने आई है। मामला सिटी कोतवाली गरियाबंद क्षेत्र का बताया जा रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीते 21 मार्च शनिवार को जहां आरोपी ने नाबालिक को बहला-फुसलाकर अपने साथ गांव के तालाब किनारे के खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया। जिसके बाद पीड़िता ने अपनी आपबीती परिजनों को बताई। वहीं पीड़िता के परिजनों ने 22 मार्च रविवार को सिटी कोतवाली गरियाबंद में पहुंचकर इसकी लिखित शिकायत एवं आवेदन देते हुए बताया कि बीते 21 मार्च शनिवार को ग्राम सढ़ौली निवासी जीवराखन उर्फ छोटू कश्यप ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। बताया कि पीड़िता के साथ आरोपी ने होली त्योहार के पहले भी दुष्कर्म कर चुका है। मामले को गंभीरता से लेते हुए सिटी कोतवाली प्रभारी आर.के. साहू ने प्रथम सूचना दर्ज कर घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। बताया गया कि पुलिस अधीक्षक एम.आर.आहिरे के दिशा-निर्देश तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनन्दन राठौर के मार्गदर्शन में उक्त आरोपी की पताशाजी में पुलिस जुट गई।

कोयला कर्मचारियों को देंगे कपड़े का मास्क

कोरबा। एसईसीएल गेवरा के महाप्रबंधक एसके पाल ने कोरोना वायरस की रोकथाम व जागरूकता के दायरे को और बढ़ाने को लेकर बैठक बुलाई। जिसमें गेवरा एरिया के सभी विभाग प्रमुख सहित जेसीसी सदस्य उपस्थित रहे। इसमें बताया गया कि प्रत्येक कर्मचारी को जल्द ही कपड़े से बना मास्क दिया जाएगा। इसके लिए आर्डर कर दिया गया है। कर्मचारियों के लिए सैनेटाइजर की भी व्यवस्था की गई है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि गेवरा एरिया में किसी भी प्रकार के आंदोलन, प्रदर्शन, कार्यक्रम प्रतिबंधित रहेंगे। एरिया में स्थित सभी दुकानदारों का थर्मल चेकअप किया जाएगा। इसके लिए मशीनें मंगाई गई हैं। कॉलोनी में निवासरत सभी लोगों का रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा, इसमें उम्र और यात्रा की जानकारी एकत्रित की जाएगी।

जिला अस्पताल से डिस्चार्ज हो मरीज भटक रहा था घर जाने को, संज्ञान में आते ही

कोरोना कंट्रोल टीम ने मरीज को पहुंचाया घर तक

कोंडागॉव। जिला अस्पताल में एक हफ्ते से इलाज करवा रहा मरीज मरीज मंगतू पिता सिंगलु डिस्चार्ज हो अंदरूनी क्षेत्र बड़े डोंगर जाने के लिए भटक रहा था।जहाँ संज्ञान में आते ही कोरोना वायरस हेल्थ डेस्क प्राथमिक स्वास्थय केंद्र कोंडागॉव ने तत्काल उससे पूछताछ करते उसके इलाज के दौरान की पर्चियों को जांच कर उसे उसके गॉव तक भिजवाने

शासकीय वाहन का इंतेजाम करवाया। ज्ञात हो कि मरीज ने डिस्चार्ज करवाने के बाद हड़बड़ी में वेनप्लान भी नही निकलवाया था जिससे मरीज संदेहास्पद लग रहा था।जिसका प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हेल्थ डेस्क में गहन पूछताछ व जांच के बाद वेनप्लान निकाल उसे पुनः जांच कर उसे उसके गॉव गोड़मा पतारी पारा बड़े डोंगर तक भिजवाया गया।

लोगों की मनमानी, प्रशासन की परेशानी

पिथौरा। नगर निवासी सोमवार बाजार दिन के लिए बडी संख्या में सब्जी खरीदने पहुंच जाने के कारण स्थानीय पुलिस प्रशासन को हरकत में आना पडा। वायरस के फैलने से रोकने हेतु प्रधानमंत्री,मुख्यमंत्री जिला प्रशासन सभी ने लगातार सोशल मीडिया, समाचार पत्र, टीवी न्यूज के माध्यम से अपील कर रहें हैं स्थानीय प्रशासन ने वैसे कल से लोगों को घरों में रहने की अपील कर रही है पुलिस के आला अधिकारी भी स्वयं नगर में निकल कर लोगों को समझने की कोशिश कर रहें है पर लोगों में इसको गंभीरता से नहीं लेने के कारण कुछ जगहों पर शक्ति से काम लिया जा रहा है सब्जी बाजार में लोगों की अधिक मात्रा में भीड़ जमा होने के कारण थाना प्रभारी ने वायरस की

गंभीरता को समझाते हुए खाली करने की हिदायत देते हुए अपील की किंतु नगरवासी व दुकानदारों द्वारा लापरवाही बरतने की खबर आती रही प्रशासन स्टेप्स दो से स्टेप्स तीन पर जाने से रोकने हेतु लोगों को खुद ही जागरूक होते हुए घरों के अंदर बंद रहेना होगा।

प्रशासन के सख्त कदम की नौबत ना आये: धारा144 लागू हैं पर देश में जहाँ लोगों प्रशासन के दिशानिर्देश का पालन नहीं करने के कारण चंडीगढ़, महाराष्ट्र मे कर्फ्यू लगा दिया गया यहाँ भी ना लगे इसके लिए लोगों को खुद जनता कर्फ्यू लागू करते रहने की आवश्यकता है।

छापामारी में अवैध शराब बेचते महिला गिरफ्तार

लवन। इन दिनों प्रदेश सहित दुसरे देशों में फैले नोवल कोराना वायरस एक गंभीर समस्या के रूप में ऊभरी हुई है, जिसके चलते छत्तीसगढ़ सहित पूरे प्रदेश में सरकार हाई अलर्ट हो गई है। कोरोना वायरस के प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा 22 मार्च से 25 मार्च तक प्रदेश की सभी मदिरा दुकान बंद करने की घोषणा की गई। वही मदिरा दुकान बंद होने का फायदा बलौदाबाजार मार्ग पर स्थित बांधा तालाब के पास एक महिला अपने घर में शराब भट्ठी से अपने पति, पुत्रों द्वारा बारी-बारी शराब इकट्ठा कर अपने घर में डंपकर मदिरा प्रेमियों को शराब मुहैया कराई

जा रही थी। जिस पर लवन पुलिस ने 23 मार्च के दोपहर करीब 1 बजे अवैध शराब बिक्री करने की मुखबीर की सूचना पर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान एक 40 वर्षीय महिला को अवैध शराब बेचते रंगे हाथ गिरफ्तार कर धर दबोचा।

लवन पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बांधा पार सड़क किनारे पर स्थित महिला विसाखा बाई केंवट उम्र 40 वर्ष पति सालिकराम केंवट निवासी ग्राम लवन वार्ड क्र. 01 पर रहती है। बांधा पार मुख्य मार्ग के किनारे पर एक अस्थाई हॉटल बनाकर लोगों को बिठाकर शराब पिलाती थी। जिस पर लवन चैकी प्रभारी पुरूषोत्तम कुर्रे ने कुछ दिन पहले ही समझाईस भी दिए थे।

दुकान खोलने पर निगम करेगी सील की कार्रवाई, जुर्माना भी

कोरबा। नगर निगम द्वारा अतिआवश्यक एवं चिन्हाकित सेवाओं, सामग्रियों के विक्रय की दुकानों को छोड़कर नियम के विरूद्ध दुकानों को सील करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके साथ ही संबंधित पर कड़ी कार्यवाही करने के साथ तथा भारी भरकम जुर्माना लगाया जाएगा। आयुक्त राहुल देव ने सोमवार को अपर आयुक्त अशोक शर्मा के साथ समूचे कोरबा शहर का दौरा कर नियम के विरूद्ध खुली दुकानों को बंद कराया। शहर का भ्रमण कर दुकानों के खुलने की स्थिति का जायजा लिया। कई स्थानों पर निर्धारित दुकानों के अलावा भी अन्य व्यवसाय व सेवा से संबंधित दुकानें खुली हुई मिली। अधिकारियो ने इन दुकान संचालकों को बंद करने के साथ ही समझाइश देते हुए कहा कि वे निषेधाज्ञा का पालन करें और दुकानों को न खोले, यदि उनके द्वारा दुकानों को खोला जाता है तो प्रशासन द्वारा दुकानों को सील करने की कार्यवाही किए जाने के साथ ही अन्य कड़ी वैधानिक कार्यवाही भी की जाएगी।

स्वच्छता दीदियों की उपकरण उपलब्ध रहे: आयुक्त राहुल देव ने कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव व नियंत्रण के संबंध में किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण कार्य में कार्यरत सुरक्षा दीदियों व कर्मचारियों की सुरक्षा हेतु सभी आवश्यक कदम उठाएं, उन्हें मास्क, सेनेटाइजर, ग्लब्स व अन्य सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने के साथ ही सभी एसएलआरएम सेंटरों में सेनेटाइजर, लिक्विड शॉप एवं अन्य साबुन उपलब्ध रहें, यह सुनिश्चित करें।

विक्रेता हाथों सैनिटाइज कर सामग्री बेचें

आयुक्त देव ने जोन उप प्रभारियों व मैदानी अमले को निर्देश दिया है कि कोई भी सब्जी, फल विक्रता विक्रय के समय आने वाले ग्राहक को सब्जी या फल को स्वयं छांटने की अनुमति न दें, ऐसा करने से मना करे तथा विक्रेता खुद ही अपने हाथ सेनेटाइज कर सामग्री का विक्रय करें।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन कार्ड धाराकों को एक साथ मिलेगा अप्रेल और मई का खाद्यान्न

महासमुंद। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत अन्योदय , प्राथमिकता ,निः शक्तजन , एकल निराश्रित एवं अन्नपूर्णा श्रेणी के राशन कार्ड धारकों को अप्रैल और मई माह का खाद्यान्न एक साथ दिया जाएगा। राज्य शासन द्वारा नोवेल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव एवं सावधानी बरतने के संबंध मे लिये गये निर्णय के अनुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन कार्ड धाराकों को एक साथ अप्रैल और मई का खाद्यान दिया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर श्री सुनील कुमार जैन ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी किये है। उन्होने जारी निर्देश मे कहा है कि राशन कार्ड धाराकों को दो माह का खाद्यान एक मुश्त वितरण करने के संबंध मे जानकारी उचित मूल्य के दुकानों के सूचना पटल पर प्रदशित किया जाए। इसका स्थानीय समाचार पत्रों, अन्य संचार मध्यामों तथा मुनादी के माध्यम से भी प्रचार प्रसार किया जाए।

कांकेर के शहीद हेमंत को दी गई नम आंखों से अंतिम विदाई

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। शनिवार को सुकमा में हुए माओवादियों से मुठभेड़ में 17 जवानों ने अपनी शहादत दी। जिसमें जिले के एक जाबांज ने माओवादियों के कायराना हरकत का जवाब देते हुए देश के लिए अपनी जान न्यौछावर कर दिया। शहीद को उसके गृह ग्राम डंवरखार में अंतिम श्रद्धांजली अर्पित किया गया।

नक्सल हमले में शहीद जवान हेमंत कुमार पोया के चाचा उमेश मंडावी ने बताया कि हेमंत बचपन से ही निडर और साहसी थे। पढ़ाई लिखाई से लेकर खेलकुद में हमेशा आगे रहे। पढ़ाई के दौरान ही उनमें देशप्रेम का जज्बा दिखाई देता था। वह हमेशा अपने परिजनों और दोस्तों से कहा करता था कि एक दिन पुलिस का जवान बनकर माओवादियों से लोहा लेते हुए अपनी जान देश को कुर्बान

कर देगा। इसी देश प्रेम के जज्बे के साथ 2013 में एसीएफ में भर्ती हुआ और माओवादियों को खतम करने का जज्बा दिल में लिए एसीएफ से एसटीएफ में ज्वाइंनिंग लिया। परिजनों ने बताया कि जवान जब भी छुट्टी में आता सबसे मिलता था और अपनी बातों को दोस्तों और परिजनों के साथ शेयर करता था । तब उसने बताया था कि अभी तक माओवादियों के साथ तीन बार मुठभेड़ हो चुका था। जिसमें हमने माओवादियों को मूंहतोड़ जवाब देते हुए हमेशा भागने पर मजबूर किया है। शहीद जवान के चाचा ने बताया कि वह मेरा भतीजा से ज्यादा दोस्त जैसा था, हमेशा अपनी दिल की बात उससे कहता था इस बार उसने कहा था कि जब भी माओवादियों के साथ मुठभेड़ होगा वह 10 माओवादियों को मार कर ही अपनी जान देगा लेकिन माओवादियों ने कायराना हरकत करते हुए जवानों को एंबुश में फंसाकर उनकी जान ले ली जिसमें मेरे बेटे हेमंत ने भी देश के लिए लड़ते हुए अपनी जान कुर्बान कर दिया। शहीद जवान को आखिरी सलामी व श्रद्धांजलि देने काँकेर कलेक्टर के एल चौहान पुलिस महानिरीक्षक डॉ संजीव शुक्ला पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सजंय कन्नौजे सहित कांग्रेस भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित रहे

न्यूज गैलरी

अवैध खोमचा संचालन पर चला प्रशासन का डंडा, धारा 144 के उल्लंघन पर हुई बड़ी कार्यवाही

धमतरी। ज्ञात हो कि कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए जिले में दिनांक 18-3-2020 से धारा 144 लागू किया गया। तथा शासन- प्रशासन द्वारा सक्त निर्देश देते हुए घोषणा किया गया कि धारा 144 का उल्लंघन करने पर सक्त कार्यवाही की जाएगी। इसी आदेश के तहत् धारा 144 के उल्लंघन पर बड़ी कार्रवाई प्रशासन ने की है यहां शराब दुकान के पास अवैध रूप से संचालित हो रहे खोमचे पर प्रशासन की टीम ने दबिश देकर बड़ी मात्रा में समान जप्त किए वही इस मामले में 6 लोगों के खिलाफमामला आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज भी किया गया है दरअसल नोवेल कोरोना वायरस की संभावनाओं एवं उसके संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रजत बंसल ने जिले में संचालित सभी खोमचो को बंद रखने के निर्देश दिए थे लेकिन कुछ बड़े व्यापारियो द्वारा इस फरमान को नजरअंदाज कर अवैध रूप से खोमचा चलाया जा रहा था स्थानीय बस स्टैंड धमतरी के पीछे स्थित शराब दुकान के करीब शहर के एक व्यापारी द्वारा खोमचा चलाये जाने के संबंध में मिली शिकायत के आधार पर राजस्व आबकारी नगर निगम तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गयी मिठाई फैक्टरी के सामने सड़क किनारे अवैध मदिरा पान करते हुए पाए जाने पर आबकारी अधिनियम की धारा 36;चद्ध के तहत छह व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है वही शराब पीने की सुविधा के लिए अवैध रूप से रखे गए लगभग 15 स्टील बेंच को नगर निगम अमले के द्वारा जब्त किया गया है।

फिर से मिला एक विदेशी नागरिक, गांव में मचा हडकंप

मगरलोड। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए शासन,प्रशासन द्वारा कडे कदम उठाये जा रहे है। वही देश में विदेशी पर्यटकों के आने पर रोक लगा दी गई है। तथा विदेशी पर्यटकों को अपने देश वापस जाने का फरमान जारी कर दिया गया। ऐसे में विदेशी पर्यटकों को देखकर लोगों में दहशत का माहौल बन गया है। ज्ञात हो

की तीन-चार रोज पूर्व नगरी में चार विदेशी पर्यटकों को देखा गया। जब उनसे पतासाजी किया गया तो वहां से निकल लिये। अब मगरलोड ब्लाक में ही एक अकेले विदेशी पर्यटक को देखकर ग्रामीणों में हडकंप मच गया । अभी इजराइल नागरिकों के धमतरी जिले में पहुंचने का मामला थमा ही नहीं था कि फिर एक विदेशी नागरिक के मिलने की सूचना है ।शनिवार की रात मगरलोड थाना क्षेत्र के ग्राम परसाबुड़ा में वहां के युवाओं ने एक विदेशी नागरिक को ऑटो सेंटर के पास सोए हुए देखा ।उठाने पर वह जर्मनी का प्रतीत हो रहा है और आंध्र प्रदेश की पासिंग बाइक से अकेले घूम रहा था। कहां से आया कहां जा रहा था और यहां कैसे पहुंचा अभी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। बहरहाल इसकी सूचना थाना और उच्च अधिकारियों को दे दी गई है

क्वॉरेंटाइन सेंटर में अब 18 नागरिक डाक्टरों की निगरानी में विदेश से घुमकर आये लोगों को रखा गया

धमतरी। विदेश घूम कर वापस आने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में रखा जा रहा है। जिले में 6 लोग नेपाल घूम कर आये हैं उन्हें भी क्वॉरेंटाइन सेंटर में रखा गया है। अब सेंटर में रहने वालों की संख्या 18 हो गई है। मालूम हो कि कोरोना वायरस को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन लगातार सतर्कता बरत रहा है। इसी कड़ी में विदेश घूम कर आने वालों पर खास नजर रखी जा रही है। चूंकि कोरोना वायरस को लेकर यह माना जाता है कि बाहर से आने वाले कोरोना वायरस संक्रमण के माध्यम बन सकते हैं लिहाजा उन्हें क्वॉरेंटाइन रखा जा रहा है। सेंटर में अब तक कुल 12 लोगों को रखा गया था उसके बाद स्वास्थ विभाग से जानकारी मिली है कि जिले से कुछ लोग और मिले है जो परसों ही नेपाल घूमकर आये हैं जोकि कुरुद क्षेत्र के रहने वाले हैं उन्हें भी डॉक्टरों की देखरेख में रखा गया है।

करोना कर्फ्यू का जबरदस्त असर चारों तरफ सिर्फ सुनसान सड़कें

- प्रधानमंत्री के अपील को किया सहयोग

धमतरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर रविवार को जनता कर्फ्यू घोषित किया गया । देश प्रदेश के साथ धमतरी में खासा असर देखने को मिला ।सड़कें सुनसान नजर आई। रामबाग सब्जी बाजार गोल बाजार ऐसा लग रहा था मानो सही में कर्फ्यू लगा हुआ है ।लोगों ने यही कहा कि अपने जीवन में ऐसी सुनसान शायद कभी नहीं देखी थी ।चारों तरफ सिर्फ सुनसान सड़कें दिखाई दे रही थी। पुलिस के जवान लगातार लोगों को जागरूक करते हुए दिखाई दिए। कोरोना से अब तक धमतरी जिला का अछूता है और यही दुआ कर रहे हैं कि धमतरी में एक भी पॉजीटिव केस ना मिले। इसी जंग में सब कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं । लक्ष्मी निवास चौक एमटीआई न्यूज़ आपको कोरोना से संबंधित पल पल खबरें लगातार पहुंचाता रहेगा।

ट्रैफिक जवान मुस्तैदी से चौक चौराहा में खड़े हैं दुकानें बंद है ऐसे में उन्हें पानी की समस्या हो सकती थी धमतरी जेसीआई शाइन अध्यक्ष टीडी सिन्हा ने सभी जवानों को पानी की बोतल उपलब्ध कराई। कलेक्टर ने की जनता कर्फ्यू के बाद भी नागरिकों से घरों में बने रहने व भीड़भाड़ से बचने की अपील कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रजत बंसल ने कोरोना वायरस कोविड.19 संक्रमण से बचाव के लिए आज 22 मार्च को जनता कर्फ्यू के दौरान जिलावासियों द्वारा किये जा रहे स्वस्फूर्त सहयोग की सराहना की है। कलेक्टर ने जनता कर्फ्यू रात 9 बजे के बाद भी यथासम्भव आगामी 31 मार्च तक लोगों से घरों में बने रहने तथा भीड़भाड़ से बचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस कोविड.19 संक्रमण से बचाव के लिए नागरिक के इसी प्रकार आगे भी सक्रिय सहयोग की अपेक्षा है। उन्होंने कहा है कि प्रशासन नागरिकों की मदद और जीवन रक्षा के लिए सदैव तत्पर है। कलेक्टर ने अपील करते हुए कहा है कि जिले में धारा 144 लगी है।

वैश्विक महामारी के रोकथाम के लिए प्रशासन ने झोंकी ताकत

- आम जनता को बचाने कलेक्टर की सक्रियता की सराहना

धमतरी। नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी बिल्डिंग गार्डन मंदिर मस्जिद चर्च चौक .चौराहे एबस स्टॉप रेलवे स्टेशन एकाम्प्लेक्स शहर के सारे दुकान एटीएम पेट्रोल पंप को सेनीटाइज किया गयाए 5.5 लोगों की 10 टीम बनाई गई थी और हर टीम की एक अधिकारी द्वारा मॉनिटरिंग की जा रही थीए सेनीटाइज करने वाले सभी लोगों को मास्क ग्लव्स गम बूट रेनकोट इत्यादि सुरक्षा उपकरण दिया गया था यहां कलेक्टर रजत बंसल की भूमिका की खास तारीफ करनी होगी वह इसलिए कि उन्होंने कोरोना से जंग लड़ने के लिए न सिर्फ पूरे प्रशासनिक अमले को एक्टिव किया बल्कि खुद भी कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। राजेश रायचुरा धमतरी। नोवेल कोरोना के संक्रमण ने कई देशों में बेहद तबाही मचाने का काम किया है

कोरोना के कुछ मामले भारत में भी सामने आए जिससे यहां भी संक्रमण फैलाने का खतरा बढ़ गया थाए जिसे भांपते हुए एक ओर शासन के द्वारा तत्परता के साथ वे सभी निर्णय लिए जिससे कि कोरोना को थामकर रखा जा सकेए वहीं जिला प्रशासन ने पूरी ताकत झोंक दीए हर वह उपाय किए जा रहे हैं जिससे कि कोरोना के संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। इसका अच्छा परिणाम सामने भी आ रहा है लोग प्रशानिक कसरत को देख जागरूक हुए। धमतरी जिले के लिए यह राहत की बात है कि अब तक कोरोना पीड़ित एक भी मरीज नहीं मिला है न हि कोई संदिग्ध मरीज मिला कि जिससे कोरोना फैलने का खतरा रहे।जिस तरह से प्रशासन सक्रिय होकर काम कर रहा उससे आगे भी अच्छे परिणाम की उम्मीद की जा सकती है। यहां कलेक्टर रजत बंसल की भूमिका की खास तारीफ करनी होगी वह इसलिए कि उन्होंने कोरोना से जंग लड़ने के लिए न सिर्फ पूरे प्रशासनिक अमले को एक्टिव किया बल्कि खुद भी कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। नोवेल कोरोना एक ऐसा वायरस है जो छूने व सम्पर्क में आने से फैलता है ।

आवश्यक सेवाएं सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक ही चालू रहेंगी

- कलेक्टर ने जारी किया आदेश

डोंगरगढ़ । कोरोना वायरस के खिलाफ जंग में धर्मनगरी में कोरोना के कहर के खिलाफ जनता कर्फ्यू का असर देखने को मिला पुरे शहर के दुकानदारों समेत आम नागरिकों ने जनता कर्फ्यू के चलते दिन भर अपने अपने घरों में नजर आये वहीं शाम के 5 बजें पूर्व ही पूरे शहर के नागरिकों ने अपने अपने छतों में जाकर थाली बजाने के अलावा होम थियेटर के के माध्यम से अपना समर्थन दिया । राजनांदगांव जिले के कलेक्टर द्वारा लगातार प्रयास जारी है इसी क्रम में जनता कर्फ्यू के दिन जिला कलेक्टर जेपी मौर्य ने सभी नगरीय निकायों में स्थित मैरिज हॉल को अधिग्रहित कर लिया है। तथा जिनको भी सर्दी खांसी जैसी शिकायतें हैं वह सेल्फ क्वॉरेंटाइन में खुद को रख

ट्रकों का पहिए थमा

शहर से होकर गुजरने वाले सैकड़ो की तादाद में ट्रकों के पहिए थम गया है, खैरागढ़ रोड अछोली वनोपज नाका में बेरिकेटिंग लगाकर प्रशासन ने गुजरने वाले सैकड़ो ट्रकों को रोक दिया है । ट्रक ड्राइवर, क्लीनर खासे परेशानी से गुजर रहे है खाना पीना से लेकर पिने के लिए पानी भी नसीब नहीं हो रहा है

सब्जी बाजार में सन्नाटा

शहर में लगने वाले सब्जी मार्केट भी कोरोना की चपेट के चलते वीरान हो गया है । कर्फ्यू के बीच घर के जरूरत सामानों के लिए बाहर निकल रहे लोगो को सब्जी भाजी भी नसीब नहीं हो पा रहा है, हाट बाजार में लगने वाले सब्जी दुकानों को भी देर शाम प्रशासन ने पूर्ण रूप से बंद करा दिया आम नागरिकों को दो दिन की कर्फ्यू ने खाद्य सामानों की किल्लत से निपटते देखा गया ।

सकते हैं, इसके लिए ऐसे लोग भुगतान करके मैरिज हॉल में शिफ्ट हो सकते हैं। इसके अलावा राजनांदगांव कलेक्टर द्वारा आगे बताया गया कि अगले 5 अप्रैल तक राजनांदगांव जिले के सभी नगरीय निकायों की सभी दुकानें बंद रहेंगी तथा आने वाले समय में स्थिति को देखते हुए हालात पर काबू पाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए जाते रहेंगे। आगे उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन अपनी तरफ से पूरी कोशिश कर रहा है और सभी आवश्यक उपाय किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री द्वारा आह्वान किये गये जनता कर्फ्यू के बारे में उन्होंने कहा कि जिले की जनता प्रशासन को पूरा सहयोग कर रही है लोग अपने घरों में ही रहकर जनता कर्फ्यू का समर्थन कर रहे हैं।

अन्य राज्यों में कार्य करने अथवा भ्रमण पर गए थे ,उन्हें गांव आने से न रोका जावे : कलेक्टर चौहान

कांकेर । कलेक्टर श्री के.एल. चौहान ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि जिले के लोग जो कि अन्य राज्यों में कार्य करने अथवा भ्रमण हेतु प्रवास पर थे, जो अपने घर वापस आ रहे हैं, उन्हें पंचायत प्रतिनिधि अथवा ग्रामीणों के द्वारा गांव में आने से नहीं रोका जावे, यदि किसी व्यक्ति को खांसी, बुखार या अन्य तकलीफहो तो उन्हें घर में ही रहने की समझाईश दी जावे तथा स्थानीय अस्पताल अथवा स्वास्थ्य अमले से जांच काराया जावे।

ट्रक ने बाइक को मारी ठोकर, दो घायल

कांकेर। कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को सुबह करीब 10.45 बजे एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो लोगों को अपनी चपेट में ले लिया । दुर्घटना में पिता पुत्र बाल बाल बच गए और उन्हे गंभीर चोट आने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सातलोर निवासी युधिष्ठिर साहू ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 23 मार्च को सुबह करीब 10.45 बजे अपने मोटरसायकल क्रमाक सीजी 19 बीए 1173 से अपने बेटे के साथ कांकेर किसी काम से जाने के लिए निकले थे। गांव से निकलते हुए बेवरती पुल के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमसी 0443 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक बाइक को पीछे से ठोकर मार दिया जिससे कि सडक़ पर दोनों गिर गए । दुर्घटना में पिता पुत्र दोनों को गंभीर चोट आने पर राहगीरों ने अस्पताल पहुंचाया। रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले कि विवेचना पुलिस कर रही है।

गाली गलौज व मारपीट, जुर्म दर्ज

कांकेर। छोटे बेठिया थाना क्षेत्र के ग्राम पीवी 92 में एक युवक कुछ दिनों से गाली गलौज करते आ रहा था जिसे समझाने पर मााारपीट करने लगा। जानकारी के अनुसार ग्राम पीवी 92 निवासी उमाशंकर शर्मा ने थाना में मामला दर्ज कराते हुए बताया कि गांव के ही राजेश भास्कर (22)पिता रविन्द्र सरकार के द्वारा उसके भाई के साथ 18 मार्च से अब तक उसके भाई के साथ गाली गलौज करते रहता है बोलकर समझाने गया तो वह आवेश में आकर उसके साथ मारपीट करने लगा। रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज कर मामले कि विवेचना पुलिस कर रही है।

बिछड़ी मानसिक विक्षिप्त महिला को काँकेर पुलिस ने परिवार से मिलाया

कांकेर। काँकेर पुलिस का मानवीय चेहरा अपने परिवार से बिछड़ी मानसिक विक्षिप्त महिला को परिवार से मिलाया। 22 मार्च को नरहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धनेसरा के ग्रामीणों द्वारा थाना नरहरपुर को सूचना दिया गया कि ग्राम धनेसरा में एक विक्षिप्त महिला गांव में घूम रही है, उक्त सूचना की तस्दीक पर थाना से रवाना होकर ग्राम धनेसरा जाकर तस्दीक किया गया ग्राम धनेसरा एक महिला जो मानसिक विक्षिप्त प्रतीत हो रही थी जिससे पूछताछ करने का प्रयास किया गया परंतु उक्त महिला मानसिक विक्षिप्तता होने के कारण कोई भी जानकारी नहीं दे पा रही थी, उक्त महिला को थाने में पदस्थ महिला स्टाफ की सहायता से थाना नरहरपुर लाया गया थाने में पदस्थ महिला अधिकारियों द्वारा उक्त महिला को भोजन कराया गया एवं पूछताछ किया गया पूछताछ पर वह महिला सिर्फ दंतेवाड़ा में रहती हूं केवल इतना ही बता पा रही थी उक्त आधार पर पुलिस अधीक्षक भोजराम के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस तस्लीम आरिफ के पर्यवेक्षण में दंतेवाड़ा, जगदलपुर, बीजापुर क्षेत्र में शोसल नेटवर्किंग साइट्स फेसबुक एवं व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से महिला के परिजनों के संबंध में पतासाज़ी हेतु महिला की फोटो पोस्ट कर प्रसारित किया गया।

अफवाह फैलाने की वजह से जिले में हुई पहली एफआईआर

धमतरी। भारत द्वारा कोरोना वायरस को वैश्विक महामारी घोषित करने के बाद जहां कोरोना वायरस से पाजिटिव लोगों को पहचाना जा रहा है। वही अफवाह की वजह से दहशत का महौल बन रहा है। धमतरी जिले के कुरूद ब्लाक में एक कंपनी के अधिकारी द्वारा कंपनी में कार्यरत कर्मचारी के कोरोना वायरस पाजिटिव बताने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जबकि जिले में आज दिनांक तक किसी भी प्रकार का कोरोना पाजिटिव नही है। धमतरी जिले में कोरोनावायरस पॉजिटिव की जो खबरें सोशल मीडिया में प्रसारित हुई थी वह फेक न्यूज़ निकली ।इस बीमारी से कोई ग्रसित नहीं हुआ था इस मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। सिविल अस्पताल कुरूद के डॉ जेपी दीवान ने कुरुद थाना में लिखित शिकायत की है कि उनके पास 21 मार्च को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा यह कहा गया कि उन्हें किसी अन्य ने बताया है कि भाटापारा द्वारा बजाज फाइनेंस के कुरूद ब्रांच में काम करने वाले को कोरोना वायरस से ग्रसित होने के कारण इलाज के लिए एम्स अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है और उन्हें उस व्यक्ति के संक्रमण का खतरा है ।तब इस संबंध में उस अज्ञात व्यक्ति को डॉ दीवान ने सांत्वना देते हुए चेकअप की सलाह दी ।इस संबंध में उन्होंने जिला कार्यालय से संपर्क कर जानकारी ली जिससे पता चला कि यह जानकारी भ्रामक है।

सरहदी नाकेबंदी प्वाइंट चेकिंग पर दो तस्कर 23 किलों गांजा समेत पुलिस की गिरफ्त में

धमतरी। 23 किलो गांजे के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस अधीक्षक बी.पी. राजभानु और एएसपी मनीषा ठाकुर के द्वारा समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को उनके क्षेत्र अंतर्गत सरहदी नाकेबंदी प्वाइंटों में वाहनों की चेकिंग करने निर्देशित किया गया। इस दौरान कोलियारी मेन रोड नहर के पास एक सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार आते हुए दिखाई देने पर नाकेबंदी पॉइंट पर लगे थाना अर्जुनी के पुलिस स्टाफके द्वारा उक्त वाहन को रुकवा कर कार में बैठे 02 व्यक्तियों से पूछताछ किया गया। जिस पर स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक

एमपी 06 सीए 4702 में बैठे दोनो व्यक्तियों के द्वारा सही जवाब नहीं दिए जाने एवं उनकी गतिविधियां संदिग्ध लगने पर पुलिस स्टाफ के द्वारा संदेहियों और उनके कार को चेक करने पर कार के अंदर 16 पैकेट में कुल 23 किलो 700 ग्राम मादक पदार्थ गांजा मिला।

हजान भी बंद

मस्जिदों में पांच लोगों को प्रवेश, बाकी लोगों को घर से नहीं निकलने के निर्देश

कोरोना से निपटने मुस्लिम समाज मस्जिदों में बरत रहा सतर्कता

काँकेर। कोरोना की आपदा को लेकर जहाँ इन दिनों सरकार व जिला प्रशासन के द्वारा सभी सामाजिक स्थलों के अलावा धार्मिक स्थलो पर सतर्कता बनाए रखने की अपील किया जा रहा है। कोरोना व प्रशासन की अपील को मानते हुए मुस्लिम समाज द्वारा नगर की जामा मस्जिद सिबतैंन रज़ा मस्जिद रज़ा मस्जिद सिंगारभाठ में कोरोना को लेकर मस्जिद में सेनेटाइजर साबुन व मस्जिद में टॉवेल को हटाकर मुस्लिम समाज से अपील किया गया

हैं।कि वे मस्जिदों में सतर्कता बनाए रखे ।साथ ही सभी को सेनेटाइजर रुमाल मास्क का इस्तेमाल कर इस आपदा से निपटने प्रशासन का सहयोग किया जाए। तथा मस्जिद में नमाज पढ़ने से पहले साबुन से हाथ धोकर अपने घर से नैपकिन रुमाल लेकर आने की सलाह समाज के विशिष्ट लोगो द्वारा समझाइश दिया जा रहा है। मुस्लिम समाज के लोगो ने इस विकट स्थिति में सरकार व जिला प्रशासन के हर निर्देशो का पालन सख्ती से कराने का फैसला लिया गया है।साथ ही समाजजनो से कहा गया हैं।की मस्जिद में नमाज़ के लिए ना आए ।और घरो में नमाज़ पढ़ने की सलाह दिया गया है। समाज के वरिष्ठ जनों से खास बात पर जोर देते कहा है।की 60 या उससे अधिक के बुजुर्ग व्यक्ति अभी पूरी तरह से सतर्कता बरते ।क्योंकि कोरोना वायरस बुजुर्ग व्यक्ति पर सबसे ज़्यादा खतरा बना हुआ है।

नागालैंड के कानून का हवाला देकर रेत का हो रहा था व्यापार

- जिला खनिज अधिकारी ने रशीद बुक जब्त कर वन विभाग से जाना रेत बिक्री के नियम
- दोनों विभाग के अधिकारों के कार्यवाही व नियम को लेकर उठ रहे अनेकों सवाल

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। कोरिया वनमंडल बैकुंठपुर में इन दिनों अजब गजब कारनामे देखने को मिल रहे है,एक तो चिरमिरी और खड़गवां परिक्षेत्र के अतिरिक्त प्रभारी आगामी मई महीने में सेवानिवृत्त होने वाले है इसके पूर्व खड़गवां परिक्षेत्र के लिए वनमण्डलाधिकारी,मुख्य वन संरक्षक और यहाँ तक की प्रधान मुख्य वन संरक्षक द्वारा भी उक्त परिक्षेत्र के लिए प्रभारी अधिकारी की नियक्ति आदेश जारी किया जा चुका है परंतु आज दिनांक तक अतिरिक्त प्रभार का जिम्मा सम्हाल रहे अधिकारी ने नए पदस्थ अधिकारी को प्रभार नही दिया वही दूसरी और वन परिक्षेत्र अधिकारी चिरमिरी के द्वारा बंजारीडांड और बहालपुर के नदियों से नागालैंड के कानून के आधार पर बकायदा रशीद काटकर रेत की बिक्री करने का निर्देश भी वन ग्राम समिति को दे दिया जिसकी शिकायत मिलने पर जिला खनिज अधिकारी ने रेत परिवहन बन्द कराते हुए वन सीमा में अपने अधिकार से बाहर जाते हुए वन विभाग के रशीद बुक व दस्तावेज जब्त कर वन विभाग को पत्रचार कर रेत बेचने सबंधित नियम और अधिकारों के बारे में पत्राचार कर पूछा है जिसके बाद इन दोनों विभाग में शासन से अपने अपने प्रदत अधिकारों को लेकर चर्चा जोरों पर है,हालांकि जिला खनिज अधिकारी को जवाब वन विभाग ने लिखित में प्रस्तुत कर दिया है किन्तु खनिज विभाग ने किस नियम के आधार पर वन सीमा में कार्यवाही की इसे लेकर चुप्पी साध ली वही खनिज अधिकारी ने इस मामले में जाच होने के पूर्व तक कुछ भी कहने से इंकार कर दिया जब कि जिले के राजस्व छेत्रो में हो रहे अवैध रेत उत्खनन व परिवहन में खनिज विभाग के द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नही होने को लेकर भी सवाल उठना लाजमी हैं !

विदित है कि कुछ दिन पूर्व कोरिया वन मण्डल अंतर्गत वन परिक्षेत्र चिरमिरी के परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा ग्राम वन समिति के माध्यम से बकाया निर्धारित शुल्क लेते हुए रशीद काटकर रेत का बिक्री किया जा रहा था,जिसको जिला खनिज अधिकारी ने नियम विरुद्ध बताते हुए वन विभाग के रशीद बुक एवं अन्य दस्तावेज जब्त करते हुए लिखित में जवाब प्रस्तुत करने पत्राचार किया था।जिसके जवाब में वन विभाग ने अपने जवाब में छत्तीसगढ़ को छोड़कर नागालैंड के कानून का हवाला देकर रेत बेचने की प्रक्रिया को सही बताया है ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या छत्तीसगढ़ में वन विभाग के नदियों से रेत बिक्री के लिए अपना कोई कानून नही है? आखिर ऐसी क्या परिस्थिति आन पड़ी की छत्तीसगढ़ राज्य के नियम कानून दरकिनार कर अचानक नागालैंड के नियम कानून के आधार पर नदियों से रेत बिक्री का काम शुरू करना पड़ा,इस विषय को छत्तीसगढ़ सरकार और खासकर वन विभाग के मंत्रालय को संज्ञान में अवश्य लेने की आवश्यकता है।

रेत बिक्री के नागालैंड कानून के संबंध में जब वन विभाग के एस डी ओ बैकुंठपुर जेनी कुजूर मैडम से चर्चा की गई तो से उन्होंने कहा कि नियम के अनुशार ही छेत्र के अधिकारी ने वन समिति को काटने का निर्देश दिया था जहाँ लिए गए सुल्क को बैंक में जमा किया गया है खनिज विभाग ने रिकार्ड जप्त किया था जिसका जवाब विभाग के द्वारा दिया गया है अभी तक खनिज विभाग ने रिकार्ड वापस नही किया है ।

न्यूज गैलरी

मेडिकल स्टोर खुला रहेगा

बालोद। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रानू साहू ने संशोधित आदेश जारी कर अत्यावश्यक सेवाओं के प्रदाय हेतु निजी संस्थानों के खुलने का समय प्रातः 07 बजे से 02 बजे अपरान्ह तक निर्धारित किया है। जिसकी सूची निम्नानुसार है। निजी संस्थाएॅः- दैनिक उपयोग की वस्तुओं को बेचने संबंधी किराना दुकान, प्रोविजन स्टोर, सब्जी एवं फल से संबंधित स्थाई दुकान, पेट्रोल पम्प, गैस एजेंसियॉ, गुड्स कैरियर से संबंधित सेवाएँ एवं उनको संचालित करने वाले संस्थान, मोबाईल रिचार्ज दुकान एवं सब्जी मंडियॉ शामिल है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने जारी आदेश में कहा है कि उपरोक्त आदेश का पालन जिले के समस्त प्रतिष्ठान के संचालक करना सुनिश्चित करेंगें। निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने वालों के खिलाफकठोर कार्यवाही की जाएगी।

शौचालय के लंबित प्रोत्साहन राशि हेतु दावा प्रस्तुति

बीजापुर। भारत सरकार द्वारा व्यक्तिगत परिवारिक शौचालय निर्माण की समस्त लंबित प्रोत्साहन राशि का भुगतान एवं आई.एम आई.एस में प्रविष्ठी 31 मार्च 2020 के पूर्व किया जाना अनिवार्य है। 31 मार्च के पश्चात् भारत सरकार द्वारा व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय की लंबित प्रोत्साहन राशि का भुगतान नही किया जावेगा। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत निर्मित किसी भी शौचालय की प्रोत्साहन राशि ग्राम पंचायत या हितग्राही को किसी भी कारणवश जिले द्वारा भुगतान नहीं हुआ हो तो वह अपना दावा प्रस्तुति पूर्ण दस्तावेज एवं अभिलेखों के साथ 30 मार्च 2020 तक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण शाखा जिला पंचायत अथवा वाटसएप् नं. 9399997043 पर तत्काल भिजवाना सुनिश्चित करे। जिससे कि त्वरित कार्यवाही करते हुए व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय की लंबित राशि का भुगतान समय सीमा में किया जा सके।

अधिक कीमत पर मास्क बेचने वाले को जांच टीम ने पकड़ा

भाटापारा । कोरोना के संक्रमण से बचाव में उपयोगी मास्क की मुनाफाखोरी करने वाले जिला मुख्यालय के एक दुकानदार के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज कर कार्रवाई के लिए कलेक्टर को अनुशंसा की गई है। तहसीलदार श्री गौतम सिंह के नेतृत्व में गठित जांच टीम ने शिकायत के आधार पर दशहरा मैदान स्थित एवन डेली नीड्स एवं जनरल स्टोर्स दुकान में दबिश दी। मौके पर मौजूद खरीदार कुलदीप पटेल से पूछ-ताछ किया। उन्होंने बताया कि 30 रुपये प्रति नग के हिसाब से मास्क खरीदे गए हैं। दुकानदार ने भी इस दर पर मास्क बेचना कबूल किया। उनके दुकान से 51 नग मास्क बरामद कर पंचनामा तैयार किया गया। कलेक्टर ने कार्रवाई के लिए जांच टीम की पीठ थपथपाई है तथा और तेज़ी से मुनाफाखोर तथा जमाखोरों के खिलाफकार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मौके का फायदा उठाकर आम जनता का शोषण करने वाले मुनाफाखोरों को बख्शा नहीं जाएगा।

5 बजते ही लोगों ने किया शंखनाद

भाटापारा। कोरोना वायरस के रोकथाम के लिए प्रधान मंत्री द्वारा 7 से 9 बजे तक के जनता कर्फ्यू के बीच शाम 5 बजे लोगो को अपने घरो से थाली और ताली पिटने का जबरदस्त असर शहर में देखने को मिला। शहर वासियो को 5 बजने के 5 दस मिनट पूर्व ही अपने घरो की छ तो और बालकनियों में देखा गया और उनका उत्साह 5 बजते ही देखने को मिला जब लोग हाथ में थाली,मंजीरा,शंख,आदि सामानों के साथ घर के बाहर निकल कर अपनी खुशी का इजहार करते हुए उन सभी के प्रति धन्यवाद दिया जिन्होंने उनकी रक्षा सुरक्षा को लेकर अपना योगदान दिया।

शहर में 5 बजे का समय कोई युद्ध जितने के बरोबर दिखा जहाँ सब तरफलोगो के घरो के ऊपर से,घर के बाहर से,थालियां पिटने की आवाज सुनाई नही दे रही हो।लोगो की जागरूकता का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है की 5 मिनट के शंख नाद के बाद, अपनी अपनी खुशी जाहिर करने के बाद लोग स्वयं वापस अपने घरो में चले गए और वापस मोबाईल और टी वी की दुनिया में खो कर देश विदेश की खबरों को देखते सुनते रहे।

कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए यूनिसेफ माध्यम से ऐडवाइजरी देने के निर्देश

बीजापुर। मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं सचिव जिला स्वच्छ भारत मिशन जिला पंचायत बीजापुर द्वारा समस्त जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी को कोरोना वायरस के रोकथाम के संबंध में यूनिसेफ द्वारा जारी ऐडवाइजरी का पालन सुनिश्चित किया जाने के निर्देश दिए गए। जिसमें प्रत्येक ग्राम पंचायत/ ग्राम में ग्राम पंचायत सचिव एवं सक्रिय स्वच्छाग्रहियों (स्व सहायता समूह) के माध्यम से घर-घर भ्रमण कर अधिक से अधिक लोगों को साबुन से हाथ धुलाई को बढ़ावा दिए जाने एवं साफ सफाई का विशेष ध्यान रखे जाने हेतु अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराया जाये।

दीनदयाल अंत्योदय योजन अंतर्गत रियुजेबल मास्क तैयार किया जा रहा

बालोद। नगर पालिका प्रशासन की पहल पर मास्क की बढती मांग को पूरा करने के लिए दीन दयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत गठित स्व सहायता समूह मुस्कान, सरस्वती बचत साख समूह एवं आयुष्मान स्व सहायता समूह आदि के द्वारा रियुजेबल मास्क तैयार किया जा रहा है । कुछ समूहों द्वारा स्वयं के खर्चे पर मास्क तैयार किया जा रहा है। जिसे वह सस्ते दामों में लोगों को उप्लब्ध करवायेंगी। वहीं कुछ समूहों को एस डी एम सिल्ली थामस के पहल पर व्यापारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा मुफ्त में कपडा उप्लब्ध करवाया गया है । इन मास्क के लिए ये समूह केवल मेहनताना ही लेंगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी विकास पाटले ने बताया कि अभी और समूहों को मास्क बनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है । नगर पालिका परिषद बालोद के अध्यक्ष श्री विकास चोपडा ने महिलाओं के इस नेक कार्य के लिए सराहना की और बताया कि नगर पालिका द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर हैण्ड वॉश की व्यवस्था भी की गयी हैं।

रेलवे स्टेशन हुआ लॉक डाउन

भाटापारा। जिले का एक मात्र रेलवे स्टेशन पूरी तरह लाक डाउन हो गया है। रेल मंत्रालय के निर्देश के बाद पी आर एस खिड़की को भी बंद कर दिया गया है, लेकिन स्टेशन में नियमित रूप से साफ सफाई जारी है जो की आज की जरूरत भी है। कोरोना वायरस के मद्दे नजर रेल प्रसाशन ने आगामी 31 मार्च तक यात्री ट्रेनों की आवाजाही को पूर्णतया बंद कर दी है। स्थानीय रेलवे स्टेशन के सभी टिकट खिड़की,पूछताछ केंद्र के बाद आरक्षण खिड़की को भी 31 मार्च तक के लिए बंद कर दिया गया और खिड़की के समक्ष बकायदा बन्द होने की सुचना भी चस्पा कर दी गई है। ट्रेनों की आवाजाही बंद होने के चलते पुरे स्टेशन पर सन्नाटा छाया हुआ है जो की लोगो के लिए एक यादगार बन गया है क्योंकि भाटापारा स्टेशन में रोजाना हजारो यात्रियो का आना जाना बना रहता है ऐसे में स्टेशन का सुना सुना रहना लोगो के लिए उत्सुकता का विषय बना हुआ। वही स्टेशन में सुरक्षा को लेकर आर पी एफने मोर्चा संभाल लिया है और स्टेशन में किसी को आने से पहले उसकी पूछ ताछ हो रही है।

उत्तरायण ने कोरोना को लेकर बांटा पाम्पलेट

भाटापारा। नगर की सामाजिक संस्था उत्तरायण व्दारा राष्ट्रीय आपदा कोरोना वायरस की भयानकता को देखते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कोरोना वायरस जागरूकता की अपील पर नगर की सामाजिक संस्था उत्तरायण व्दारा रामसप्ताह चौक से जागरूकता संपर्क अभियान के अंतर्गत नगर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण कर जागरूकता परचे वितरित कर जनमानस को कोरोना के प्रति सावधानी बरतने का संदेश देते हुये कहा कि जब हम सावधानी रखेगें तभी सुरक्षित रहेगें । उत्तरायण की इस संदेश यात्रा में संस्था के अध्यक्ष घनश्याम पुरोहित ,रमेश गुप्ता, सुभाष भटटर,नरेन्द्र गुप्ता, आशीष पुरोहित ,पार्षद रविन्द्र पुरोहित नंदलाल शर्मा , गोपाल पुरोहित ,तोरण कुमार साहू ,हरेश धामेचा सहित रामसप्ताह चौक युवा मंडल के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा ।

दो माह का राशन मिलेगा एक साथ

भाटापारा। सरकार ने राशन कार्ड धारियों को कोरोना वायरस के चलते माह अप्रैल और मई महीने का राशन देने का निर्णय लेते हुए उक्ताशय का आदेश सम्बंधित कलेक्टरों को प्रेषित कर दिया है। राज्य सरकार के खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के विशेष् सचिव मनोज कुमार सोनी ने उक्ताशय का आदेश जारी किया।

सरकार ने आयुक्त सह संचालक खादय नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर.संचालनालय रायपुर, प्रबंध संचालक छग स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन रायपुर एवं समस्त कलेक्टर छत्तीसगढ को पत्र जारी कर निर्देशित गया है कि राज्य में कोविद-19 कोरोना वायरस के संक्रमण के प्रबंधन के अंतर्गत सार्वजनिक वितरण प्रणाली में अन्त्योदय प्राथमिकता निःशक्तजन, एकल निराश्रित एवं अन्नपूर्णा श्रेणी के राशनकार्डधारकों को माह अप्रैल एवं मई 2020 का चावल एक मुश्त माह अप्रैल 2020 में उठाये हेतु ,आगे पत्र में उल्लेखित किया गया है कि उपरोक्त राशनकार्डधारकों में से अन्त्योदय प्राथमिकता एवं अन्नपूर्णा श्रेणी के राशनकार्डधारियों को चावल के साथ दो माह अप्रैल एवं मई 2020 का नमक एवं शक्कर भी एकमुश्त वितरण किया जावे ।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

सीएम ने कई प्रारूपों....

बलौदाबाजार-भाटापारा, गरियाबंद, बेमेतरा और बालोद जिले को प्राधिकरण क्षेत्र में शामिल किया गया। मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से स्वीकृत राशि का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ शासन कार्य (आबंटन) नियम में संशोधन, जिसके तहत आयाकट विभाग को विलोपित कर आबंटित विषयों को जल संसाधन विभाग में समाहित करने का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग का 18वॉ वार्षिक प्रतिवेदन (01 अप्रैल 2018 से 31 मार्च 2019) का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ आबकारी (संशोधन) विधेयक-2020 का अनुमोदन किया गया। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत उचित मूल्य दुकानों के आवंटन में नई संस्थाओं को अवसर प्रदान करने हेतु सहकारी समितियों और महिला स्वसहायता समूहों के अनुभव संबंधी योग्यता को 3 वर्ष के स्थान पर 3 माह पूर्व पंजीकृत एवं कार्यरत होने की योग्यता निर्धारित करने का निर्णय लिया गया। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत चना वितरण के संबंध में निर्णय लिया गया कि 01 अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2021 तक आवश्यक चने का उपार्जन बाजार से खुली निविदा कर किया जाएगा। छत्तीसगढ़ गठन के पूर्व एवं पश्चात् मोटरयानों पर बकाया कर के ''एकमुश्त निपटान योजना-2020 का निर्णय लिया गया। जिसके तहत त्रैमासिक एवं मासिक कर देय वाहनों में 31 मार्च 2013 तक वाहन में अधिरोपित लंबित कर की राशि तथा अधिरोपित लंबित शास्ति एवं ब्याज की राशि में पूर्णतः छूट दिया जाएगा। इसी तरह त्रैमासिक एवं मासिक कर देय वाहनों में एक अप्रैल 2013 से 31 दिसंबर 2018 तक अधिरोपित लंबित शास्ति की राशि में पूर्णतः छूट के साथ ही वाहनों में लंबित कर एवं अधिरोपित ब्याज देय होगा। प्रदेश में मुख्यमंत्री सुपोषण योजना प्रारंभ प्रारंभ करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी (संशोधन) विधेयक-2020 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। सहकारी शक्कर कारखाना कवर्धा, पण्डरिया, बालोद और अंबिकापुर में पी.पी.पी. मोड में ईथनॉल प्लांट स्थापित करने की सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई। छत्तीसगढ़ में निवेश को बढ़ावा देने नवीन पर्यटन नीति-2020 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया है। जिसमें राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने, पर्यटन को उद्योग का स्वरूप देने के साथ ही पर्यटन गतिविधियों में स्थानीय समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। प्रस्तावित छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश नियम-2019 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक-2020 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक-2020 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक-2020 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ (संशोधन) विधेयक-2020 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) (संशोधन) विधेयक-2020 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। जिसके तहत श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के रूप में एक निजी विश्वविद्यालय की स्थापना के विधेयक का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ जिला योजना समिति (संशोधन) विधेयक-2020 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। जिसमें नवीन जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही के लिए जिला योजना समिति का गठन शामिल है।

21 दिन पूरा...

कीजिए जिनके कारण इस वायरस का नामोनिशान न रहे। आप 24 घंटे काम कर रहे मीडिया के लोगों के बारे में सोचे पुलिस कर्मियों के बारे में भी सोचे जो अपने घर परिवार की चिंता किए बिना दिन रात ड्यूटी कर रहे हैं और गुस्सा भी झेल रहे है।

जीवन बचाने को देनी होगी सर्वोच्च प्राथमिकता

केंद्र व राज्य सरकारें तेजी से काम कर रही है। लोगों को असुविधा न हो इसके लिए नितरंतर कोशिश कर रही है। सभी आवश्यक वस्तुओं की पूर्ति के लिए उपाय कर रहे हैं। गरीबों के लिए मुश्किल वक्त लाई है। गरीबों को मुसीबत कम हो इसके लिए जुटे हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा- साथियों जीवन जीने के लिए जो जरूरी हैं उन प्रयासों के साथ ही जीवन बचाने के लिए जो जरूरी है उसे सर्वोच्च प्राथमिकता देनी ही होगी। चिकित्सा व्यवस्था को सदृढ़ किया जा रहा है।

हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने 15 हजार करोड़

देश के हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने 15 हजार करोड़ का प्रावधान किया है। इसमें आइसोलेशन बेड, वेंटिलेटर, साथ ही मेडिकल व पैरामिडकल स्टाफ को प्रशिक्षण दिया जाएगा। सभी राज्यों को हेल्थ केयर को ही प्राथमिकता देनी चाहिए। प्राइवेट लैब व प्राइवेट अस्पताल भी सरकार के साथ काम करने के लिए सामने आ रहे हैं।

अफवाहों से दूर रहें

कई बार अफवाहे भी जोर पकड़ने लगती है। ऐसी अफवाहों से बचें। आपके द्वारा निर्देशों का पालन करना जरूरी है। बिना डॉक्टर की सलाह के कोई भी दवा न लें। ऐसा करना और खतरनाक होगा। मुझे विश्वास है कि हर भारतीय शासन प्रशासन के निर्देशों का पालन करेगा। हमारे पास यही एक रास्ता है। कानून का पालन करते हुए बंधनों को स्वीकार करें।

समझाईश, सख्ती और...

की दुकानों पर लोगों को देखा गया। राजधानी पुलिस के द्वारा चौक चौराहे पर बैरिकेट लगाकर अनावश्य रूप से वाहनों में घूम रहे लोगों को पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए घरों में वापिस भेजा। साथ ही जरुरी काम से जा रहे लोगों से पूछताछ कर उन्हें उनके गंतव्य स्थान तक जाने दिया गया। पुलिस ने लोगों से अपील करते हुए चेताया कि लॉक डाउन का पालन करे और जरुरत हो तभी वो घर से निकले। इस दौरान कई बाजारों में जरूरी खाद्य पदार्थों की दुकानों के अलावा कुछ अन्य दूकान खोली गई जिसको पुलिस ने बंद कराया और लॉक डाउन पर पूरी तरह अमल करने की अपील की। कई स्थानों में बेवजह खड़ी भीड़ को भी पुलिस ने वापस अपने घरों को जाने की हिदायत दी। तेलीबांधा, पुरानी बस्ती, टिकरापारा, शंकर नगर, पंडरी समेत कई स्थानों पर पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया और बेवजह अपने वाहनों पर घूम रहे लोगों को चेताते हुए, नहीं मानने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई। बता दें लॉक डाउन के पहले दिन लोगों ने जमकर गाड़ियां राजधानी की सड़कों में दौड़ाई थी। साथ ही नियमों का उल्लंघन भी किया था। जिसके बाद आज राजधानी की पुलिस के द्वारा ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस की सख्ती के चलते आज राजधानी की सड़कें विराना रही। लोग घर से सिर्फ जरुरी काम की वजह से ही निकलते हुए दिखाई दिए।

डॉक्टरी सलाह अब...

अपने मरीजों को सलाह देने के लिए कर सकते हैं।

नियम का पालन...

महसूस हुई तब कहीं पुलिस ने घर जाने की नसीहत देकर उन्हें छोड़ा। इसलिए आप भी संभलिए, नियमों की अवहेलना की तो आपकी तस्वीर भी ऐसे ही वायरल हो सकती है।

आईटी-जीएसटी रिटर्न...

की घोषणा से शेयर बाजार 1100 अंक चढ़ गया।

30 जून तक फाइल कर सकेंगे जीएसटी रिटर्न

इंकम टैक्स एक्ट के अंतर्गत नोटिफिकेशन अप्रूवल ऑर्डर, अपील दायर करने, रिटर्न दायर करने, कोई रिपोर्ट या अन्य जरूरी कागजात के लिए समय सीमा को बढ़ाकर 30 जून 2020 कर दिया गया है। जीएसटी रिटर्न या कंपोजिट रिटर्न के लिए अंतिम तिथि भी बढ़ाकर 30 जून किया गया है। इसके लिए जिसका कारोबार 5 करोड़ सालाना से नीचे है उन पर कोई चार्ज या पेनाल्टी नहीं लगेगी। 5 करोड़ के ऊपर वालों को दोनों चीजों के लिए ब्याज की दर घटाकर 9 फीसदी कर दी गई है।

सबका विश्वास स्कीम भी 30 जून तकः अप्रत्यक्ष कर से संबंधी विवाद सैटल करने के लिए सबका विश्वास स्कीम भी 30 जून 2020 तक के लिए होगी। इसके तहत जिनका 1.5 करोड़ से ज्यादा टर्नओवर नहीं है उन पर ब्याज नहीं लगेगा। सीतारमण ने कहा कि हम किसी भी आयातक निर्यातक को परेशानी में नही डालना चाहते। इसके लिए कस्टम विभाग हर हफ्ते 24 घंटे काम करते रहेगा। वर्ष 2019-20 के लिए कंपनी ऑडिट रिपोर्ट नहीं देनी होगी। वित्त वर्ष 2020-21 के लिए ही देना होगा। वित्तमंत्री की प्रेसा कॉन्फ्रेंस में वित्त राज्यमंत्री अनुराग ठाकुर भी मौजूद थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

घर में बर्तन धो रही कैटरीना कैफ

कोरोना वायरस की वजह से सभी अपने घर में सेल्फआइसोलेशन पर हैं। हालांकि घर में इतने दिनों से रहने की वजह से सभी बोर हो रहे हैं। बॉलीवुड सेलेब्स भी बोरिंग खत्म करने के लिए घर काम कर रहे हैं। अब कैटरीना ने अपना एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह बर्तन धो रही हैं। कैटरीना ने इस वीडियो को शेयर करते हुए बताया कि हाउस हेल्प को कोरोना वायरस के दौरान छुट्टी दे दी है और अब वह खुद बर्तन साफकर रही हैं। इस वीडियो में कैटरीना बर्तन साफकरने का तरीका बताती नजर आ रही हैं। और कहती दिखाई दे रही हैं कि कोरोना वायरस इतनी तेजी से फैल रहा है तो हम जिस तरह घर में रह रहे हैं, ऐसे ही हाउस हेल्प को भी अपने घर में रहना चाहिए। घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। फैन्स कैटरीना के इस वीडियो पर काफी कमेंट कर रहे हैं। वह एक्ट्रेस की तारीफकर रहे हैं। लेकिन अर्जुन कपूर हमेशा की तरह कैटरीना की टांग खींचते नजर आए। कैटरीनी की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो वह अब फिल्म 'सूर्यवंशी' में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में उनके साथ अक्षय कुमार लीड रोल में हैं। ये फिल्म आज यानी 24 मार्च को रिलीज होने वाली थी, लेकिन कोरोना वायरस की वजह से फिल्म को पोस्टपोन कर दिया गया है। अब ये फिल्म कब रिलीज होगी, इसकी अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

सोनाक्षी सिन्हा ने फैन्स को बताया अपना मैरिज प्लान

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी शादी का प्लान अपने प्रशंसकों के साथ साझा किया है। जब प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर बातचीत के दौरान उनके व्यक्तिगत जीवन के बारे जानने की इच्छा व्यक्त की, उस समय सोनाक्षी ने उनके साथ अपना मैरिज प्लान शेयर किया।

सोनाक्षी ने इंस्टाग्राम पर एक प्रश्न और उत्तर सत्र के लिए पोस्ट किया, जिसका शीर्षक था 'सोनाक्षी से पूछो'। जल्द ही कई प्रशंसकों ने उनसे पूछा कि वह शादी कब कर रही हैं, और क्या आप शादी के बाद अपने नाम के बाद पति का नाम लगाएंगी। तो एक्ट्रेस ने जवाब देते हुए कहा कि नहीं, नाम से नहीं, बल्कि पूरे पति से शादी करूंगी। उन्होंने कहा, ÷कहां पे मिलता है ये? कोई कोई बता दो। इतनी चिंता तो मम्मी पापा को भी नहीं रहती है।÷ सवाल में एक ने पूछा कि, आप बचपन में मोटी-शर्मीली रही हैं। क्या आप जिम जाती थीं? इसपर उन्होंने जवाब दिया, ÷मैं व्यायाम नहीं करती।

कोरोना के चलते घर में कैद हैं उर्वशी रौतेला

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर उर्वशी रौतेला अपनी बोल्ड और ग्लैमरस तस्वीरों की वजह से हमेशा चर्चा में रहती हैं। उनका सोशल मीडिया अकाउंट पर बोल्ड फोटोज और वीडियोज से भरा पड़ा है। इन दिनों कोरोना वायरस के कारण उर्वशी क्वारंटाइन में हैं और उन्हें अपनी मस्ती के दिनों की याद आ रही हैं। उर्वशी ने इंस्टाग्राम पर अपना एक थ्रोबैक वीडियो शेयर किया है, जो जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में उर्वशी समंदर में मस्ती करती नजर आ रही हैं। उनका यह स्लो मोशन वीडियो सोशल मीडिया पर खूब तहलका मचा रहा है।

एक्ट्रेस के इस वीडियो पर लोग खूब कमेंट कर रहे हैं और अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। लुक की बात करें तो उन्होंने फ्लोरल प्रिंटेड बिकिनी पहने नजर आ रही हैं। उन्होंने अपने बालों में फूल लगाया हुआ है। उर्वशी ने ब्लैक सनग्लासेस पहन रखा है जो उनके लुक में चार चांद लगा रहा है। फैंस के बीच उर्वशी का यह वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। उर्वशी रौतेला सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उनके ग्लैमरस और स्टनिंग फोटोशूट काफी वायरल रहते हैं।

एक्ट्रेस के प्रोफेशनल फ्रंट की बात करें तो वो हाल ही में रिलीज फिल्म पागलपंती में नजर आई थीं। फिल्में में उन्होंने अरशद वारसी, जॉन अब्राहम, पुलकित सम्राट और अनिल कपूर जैसे सितारों के साथ काम किया था। इस समय कोरोना वायरस के कारण शूटिंग बंद है तो उर्वशी घर पर ही अपना समय बिता रही हैं।

कोरोना वायरस को लेकर अफवाह फैलाना साहिल खान को पड़ा महंगा

नई दिल्ली। देशभर में कोरोना वायरस को लेकर दहशत का माहौल है। लोगों को घर में ही रहने के लिए कहा जा रहा है। सरकार की तरफसे लोगों से अपील की जा रही है कि कोरोना को लेकर किसी भी तरह का अफवाह न फैलाएं। ऐसे में स्टाइल और एक्सक्यूज मी जैसी फिल्मों में काम कर चुके एक्टर साहिल खान को कोरोना वायरस से जुड़ी झूठी खबर फैलाने के चलते लोगों से माफी मांगनी पड़ी। साहिल ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था। वीडियो में उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र के गोरेगांव स्थित इंपीरियल हाइट्स बिल्डिंग के दो लोगों को कोरोना हो गया है। इनमें एक की उम्र 72 साल है जबकि दूसरा 18 साल का नौजवान है। हालांकि, साहिल के पास इस बात का कोई सबूत नहीं था और न ही उन्होंने इस खबर को वैरिफाइ किया। बता दें कि साहिल भी इसी बिल्डिंग में रहते हैं। साहिल खान का ये वीडियो जमकर वायरल हो गया। इसके बाद उनकी सोसायटी के लोगों ने एक मीटिंग बुलाई और सभी ने ऐसा करने के लिए उनकी जमकर क्लास लगाई। इसके बाद साहिल ने वीडियो को इंस्टाग्राम से तुरंत डिलीट कर दिया और नया वीडियो अपलोड कर लोगों से मांगी मांफी।

राहुल ने न्यूजीलैंड में सीमित ओवरों की सीरीज में अच्छा प्रदर्शन जारी रखा

वनडे में राहुल पांचवें क्रम पर बल्लेबाजी के सर्वश्रेष्ठ विकल्प: मांजरेकर

मुंबई। पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा कि स्टार लोकेश राहुल वनडे मैचों में भारतीय बल्लेबाली क्रम में पांचवें स्थान के लिए उपयुक्त हैं लेकिन उन्होंने सुझाव दिया कि भारतीय टीम प्रबंधन को सुरेश रैना और युवराज सिंह जैसे बल्लेबाजों को ढूंढ़ना चाहिए। राहुल ने इस साल की शुरुआत में जनवरी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफघरेलू वनडे मैच में मध्यक्रम में बल्लेबाजी की थी। राहुल ने बाद में न्यूजीलैंड में सीमित ओवरों की सीरीज में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा। कर्नाटक का यह खिलाड़ी वनडे में विकेटकीपिंग भी कर रहा है। भारत के लिए 37 टेस्ट और 74 एकदिवसीय खेलने वाले मांजरेकर अपने ट्विटर पेज पर प्रशंसकों के सवालों का जवाब दे रहे थे।

मांजरेकर से जब पूछा गया कि क्या भारत को एकदिवसीय मैचों में राहुल के साथ पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करना जारी रखना चाहिए या वह राहुल के अलावा अन्य बल्लेबाजों को उस स्थिति में देखते हैं। उन्होंने कहा, 'फिलहाल वह उपयुक्त हैं लेकिन हमें रैना और युवी जैसे बल्लेबाज की तलाश जारी रखनी चाहिए, राहुल को बाद में शीर्ष क्रम पर खेलना होगा।' ऑस्ट्रेलिया में इस साल प्रस्तावित टी20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए नंबर चार के बल्लेबाज और हरफनमौला खिलाड़ी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि श्रेयस अय्यर चौथे क्रम और हार्दिक पंड्या हरफनमौला के लिए सटीक विकल्प है। रणजी ट्राफी में मुंबई के लचर प्रदर्शन के बारे में पूछे जाने पर मांजरेकर ने कहा 'असाधारण नेतृत्व की कमी' के कारण टीम का यह हाल है।

रोहित शर्मा टेस्ट सीरीज में होते तो नतीजा कुछ और होता-मैक्लेघन

नई दिल्ली। विश्व भर में फैली खतरनाक कोरोना वायरस बीमारी के चलते अधिकतर क्रिकेटर समय अपने घर में परिवार संग बिता रहे हैं। घर में बोरियत से बचने के लिए खिलाड़ी सोशल मीडिया पर व्यस्त हैं और अपने फैन्स से बात कर रहे हैं। इस दौरान एक फैन्स के सवाल के जवाब में कीवी टीम के तेज गेंदबाज मिशेल मैक्लेघन ने कहा है अगर भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा भारत-न्यूजीलैंड के बीच दो मैचों के सीरीज में टीम इंडिया का हिस्सा होते तो नतीजा कुछ और ही होता। गौरतलब है कि रोहित शर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ काफ इंजरी के चलते वनडे और टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए थे। उनको यह चोट कीवी टीम के खिलाफ टी20 सीरीज के पांचवें मैच में लगी थी जो कि माउंट माउंगानुई में खेला गया था। बता दें कि न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज और फिर दो मैचों की टेस्ट सीरीज का हिस्सा भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा नहीं थे। इन दोनों सीरीजों में भारतीय टीम को क्लीन स्वीप झेलनी पड़ी। दो मैचों की टेस्ट सीरीज भारत ने 2-0 से हारी। लंबे समय के बाद ऐसा पहला मौका था जब टीम इंडिया को टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप मिली थी। रोहित की गैर मौजूदगी में भारत का टॉप ऑर्डर बाकी दोनों सीरीज में कमजोर नजर आया, जिसका खामियाजा सीरीज गंवाकर भरना पड़ा।

कोरोना ने थामी बाकू फार्मूला 1 रेस, स्थगित

बाकू (वार्ता)। अज़रबैजान ने कोरोना वायरस के प्रकोप को देखते हुए सात जून को यहां होने वाली फार्मूला 1 ग्रां प्री रेस को स्थगित कर दिया है। इस सत्र में 22 रेसों का आयोजन होना था जिनमें से दो तो पहले ही रद्द हो चुकी है। मोनाको ग्रां प्री की मई के रेस को पहले ही रद्द कर दिया गया था जबकि 15 मार्च की ऑस्ट्रेलियन ग्रां प्री भी रद्द कर दी गयी थी। बहरीन, वियतनाम, चीन, हॉलैंड और स्पेन अपनी रेस स्थगित कर चुके है और इनके लिए नयी तारीखों की कोई घोषणा नहीं की गयी है। बाकू में रेस आयोजकों ने कहा कि कोविड 19 की वैश्विक खतरे को देखते हुए रेस को स्थगित करने का फैसला लिया गया है। आयोजकों ने साथ ही कहा कि नयी तारीखों की घोषणा की जायेगी और मौजूदा सभी टिकट नयी तारीखों में वैध रहेंगी। मौजूदा सत्र में बाकू रेस के बाद 14 जून को मांट्रियल में कनाडा ग्रां प्री होनी है लेकिन इसका भी स्थगित होना तय माना जा रहा है। इसी तरह 28 जून को फ्रांस की रेस भी स्थगित हो सकती हैं। एफ1 का पूरा सत्र ही खतरे में पड़ा हुआ है क्योंकि एक चैंपियनशिप को बनाने के लिए आठ रेसों का पूरा होना जरुरी है।

ओलिंपिक मशाल रिले: न मशाल, न मशाल वाहक और न ही दर्शक

तोक्यो। कोरोना वायरस के प्रकोप ने ओलिंपिक मशाल रिले कार्यक्रम को रौनक भी फीकी कर दी है। गुरुवार को फुकुशिमा में आयोजित होने वाले इस मशाल रिले कार्यक्रम में न तो मशाल होगी न ही कोई मशाल वाहक और न ही दर्शक होंगे। तोक्यो ओलिंपिक मशाल रिले गुरुवार को फुकुशिमा से शुरू होगी। लेकिन इस कार्यक्रम में न तो मशाल होगी, न मशालवाहक और न ही दर्शक मौजूद होंगे। यूनान से 12 मार्च को ओलिंपिक ज्योति यहां पहुंच गई थी। इसे लालटेन में एक वाहन पर रखकर घुमाया जाएगा। कोविड 19 के चलते सड़कें सूनी पड़ी हैं क्योंकि लोगों से सामाजिक दूरी बनाए रखने के लिए कहा गया है। आयोजन समिति के सीईओ तोशिरो मुतो ने कहा, 'काश कम से कम एक धावक मशाल रिले में साथ रह पाता।' इस बीच तोक्यो ओलिंपिक के स्थगित होने की पूरी संभावना बन गई है।

आईसीसी ने दुबई में बंद किया अपना मुख्यालय

दुबई (वार्ता)। अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने कोरोना वायरस के बढ़ते खतरे को देखते हुए दुबई स्थित अपने मुख्यालय को बंद कर दिया है और घर से काम करने की नीति पर चलने का निर्णय किया है। आईसीसी के सदस्यों ने कोरोना वायरस के खतरे को लेकर चिंता जताई थी जिसके बाद आईसीसी बोर्ड ने अपने मुख्यालय को बंद करने और अपनी बैठकों को मार्च के अंत में कांफ्रेंस के जरिये कराने का ही फैसला किया है।

बीसीसीआई ने रद्द की आईपीएल फ्रैंचाइजियों के साथ मीटिंग

- पूरे भारत में जारी है लॉकडाउन, अटकलें शुरू इस साल रद्द हो सकता है IPL
- कोविड- 19 के चलते IPL को शेड्यूल समय से 15 अप्रैल तक टाला गया है
- टीम मालिक बोले- सेहत सबसे बड़ी, इस साल रद्द भी हो जाए IPL तो परवाह नहीं

नई दिल्ली। कोरोना वायरस (कोविड- 19) महामारी के चलते आईपीएल को पहले ही 15 अप्रैल तक स्थगित कर दिया गया है। आईपीएल पर आगे की योजनाओं के लिए बीसीसीआई को इस लीग की सभी फैंचाइजियों के साथ मंगलवार को टेलिकॉन्फ्रेंस पर मीटिंग करनी थी लेकिन बीसीसीआई ने इसे रद्द कर दिया है। इस मीटिंग को रद्द करने के बाद अब यह अटकलें तेज हो गई हैं कि कहीं इस साल इस पेशेवर लीग का आयोजन रद्द तो नहीं हो जाएगा। भारत ने महामारी बने इस वायरस को नियंत्रण में रखने के मकसद से पूरे देश में 31 मार्च तक लॉकडाउन कर दिया है। दुनिया भर में इस घातक वायरस संक्रमण से अब तक 16,000 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं, जबकि भारत में भी करीब 500 (498) मामले सामने आ चुके हैं और नौ लोग मारे जा चुके हैं।

किंग्स पंजाब के सह-मालिक नेस वाडिया से जब इस मुद्दे पर बात की गई तो उन्होंने कहा, 'मानवता पहले है, इसके बाद कुछ भी दूसरे नंबर पर आता है। अभी तक स्थिति में कोई सुधारन नहीं हुआ है तो ऐसे में इसका कोई मतलब नहीं है कि अभी इस पर बात की जाए। अगर आईपीएल नहीं होता है तो न सही।'

आईपीएल की एक और अन्य फ्रैंचाइजी मालिक ने नाम सामने न लाने की बात कहकर कहा, 'इस वक्त इस मसले पर कोई भी बात करने कोई अर्थ नहीं है। पूरा देश लॉकडाउन में है। हमें अभी उन मामलों से निपटना चाहिए जो आईपीएल से भी बहुत ज्यादा जरूरी हैं।'

देशी-विदेशी सितारों से भरी 8 टीमों वाली इस लीग को पहले 29 मार्च से शुरू होना था। इस लीग का पहला मैच मुंबई में मुंबई इंडियंस और चेन्नै सुपर किंग्स के बीच होना था। लेकिन कोविड-19 के वायरस का प्रकोप बढ़ने के बाद इसे 15 अप्रैल तक टाल दिया गया। कोविड- 19 पर नियंत्रण पाने के मकसद से सरकार जो कदम उठा रही है। नेस वाडिया ने उनकी तारीफकी है। वाडिया ने कहा, 'सरकार ने इस पर निर्णायक कदम उठाए हैं। हम अकसर सरकार की आलोचना करते हैं लेकिन सरकार ने समय पर आगे बढ़कर कोविड- 19 के लिए जो कदम उठाए हैं हमें उनकी सराहना भी करनी चाहिए। भारत जैसे बढ़े देश में सभी फ्लाइट्स रद्द कर दी गई हैं यह बहुत बड़ा और सकारात्मक कदम है।

स्पेन में ला लीगा समेत सभी फुटबॉल स्थगित

मैड्रिड (वार्ता)। वैश्विक महामारी बन चुके कोरोना वायरस के कारण स्पेन के फुटबॉल कैलेंडर को अगले तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। ला लीगा और स्पेनिश फुटबॉल महासंघ ने सोमवार को एक संयुक्त बयान जारी कर यह जानकारी दी। कोरोना के कारण स्पेन में सभी तरह की फुटबॉल को पहले दो सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया था और इसे तीन अप्रैल को शुरू होना था लेकिन ला लीगा और स्पेनिश फुटबॉल महासंघ ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि दोनों संगठन सभी तरह की प्रोफेशनल फुटबॉल को स्थगित करने के लिए सहमत हो गए है।

स्पेन में 33 हजार से ज्यादा लोग कोरोना से संक्रमित है जो यूरोप में इटली के बाद सबसे बड़ी संख्या है। स्पेन के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार कोरोना के कारण देश में अबतक 2180 लोगों की मौत हो चुकी है।

■ न्यूज गैलरी

नीलावाया में गोपनीय सैनिक के भाई की हत्या, डर के चलते एफआईआर करवाने नहीं पहुँच रहे ग्रामीण

दन्तेवाड़ा। अरनपुर थानाक्षेत्र के नीलावाया गांव में एक बार फिर से गोपनीय सैनिक के भाई की नक्सलियों ने हत्या कर दी गयी है। जहाँ एक तरफपूरा देश कोरोना वायरस के संकट से जूझ रहा है तो वही दूसरी तरफनक्सली हिंसा करने से गुरेज नही कर रहे है। दरअसल परसो देर रात घर से अगवा कर कल सुबह हिड़मा कवासी की हत्या कर शव को नीलवाया गांव के नजदीक फेंक दिया गया, गोपनीय सैनिक के भाई की हत्या हुई है इसलिए इस हत्या के पीछे नक्सलियों का हाथ होना स्वाभाविक है. क्योकि हत्या के बाद से गांव वाले और परिजनों ने इसकी रिपोर्ट थाने तक भी नही कराई है। जिसे नक्सलियों ने मारा है उस व्यक्ति का नाम हिड़मा कवासी है, क्योकि उसका भाई बताया जा रहा है कि गोपनीय तरीके से पुलिस से जुड़ा है।इधर दन्तेवाड़ा एसपी ने घटना की पुष्टि करते हुए जानकारी दी कि कुछ दिन पहले अमित कवासी की शिकायत लेकर दन्तेवाड़ा की महिला नेत्री 10 हजार की लूट की शिकायत लेकर पहुँचे थे. इससे पहले गांव में भी ये लोग गये थे. गोपनीय सैनिक के भाई की हत्या करके नक्सली अपनी बौखलाहट साबित कर रहे है. साथ ही जो लोग अपने आप को समाजसेवी बताते है वे इस घटना पर कुछ नही बोलेंगे अब।

होम आइसोलेशन में न बरतें लापरवाही, अब पुलिस की होगी तैनाती

महासमुंद। कोरोना वायरस संदिग्धों की संख्या अब जिले में 28 पहुंच गई है। विदेश से आए इन सभी को होम आइसोलेशन में रहने की सलाह तो विभाग द्वारा दी गई है। लेकिन, इनसे और लोग प्रभावित न हों, इसलिए अब विभाग द्वारा इनकी निगरानी के लिए घरों में पुलिस तैनात की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की मानें तो होम आइसोलेशन के नियमों को संदिग्ध न तोड़ें, इसलिए यह कदम उठाया जा रहा है। बता दें कि पहचान उजागर न हो इसलिए विभाग द्वारा जिले के किन-किन शहरों में कितने लोगों को होम आइसोलेशन में रखा गया है इसकी जानकारी नहीं दी जा रही है। लेकिन, स्थानीय लोगों को इस बात की जानकारी है, और कहीं न कहीं नियमों को मानने में की जा रही लापरवाही के चलते लगातार स्वास्थ्य विभाग की टीम तक इसकी सूचना पहुंच रही है। इसके कारण अब स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी कड़ाई बरतते हुए इन मामलों पुलिस की मदद लिए जाने की पहल की जा रही है। इस मामले को लेकर डॉ. अनिरुध्द कसार ने बताया है कि निगरानी बरकरार है। बकाया अब लापरवाही न हो इसलिए स्वास्थ्य के साथ पुलिस अमला भी इसमें शामिल रहेगी।

पत्नी से मारपीट, जुर्म दर्ज

महासमुंद। इमलीभांठा में शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर युवक ने पत्नी की पिटाई कर दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफअपराध दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक रविवार रात 8 बजे प्रदीप ठाकुर ने अपनी पत्नी रितू सिंह ठाकुर से शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। जिस पर रितू ने मना कर दिया। इससे नाराज युवक ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने उक्त युवक के खिलाफधारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

दो युवकों से अंग्रेजी शराब जब्त

महासमुंद। खल्लारी पुलिस ने दोपहिया से शराब परिवहन करते दो युवकों को पकड़ा। शनिवार रात सवा 10 बजे की कार्रवाई में पुलिस ने मोंहदी के पास दोपहिया क्रमांक सीजी 06 के 1731 को रोककर तलाशी ली। वाहन सवार हनुमानडीह घोघरा निवासी देवेंद्र यादव (27) और अरंड निवासी प्रमोद साहू (32) के कब्जे से 8.280 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की। जिस पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

युवक ने फांसी लगाई

महासमुंदी। रविवार दोपहर एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने बताया कि घोड़ारी निवासी भरत निषाद पिता धनवार (40) ने दोपहर 1-2 बजे फांसी लगा ली। सूचना पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

मुक्तिधाम सेवा समिति ने किया महिला का अंतिम संस्कार

महासमुंद। स्थानीय दलदली मार्ग मटन मार्केट वार्ड 11 निवासी सुखबति बाई (65) का अंतिम संस्कार समाजसेवी संस्था मुक्तिधाम सेवा समिति ने किया। जानकारी के अनुसार वह काफी समय से बीमार थीं और उनके वृद्ध पति के अलावा और साथ में कोई नहीं था। गरीबी स्थिति और सक्षम नहीं होने के कारण मोहल्लेवासियों की सूचना पर समिति के सदस्यों ने स्थानीय दलदली मार्ग स्थित मुक्तिधाम स्थल में वृद्धा का ससम्मान अंतिम संस्कार किया। इस अवसर पर समिति के सदस्य अशोक साहू, डॉ एजाज नकवी, डॉ जे शुक्ला, गोपाल वर्मा, अशोक सोनी, ओमप्रकाश औसर, राजू चंद्राकर, मोहन बावनकर, फावा पटेल, विजय ठाकुर, मनोज पटेल, गुमांनचन्द जैन सहित सलीम मोहम्मद, तारेंद्र राजपूत, किशन सिका, सखाराम, कमल यादव आदि उपस्थित थे।

गाली-गलौज करते हुए हाथ मुक्का एवं ईंट से मारा

महासमुंद। रावणभाठा कृष्ण मंदिर के पास एक युवक ने अपने ही भाई को हाथ मुक्का व ईंट से मार दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफधारा 294, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार रावणभाठा निवासी तीजकुमार यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सोमवार दोपहर 12 बजे दिन में उसका छोटा लड़का चिंटू अपने भाई डिगेश्वर को घर में दोस्तों को लाने से मना किया।

कबीरधाम जिले की सभी प्रवेश सीमाएं सील

■ जिले की सभी नगरीय क्षेत्र कवर्धा, बोडला, पंडरिया, सहसपुर लोहारा, पिपरिया और पांडातराई पूर्णत: लॉकडाउन

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अवनीश कुमार शरण की अध्यक्षता कबीरधाम जिले को कोविड-19 कोरोना वायरस के संक्रमण से मुक्त रखने और इसके रोकथाम और नियंत्रण के लिए गठित कोर ग्रुप विभागीय अधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई। इस बैठक में कोरोना वायरस कोविड-19 संक्रमण से बचाव एवं स्वास्थ्यगत आपातकालीन स्थिति को नियंत्रण में रखने की .ष्टि से कई महत्वपूर्ण एवं ठोस निर्णय लिए गए। जनहित में लिए गए फैसलों के आधार पर कबीरधाम जिले में प्रवेश के लिए चिन्हांकित सभी 17 अलग-अलग रास्तों एवं प्रवेश सीमाओं को सील किया गया। साथ ही जिले की सभी नगरीय क्षेत्र कवर्धा, बोडला, पंडरिया, सहसपुर लोहारा, पिपरिया और पांडातराई को पूर्ण रूप से लॉकडाउन करने के निर्देश दिए है। साथ ही इस वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए जिले में स्वी.त सभी शासकीय एवं गैर शासकीय निर्माण कार्यो को 31 मार्च तक रोक लगाने के निर्देश दिए। कबीरधाम जिले की मध्यप्रदेश की सीमा वाली क्षेत्र चिल्फी धवाईपानी को भी सील किया गया। कलेक्टर श्री शरण ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि दो राज्यों में जोड़ने वाली यह महत्वपूर्ण रूट है। इसलिए इस रूट से आने वाली वह सभी माल वाहक गाड़ियां जो दैनिक जीवन की उपयोगी और अति आवश्यक समाग्रियों के परिवहन के लिए उपयोग में लाई जा रही है ऐसे सभी वाहनों को ही प्रवेश दिए जाएंगे। इसके अलावा अन्य वाहनों अथवा पब्लिक सवारी वाहनों पर तत्काल रोक लगाई जाएगी। इसके आलवा पडोसी जिले के सीमावर्ती मार्ग कवर्धा-राजनांदगांव मार्ग, बेमेतरा मार्ग, मुंगेली जिला मार्ग को सील किया जाएगा। कलेक्टर ने जिला स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जिले सभी प्रमुख प्रवेश मार्गों पर स्वास्थ्य अमलों के द्वारा जिले के निवासी जो हॉल ही में दूसरे राज्यों से भ्रमण कर आ रहे है, उनका पूरी गंभीरता से स्वास्थ्य परीक्षण कराए। साथ ही उनके इस वायरस से बचाव के लिए क्या-क्या सावधानियां बरती है,इसकी पूरी जानकारी भी दी जाए।

शादी व अन्य समारोह में आयोजित सार्वजनिक भोज पर रोक लगाने के निर्देश

कलेक्टर श्री अवनीश कुमार शरण ने कोरोना वायरस के रोकथाम और नियंत्रण के लिए जिले अंतर्गत आयोजित होने वाले शादी व अन्य कार्यक्रमों के तहत आयोजित होने वाले सभी प्रकार के सार्वजनिक भोज नहीं कराने के लिए आग्रह किया है। कलेक्टर ने इसके अलावा जिले के सभी प्रमुख मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर और गुरूद्वारों के दरवाजें बंद करने के निर्देश दिए है। उन्होने के कहा इस सभी धार्मिक प्रतिष्ठानों पर विधिवत रूप से पुजा-अर्जना होगी, लेकिन चार से अधिक लोगों को एक साथ एकत्र नहीं होने दिए जाएंगे। उन्होने कहा कि इस वायरस के संक्रमण से बचने के लिए यह सबसे अच्छा माध्यम है। कलेक्टर ने इसके लिए अनुविभागीय राजस्व, जनपद पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी, नगरीय निकाय के अधिकारी को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है।

कुकराडीह बंजर के आसपास घूम रहा दंतैल

■ 22 हाथियों का दल रवान और छताल जलाशय के पास

महासमुंद। हाथियों का दल लहंगर से सिरपुर होते हुए बलौदाबाजार जिले के वन परिक्षेत्र छताल डबरा पहुंच गए हैं। वहीं, एक दंतैल कुकराडीह बंजर के आसपास घूम रहा है। 22 हाथियों का लोकेशन सोमवार शाम रवान और छताल जलाशय के पास मिला। बीती रात इन हाथियों ने 3-4 किसानों की फसलें रौंदी। दल गांव की बस्ती तक पहुंच गए, जिन्हें ग्रामीणों ने भगाया। सिरपुर क्षेत्र के किसानों ने बताया कि हाथियों का दल फिर से छताल जलाशय की ओर बढ़ा है, इससे उन्हें राहत मिली है। किसानों का कहना है कि धान की बालियां निकलने पर ही वे वापस लौट सकते हैं। जानकारी के मुताबिक दल लहंगर के मरघट नाला से आगे बढ़ा और खड़सा के झांखासरार होते हुए सिरपुर के बांध किनारे पहुंचा, यहां से मुरूमडीह तक पहुंच गया। हाथियों का लोकेशन सोमवार सुबह मुरूमडीह के आसपास रही। बाद आसपास के गांववालों को अलर्ट किया गया। 23 हाथियों के दल से एक दंतैल अलग घूम रहा है। रविवार को ग्रामीणों ने परसाडीह के खेत में दंतैल को देखा। बाद वह कुकराडीह बंजर में पहुंच गया। सोमवार शाम कोसम नाला के पास इस दंतैल को देखा गया। दरअसल, इस हाथी में रेडियोकॉलर नहीं लगा है इसलिए सेटेलाइट लोकेशन नहीं जा सकती। ऐसे में ग्रामीण आसपास के ग्रामीणों को सतर्क कर रहे हैं।

लौटने से मिली राहत

किसान राधेलाल सिन्हा ने बताया कि दल छताल डबरा के पास पहुंच गया है। इससे गांववालों को राहत मिली है। पिरदा से लहंगर होते हुए सिरपुर जाने वाले राहगीरों को फिलहाल कोई परेशानी है। उन्होने बताया कि दल रात में निकलकर छताल की ओर बढ़ा।

राशन, किराना, मंडी और सुपर बाजार सुबह 8 से दोपहर 1 बजे तक खोलने दिए गए निर्देश

कवर्धा । कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अवनीश कुमार शरण ने कोरोना वायरस के रोकथाम एवं नियंत्रण की .ष्टिगत रखते हुए जिले के सभी नगरीय निकाय क्षेत्रों में खाद्यान्न सामग्रियों तथा आपात कालीन सेवाओ व संस्थाओं के संचालन के लिए अलग-अलग समय निर्धारित किया है। कलेक्टर ने जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों में राशन, किराना, मंडी और सुपर बाजार सुबह 8 से दोपहर 1 बजे तक खोलने के निर्देश दिए है। इससे पहले यह समय सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित था। इसी तरह दुकान व ठेला (सब्जी ,फल, अनाज)मिल्क पार्लर बेकरी दुकान के लिए समय सुबह 6 बजे से सुबह 11बजे तक निर्धारित किया है। यह आदेश 25 मार्च से आगामी 31 मार्च या आदेश पर्यन्त तक लागू रहेंगे। कलेक्टर ने कहा है कि उक्त प्रतिष्ठानों में एक समय मे 5 व्यक्तियों से अधिक नही हो यह संम्बधित संचालक सुनिश्चित करेंगे। आदेश के उलंघन पाए जाने पर संचालको पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

जारी आदेश के तहत सभी प्रकार के मंडियां, डेलिनिट्स, व किराना दुकान राशन दुकान, सुपर मार्केट, बिग बाजार,(केवल खाद्यान्न सामग्री विक्रय के लिए सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित है। दुकान व ठेला (सब्जी ,फल, अनाज)मिल्क पार्लर बेकरी दुकान के लिए समय सुबह 6 बजे से सुबह 11 बजे तक निर्धारित है। इसके अलावा मेडिकल, स्थापना, मेडिकल दुकान,ट्रांसपोर्टनगर, व गुड्स ब कैरियर सेवाएं, पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी, बैकिंग सेवाएं, सीवरेज ट्रीटमेन्ट व्यवस्थाएं,विधुत व्यपस्थापक,फायर ब्रिगेड, टेलीकॉम व इंटरनेट सुविधाएं,होटल एवं रेन्ट्रोरेन्ट(जिनमे पक्की स्थाई संरचना एवं वैध लाइसेंस उपलब्ध हो) मोबाइल रिचार्ज एवं सर्विस दुकानों के लिए अपने निर्धारित समय पर संचालित किए जाएंगे।

आफत के बीच सहयोग करने छोड़, पैसा उगाही कर रहे निजी अस्पताल पर कार्रवाई

■ गोराज चिल्ड्रन अस्पताल के मेडिकल संचालक के खिलाफ एफआईआर के आदेश

■ रविवार को इसी अस्पताल में निर्धारित रेट से ज्यादा में बेची जा रहीं थी मास्क

कवर्धा। जिले में कोरोना नियंत्रण के साथ-साथ कोरोना के नाम पर की जा रही ठगी व मनमानी पर भी लगाम लगाया जा रहा है। रविवार को एक ऐसा ही मामला सामने आया था। शहर के गोराज चिल्ड्रन अस्पताल के मेडिकल संचालक अजय सिंह ठाकुर द्वारा 10 रुपए कीमत तक मिलने वाले मास्क को 30 रुपए में बेचा जा रहा था। इस पर कलेक्टर अवनीश कुमार शरण ने एसडीएम विपुल गुप्ता व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कार्वाई के लिए निर्देशित किया। इस सम्बंध में सीएमएचओ डॉ सुरेश कुमार तिवारी ने बताया कि जिला औषधि निरीक्षक जितेंद्र पाटीदार व उनकी टीम को स्थल पर जांच के लिए भेजा गया। जांच में शिकायत सही पाए जाने की पुष्टि की गई। इसके उपरांत तत्काल समान की जब्ती कर ली गई है।

डॉक्टर ने बाहर होने की जानकारी दी

गोराज चिल्ड्रन के संचालक डॉ.गोवर्धन सिंह ठाकुर है। अपने ही अस्पताल के मेडिकल स्टोर से तय रेट से ज्यादा में मास्क बेचे जाने के मामले में पल्ला झाड लिया है। डॉ.गोवर्धन सिंह ठाकुर ने बताया कि जब स्वास्थ्य विभाग की टीम उनके अस्पताल में गई जो मौजूद नहीं थे। मेडिकल स्टोर में कितनी रेट में मास्क बेची जा रही थी, इस संबंध में कोई जानकारी नहीं होने की बात कहीं है।

मेडिकल संचालक को हो सकती है जेल

गोराज चिल्ड्रन अस्पताल में मेडिकल संचालक के खिलाफ आवश्यक वस्तु अनिधनियम 1955 सहित भादवि की धारा 414 के तहत मामला दर्ज किया जा सकता है। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की अनुसूची में क्रम संख्या-07 में मास्क, प्लाई, प्लाई सर्जिकल मास्क, एन-95 व हैंड सेनिटाइजर को तत्काल प्रभाव से शामिल किया गया है।

जिले में कोरोना वायरस के रोकथाम और नियंत्रण के लिए धारा 144 लागू, बेवजह न निकले घरों से

कवर्धा। कोरोना वायरस के रोकथाम और नियंत्रण के लिए पूरे कबीरधाम जिले में 31 मार्च या आगामी आदेश तक धारा 144 लागू कर दिया है। यह आदेश रविवार 22 मार्च से लागू किया गया है। इससे पहले यह धारा 144 नगरीय निकाय सीमा के लिए लागू किया गया था।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अवनीश कुमार शरण ने इसके अतिरिक्त कोरोना वायरस कोविड-19 संक्रमण से बचाव एवं स्वास्थ्यगत आपातकालीन स्थिति को नियंत्रण में रखने की .ष्टि से ऐपिडेमिक डिसीज एक्ट के तहत् जिला के समस्त नगरीय सीमा के अंतर्गत आने वाले चुनिंदा संस्थाओं, दुकानों और प्रतिष्ठानों को छोड़कर अन्य सभी संस्थाओं, दुकानों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को 31 मार्च या आगामी आदेशपर्यन्त अनिवार्य रूप से बंद रखने के लिए आदेशित किया है। इस आदेश का उल्लंघन किए जाने पर सख्त कार्यवाही की जायेगी।

सख्ती | प्रशासन ने कड़े कदम उठाए, शासन की आदेश का अनुपालन

शासन के नियम का उल्लंघन करने पर लगेगा जुर्माना

नवप्रदेश संवाददाता

गंडई पंडरिया। राज्य शासन ने नियमों का कड़ाई से पालन कराने के लिए सख्त कदम उठाने का निर्देश दिया है । गंडई एसडीएम डॉ दीप्ति वर्मा ने शासन के निर्देश को लागू करने हेतु सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी किये है । जिसके अनुसार खाद्य निरीक्षक को राशन दुकान से राशन वितरण शासन के नए आदेश जारी किए गए है।आंगनबाड़ी में रेडी तो ईट वितरण दोपहर 12 बजे तक सुनिश्चित करने कहा गया है। मिड डे मील, बिजली आदि के लिए भी आदेश जारी किए गए है ।सीएमओ को शहर की साफसफाई , सूचना , गैर जरूरी दुकानों को बंद करना ,खुले रहने पर सील की कार्यवाही, बाहर से आये व्यक्तियों का पार्षदों व अन्य माध्यम की मदद से सूची बनाकर रजिस्टर में दर्ज करना, मास्क या सैनिटाइजर व स्वच्छता के अन्य सामान का अधिक मूल्य पर बिकने पर कार्यवाही करना ।व्यक्ति के बीमार या मृत्यु की निगरानी, अस्पताल प्रबंधन, चिकित्सा अमले में तैनात कर्मचारियों की जानकारी, सुचारू व व्यस्थित संचालन की सूचना रखने का निर्देश दिया है । राजस्व क्षेत्र की सीमा की निगरानी के निर्देश दिए गए है ।

गांवों में हो मुनादी, बाहरी व्यक्ति का बने रजिस्टर

गांवों के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुदर्शन बगरती को आदेश दिया गया है जिसमें सभी गांव में कर्फ्यू का पालन , मुनादी, बीमार व बाहर से आये व्यक्तियों की रजिस्टर बनाना, नवरात्रि, शादी, सामूहिक कार्यक्रम, ज्वारा नही रखने के विषय मे सभी गांव में मुनादी करने का आदेश दिया गया है । सभी गांव के प्रवेश मार्ग पर चेकपोस्ट व बेरीकेटिंग बनाने कहा गया है । गांवों में सचिवो के माध्यम से गांव के लोगो को जागरूक करना । गांव में जो लोग बाहर से आये है उनको होम आइसोलेशन में रहने के लिए बाध्य करना ।

लॉकडाउन का पालन करें साथ ही अपने हाथों को साबुन से बार - बार धोएं

बीजापुर। विशव में आज कोरोना वायरस तेजी से बढ़ रहा है जिसके चलते आज भारत भी कोरोना से प्रभावित हुआ है भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने अपील करते हुए बताया देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक दिन का जनता कर्फियु की अपील की थी कोरोना का प्रभाव का प्रवाह में कमी आने की पूरी संभावना है। आज छत्तीसगढ़ ही नही देश के अन्य राज्य भी कोरोना से जूझ रहा है। मुदलियार ने बताया कि जिला प्रशासन और स्वास्थ्य अमला को बीजापुर ज़िले के सीमावर्ती राज्य महाराष्ट्र और तेलंगाना में मजदूरी करने जाते है उन मजदूरों को वंहा के प्रशासन द्वारा अपने ज़िले में वापिस भेज जा रहा है जबकि महाराष्ट्र और तेलंगाना राज्य कोरोना से ज्यादा प्रभावित है जैसे ही मजदूर लौट कर बीजापुर ज़िले में वापिस आकर अपने गांव जाते है तब कोरोना से अछूता गाँव किसी एक के प्रभावित से ज़िले में उसका प्रभाव पड़ सकता है। सावधानी बरतने और कोरोना से बचाव के लिए जिला प्रशासन और स्थानीय प्रशासन से आने वाले मजदूरों को स्वस्थ परीक्षण किया जाय और कोरोना के सिम्टम्स से बचाव के उपाय बताते हुए प्रभावितों को आइसुलेशन रखने की जानकरी दी।

आधा दर्जन कारोबारी के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के अंतर्गत अर्थदण्ड की कार्यवाही

बेमेतरा/साजा। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी एवं न्याय निर्णयन अधिकारी बेमेतरा द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 26(2) (II) का उल्लंघन करने वाले 6 दोषियों पर कार्यवाही करते हुए अधिनियम की धारा 51, 52 (1 एवं 2) के तहत् अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। दंडित किए जाने वालों में ललित कुमार साहू पिता इंदल साहू, फर्म ललित किराना स्टोर्स, दाढ़ी, बेमेतरा को 15000 रू., नीरज संतवानी पिता किशन चंद संतवानी, फर्म लक्ष्मी डेली निड्स एवं जनरल, मोहभट्ठा रोड, बेमेतरा को 15000 रू., मोहन लाल जैन पिता भंवरलाल जैन, फर्म सोहन प्रोविजन स्टोर्स, देवकर, तह. साजा, बेमेतरा को 10000 रू., संदीप जैन पिता बाबूलाल जैन, संचालक-जय श्री ग्रेन प्रोसेसिंग प्राईवेट लिमिटेड दुर्ग को 30000 रू., नर्मदा प्रसाद गुप्ता पिता सत्यनारायण फर्म नर्मदा स्वीट्स, बेमेतरा को 15000 रू. एवं भीखम साहू पति सुशील साहू, जय कर्मा माता स्व. सहायता समूह, ग्राम लोलेसरा, बेमेतरा को 3000 रू. उक्त फर्म के संचालकों को शस्ति की राशि 15 दिवस के भीतर जमा किये जाने हेत आदेश पारित किये गये है। जमा नहीं किये जाने की दशा में भू-राजस्व बकाया की भाँति वसूली की कार्यवाही किया जाना निर्देशित किया गया है।

राज्य सरकार ने अप्रैल और मई माह के राशन का एकमुश्त आबंटन किया जारी

बेमेतरा/साजा। छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में कोरोना वायरस कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम के उपायों के तहत सार्वजनिक वितरण प्रणाली के राशन कार्ड धारकों को अप्रैल एवं मई माह 2020 का चांवल का एकमुश्त वितरण करने का निर्णय लिया है। इसके लिए खाद्य विभाग द्वारा आबंटन जारी करते हुए अंत्योदय, प्राथमिकता और अन्नपूर्णा श्रेणी के राशन कार्ड धारकों को माह अप्रैल एवं मई 2020 का चांवल के साथ नमक और शक्कर का भी एकमुश्त वितरण माह अप्रैल 2020 में करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

एनएचएम के अंतर्गत संविदा भर्ती फिलहाल स्थगित

बेमेतरा/साजा। कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बेमेतरा के 13 मार्च 2020 के द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला बेमेतरा (छ.ग.) अंतर्गत विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित कर दिनांक 25.03.2020 से 28.03.2020 तक आवेदकों से स्वयं उपस्थित होकर आवेदन आमंत्रित किया गया था। वर्तमान में कोरोना वायरस (कोविड-19) की स्थिति को देखते हुए तथा कलेक्टर/अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति बेमेतरा के निर्देशानुसार संविदा भर्ती को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है। डॉ. एस.के. शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा यह जानकारी दी गई है कि संविदा भर्ती की नवीनतम तिथि पृथक से घोषित की जावेगी, जिसकी सूचना जिले के वेबसाईट www.bemetara.gov.in एवं कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बेमेतरा के सूचना पटल पर चस्पा की जावेगी।

31 मार्च के बाद तय होगी बजट के लिए नई तिथि

महासमुंद। नगर पालिका में नए वित्तीय वर्ष के लिए बजट की तैयारी हो चुकी है, लेकिन इस महीने बजट पेश नहीं हो पाएगा। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए नगर पालिका की सभी बैठकें स्थगित कर दी गई हैं। इसमें 30 मार्च को होने वाली बजट बैठक भी शामिल है। जानकारी के अनुसार बजट पर नगर पालिका परिषद की बैठक 30 मार्च को बुलाई गई थी। परिषद के सभी सदस्यों को इसकी सूचना जारी की जा चुकी थी। नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर के नेतृत्व में पालिका प्रशासन ने बजट पेश करने की पूरी तैयारी की ली थी, लेकिन कोरोना वायरस से बचाव के लिए बजट बैठक स्थगित कर दी गई है। जिले में 31 मार्च तक धारा 144 लगा दी गई है। ऐसे में 31 मार्च के बाद शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार बजट बैठक के लिए नई तिथि तय की जाएगी।

कोरोना के बढ़ते ग्राफ और लॉकडाउन से महंगी हुई आम जिंदगी

दूध, सब्जी, फल समेत आम जरूरत की चीजों के दाम बढ़े, बढ़ रही लोगों की जरूरत, खाद्य तेल में जबरदस्त वृद्धि का रुझान

नई दिल्ली। कोरोना वायरस का असर अब लोगों की जेब पर भी पड़ने लगा है। पिछले कुछ दिनों में आम जरूरत की चीजों के साथ खाद्य वस्तुओं के भी दाम बढ़े हैं। खुद सरकार के आंकड़े बताते है कि खाने पीने की चीजो के दाम में पिछले एक सप्ताह और रविवार को जनता कर्फ्यू के बाद बढ़े हैं। उपभोक्ता मंत्रालय के मुताबिक, पिछले एक सप्ताह के दौरान दाल, सब्जी और खाद्य तेलों की कीमतों में वृद्धि दर्ज हुई है। खुदरा बाजार में यह इजाफा और ज्यादा है। बाजार से जुड़े जानकर मानते हैं। दिल्ली में 31 मार्च तक बाजार बंद होने से दूसरे प्रदेशों में आपूर्ति और मांग का संतुलन बिगड़ सकता है। इसकी वजह से खाने-पीने की चीजों के दाम और बढ़ सकते हैं। सरकार के मूल्य निगरानी प्रभाग के मुताबिक दालों की कीमतों में अरहर की दाल में पांच से छह रुपये किलो तक वृद्धि हुई है। बाजार में यह

इजाफा दस रुपये प्रति किलो तक है। आंकड़े बताते है कि पिछले साल के मुकाबले अरहर या तूर की दाल की कीमत बीस रुपये से अधिक बढ़ी है। सोमवार (23 मार्च) को अरहर की कीमत श्रीनगर और हरिद्वार में 95 रुपये किलो तक पहुंच गई। इसी तरह उड़द और मूंग की दाल की कीमतों में भी काफी इजाफा हुआ है। खाद्य तेल की कीमतों में भी जबरदस्त वृद्धि का रुझान है। सरसों और वनस्पति की कीमत पांच रुपये प्रतिकिलो तक सरकारी आंकड़ों में बढ़े है। बाजार में यह इजाफा दस रुपये प्रतिकिलो तक है। शिमला में सरसों का तेल 130 रुपये पर पहुंच गया, जबकि एक सप्ताह पहले तेल की कीमत 117 रुपये प्रति किलो थी। गेंहू के आटा और चावल की कीमत भी बढ़ी है। दूसरी तरफ आवाजाही कम या लगभग बंद होने से स्थानीय स्तर पर दाम कम हुए है।

न्यूज गैलरी

ट्रेन, मेट्रो और बस के बाद अब घरेलू उड़ानों पर भी रोक, केंद्र ने किया ऐलान

नई दिल्ली। कोरोना वायरस के मद्देनजर रेल, मेट्रो और अन्तर्राज्यीय बस सेवा के बाद अब केंद्र ने घरेलू उड़ानों पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। देश में फैल रहे कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बीते 22 मार्च (रविवरा) को बुलाए गए 'जनता कर्फ्यू' के दिन करीब 15 राज्यों ने लॉकडाउन की घोषणा की थी, जिसके बाद एयरलाइंस सेवाओं को छोड़कर सभी तरह की परिवहन सेवाओं पर 31 मार्च तक के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया था। केन्द्रीय नागर विमानन मंत्रालय ने सोमवार (23 मार्च) को एक बयान में कहा कि 25 मार्च से देश में किसी भी घरेलू यात्री विमान को परिचालन की अनुमति नहीं होगी। तेजी से फैल रहे कोरोना वायरस संक्रमण को नियंत्रित करने के लिहाज से यह कदम उठाया गया है। भारत पहले ही रविवार (22 मार्च) से सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर रोक लगा चुका है। मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने बताया, ''24 मार्च, 2020 की मध्यरात्रि, भारतीय मानक समयानुसार रात 23:59 पर सभी घरेलू व्यावसायिक विमानन कंपनियों के संचालन बंद हो जाएंगे।

दूसरे दिन बंद रहा दिल्ली सर्राफा बाजार

नई दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली में लॉकडाउन के कारण मंगलवार को लगातार दूसरे दिन सर्राफा बाजार बंद रहा। कारोबारियों ने बताया कि बाजार में आज सारी दुकानें बंद रहीं और कोई कारोबार नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि लॉकडाउन समाप्त होने के बाद ही बाजार में कारोबार शुरू हो सकेगा।

लगातार आठवें दिन स्थिर रहे पेट्रोल-डीजल के दाम

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में मंगलवार को लगातार आठवें दिन कोई बदलाव नहीं हुआ और ये 14 महीने से अधिक के निचले स्तर पर टिकी रही। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज पेट्रोल 69.59 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। यह 12 जनवरी 2019 के बाद का निचला स्तर है। यहाँ डीजल 62.29 रुपये प्रति लीटर बिका जो पिछले साल 09 जनवरी के बाद का निचला स्तर है। कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में भी लगातार आठवें दिन दोनों जीवाश्म ईंधनों के दाम स्थिर रहे। कोलकाता में एक लीटर पेट्रोल 72.29 रुपये का, मुंबई में 75.30 रुपये का और चेन्नई में 72.28 रुपये का बिका। एक लीटर डीजल की कीमत कोलकाता में 64.62 रुपये, मुंबई में 65.21 रुपये और चेन्नई में 65.71 रुपये रही।

पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 8 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ा सकती है सरकार

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की घटती कीमतों का पूरा फायदा उपभक्ताओं को नहीं मिलेगा। सरकार ने इस मौके का फायदा खजाना भरने की तैयारी कर ली है। सरकार ने कानून में संशोधन करते हुए पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 8 रुपये प्रति लीटर तक की वृद्धि करने का अधिकार हासिल कर लिया है। इसके बाद सरकार आने वाले दिनों में कभी भी पेट्रोल, डीजल पर 8 रुपये के दायरे में उत्पाद शुल्क में वृद्धि कर सकती है।

18 रुपये लीटर तक हो सकता है उत्पाद शुल्क

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में वित्त विधेयक 2020 में संशोधन पेश किए, जिसमें इन ईंधनों पर भविष्य में एक सीमा तक विशेष उत्पाद शुल्क की दर बढ़ाने का प्रस्ताव भी शामिल था। सदन ने विधेयक को बिना चर्चा के पारित कर दिया। इस संशोधन के बाद सरकार पेट्रोल पर अतिरिक्त विशेष उत्पाद शुल्क को प्रति लीटर 10 रुपये से बढ़ाकर 18 रुपये और डीजल पर 4 रुपये से बढ़ाकर 12 रुपये प्रति लीटर तक कर सकती है। सरकार ने इससे पहले 14 मार्च को दोनों ईंधनों पर उत्पाद शुल्क में 3 रुपये प्रति लीटर वृद्धि की घोषणा की थी। इस वृद्धि से सालाना आधार पर सरकार को 39,000 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो सकता है। इस शुल्क वृद्धि में 2 रुपये विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क मद में 2 रुपये और सड़क और इन्फ्रास्ट्रक्चर सेस की मद में 1 रुपये प्रति लीटर शुल्क बढ़ाया गया। कुल मिलाकर 3 रुपये प्रति लीटर तक शुल्क बढ़ाया गया। सरकार द्वारा 14 मार्च को की गई वृद्धि के बाद विशेष उत्पाद शुल्क इसके लिए कानून में दी गई अधिकतम सीमा तक पहुंच गया था। यह सीमा पेट्रोल के मामले में 10 रुपये और डीजल के मामले में 4 रुपये प्रति लीटर थी। सरकार ने अब वित्त विधेयक की 8वीं अनुसूची में संशोधन करते हुए इस सीमा को पेट्रोल के मामले में बढ़ाकर 18 रुपये और डीजल के मामले में 12 रुपये प्रति लीटर कर दिया है।

कोरोना संकट से घरेलू व्यापार में रोजाना 6000 करोड़ की कमी

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस महामारी तेजी से फैलने के साथ कई राज्यों में लॉकडाउन होने से घरेलू व्यापार में बड़ी गिरावट आई है। कोरोना के डर से बाजार सूने हो गए हैं

जिससे घरेलू व्यापार को रोजाना 6000 करोड़ रुपये का झटका लग रहा है। व्यापारियों के शीर्ष संगठन कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने हिन्दुस्तान को बताया कि आर्थिक सुस्ती के बीच कोराना संकट ने घरेलू कारोबार की कमर तोड़ दी है। कोरोना महामारी को रोकने के लिए अब तक करीब 80 जिलों को लॉक डाउन किया गया है। इससे बाजार में मांग तेजी से घटी है। जनवरी तक देशभर में रोजाना 15 हजार करोड़ रुपये का घरेलू व्यापार होता था जो घटकर करीब 9000 करोड़ रुपये का रह गया है। आने वाले दिनों में और तेज गिरावट आने की आशंका है।

कोरोना संकट गहराने के साथ सब्जियों और फलों के दाम में बड़ा उछाल आने की आशंका बढ़ गई है। आजादपुर मंडी के कारोबारी और ओनियन मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने हिन्दुस्तान को बताया कि सरकार की ओर बचाव के लिए मंडी में कोई व्यवस्था नहीं की गई है। इसके चलते अदरक, संतरे, लहसुन, अनार समेत 15 से अधिक एसोसिएशन ने अपना कारोबार बंद कर दिया है। इसका असर बाजार में दिखाई देने लगा है। जल्द ही पूरी मंडी बंद हो सकती है।

गर्मियों के लिए फेरारा लेकर आया है वूल एक्स कलेक्शन

नई दिल्ली। इटालियन लक्ज़री का दूसरा नाम बन चुके फेरारा ने वूल ब्लेंड्स के बेहद शानदार कलेक्शन को बाजार में उतारने के लिए पूरी तैयारी कर ली है, जो हर मौसम के लिए पूरी तरह उपयुक्त है। उत्तम दर्जे के ये वूल फैब्रिक्स दरअसल लचीलेपन एवं लक्ज़री के क्षेत्र में सबसे आगे हैं, जो गर्मियों के मौसम के लिए भी उपयुक्त हैं तथा अपनी जगह बनाने में कामयाब रहे हैं, साथ ही ये फैब्रिक्स लोगों के मन की गलत धारणा को दूर करने के लिए तैयार हैं। फैशन के लिहाज से वूल और वूल ब्लेंड्स हमेशा सबसे आगे रहे हैं, तथा जाने-माने टेलर्स एवं मशहूर डिजाइनर्स के बीच ये बेहद लोकप्रिय हैं। फेरारा के प्रोडक्ट मिक्स में मोहेयर वूल ब्लेंड्स, कैशमिर वूल ब्लेंड्स, 100त्न शुद्ध वूल ब्लेंड्स, सुपर 120 और सुपर 140 रिच वूल ब्लेंड्स के फैब्रिक्स शामिल हैं, जो उत्तम दर्जे के फैब्रिक्स हैं और सूट, जैकेट या ट्राउजर्स के रूप में खासतौर पर बेहद अच्छे नजर आते हैं। इस कलेक्शन के लिए फैब्रिक्स के डिजाइन दरअसल औपनिवेशिक और समकालीन वास्तुकला से समान रूप से प्रेरित हैं, जिसके लिए विकसित किए

गए पैटर्न में बेहद छोटी/ बड़ी संरचनाएं मौजूद हैं। इसके अलावा, शाही पक्षियों के पंखों और कलँगी से प्रेरणा ली गई है- पंख के मुख्य हिस्से को स्थाई रेखाओं के तौर पर शामिल किया गया है जबकि रंगों को बेल-बूटेदार बनाया गया है। ये डिजाइन सीधे तौर पर वैश्विक प्रवृत्ति का अनुकरण करते हैं और समय की हर कसौटी पर खरे उतरते हैं। इन डिजाइनों में सेंडस्टोन की बेहद बारीकी से बनाई गई नक्काशीदार 'जाली' शामिल है, जिसे क्रिसक्रॉस के रूप में प्रस्तुत किया गया है; रंग को 'उभारने' के लिए गहरे टोन के साथ-साथ टोस्टेड बादाम के रंग को भी फैब्रिक में शामिल किया गया है। कई तरह के गहरे रंग और पैटर्न भी इस कलेक्शन का हिस्सा हैं।

कोरोना का कहर | इटीपी व एनिलिंग प्लांट तथा जरुरी सेवाओं वाले विभाग को छोड़कर सभी विभाग बंद

टाटा मोटर्स, टाटा कमिंस और टिमकेन 31 तक बंद

जमशेदपुर। कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम तथा इसके उपाय के लिए कॉरपोरेट कंपनियों ने एहतियाती कदम उठाए हैं। टाटा मोटर्स प्रबंधन ने जमशेदपुर प्लांट समेत अपने सभी यूनिटों को 31 मार्च तक बंद करने का फैसला किया है। सिर्फ आवश्यक सेवा वाले विभाग मसलन ट्रांसमिशन विभाग खुले रहेंगे। टाटा कमिंस और टिमकेन ने भी 31 मार्च तक के लिए बंदी की घोषणा की है। कंपनियों ने सोमवार को इस संबंध में नोटिस जारी किया।

तार कंपनी वे जेम्को में गैर ऑपरेशनल विभाग बंद : तार कंपनी (आइएसडबल्यूपी) तथा जेम्को में आ?वश्यक सेवा और ऑपरेशनल विभाग को छोड़कर सभी विभाग को सोमवार से 31 मार्च तक के लिए बंद कर दिया गया है। इन दोनों कंपनियों में सभी विभागाध्यक्ष (एचओडी) को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे ऑपरेशनल विभाग में भी आंकलन कर यह बताएं कि कम के कम कितने मैनपावर में उत्पादन का काम हो सकता है।

टिनप्लेट कंपनी भी बंद : टिनप्लेट कंपनी (टीआइसीएल) में सोमवार से इटीपी व एनिलिंग प्लांट तथा जरुरी सेवाओं वाले विभाग को छोड़कर सभी विभागों को बंद कर दिया गया है। इटीपी तथा एनिलिंग विभाग में भी बचे कच्चे माल से उत्पाद तैयार हो जाने के बाद इसे भी बंद कर दिया जाएगा। एक-दो दिनों में आवश्यक सेवा को छोड़कर पूरी कंपनी 31 मार्च तक बंद रहेगा। पिकलिंग, सिक्स साइज, डिस्पैच, जनरल ऑफिस आदि पूरी तरह बंद कर दिया गया है। टीआरएफ 25 तक बंद : टीआरएफ में सोमवार को ए शिफ्ट के बाद 25 मार्च तक पूरा प्लांट बंद कर दिया गया है। सोमवार को इस संबंध में प्रबंधन ने नोटिस जारी किया है। 25 मार्च को फिर परिस्थितियों की समीक्षा की जाएगी। समीक्षा के बाद फिर आगे के लिए निर्णय लिया जाएगा। एडवाइजरी जारी : टाटा मोटर्स प्रबंधन ने अस्पताल को भी अलग से एडवाइजरी जारी की है। कर्मचारियों और उनके परिवार को रुटीन चेकअप के लिए फिलहाल अस्पताल नहीं आने का निर्देश दिया गया है। जिन कर्मचारियों को मेडिसिन की जरूरत है उन्हें इमरजेंसी में फोन कर अपना टिकट नंबर आदि रजिस्टर कराने के लिए कहा गया है। इसके दो घंटे के भीतर कर्मचारी गोलघर स्थित इमरजेंसी में जाकर मेडिकल के जरिए मेडिसिन ले सकेंगे। यह व्यवस्था कंपनी और अस्पताल में भीड़ कम करने के लिए की गई है। साथ ही, एक हॉटलाइन नंबर 0657-6694306 जारी किया गया है जिसपर कोई भी व्यक्ति अपने आस पड़ोस या कहीं भी किसी व्यक्ति में इसके लक्षण दिखे तो उसके बारे में सूचना दे सकते हैं। अस्पताल प्रबंधन उस व्यक्ति की पहचान उजागर नहीं करेगी और उस पते पर जाकर व्यक्ति की आवश्यक जांच की जाएगी।

कोरोना में फंस सकता है आयकर रिटर्न

बढ़ सकती है फाइल करने की तारीख

प्रयागराज। आयकर का रिटर्न कोरोना वायरस की चपेट में आ गया है। कारोबारी, उद्यमी और नौकरी करने वालों को 31 मार्च से पहले कई तरह का रिटर्न फाइल करना है। कोरोना के कहर से परेशान लोग सभी रिटर्न फाइल करने की अवधि बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

लोगों को चालू वित्तीय वर्ष (2019-20) का आयकर रिटर्न 31 मार्च तक फाइल करना है। 31 मार्च के बाद रिटर्न फाइल करने का और मौका नहीं देने की पूर्व में घोषणा की गई थी। इसी प्रकार विवाद से विश्वास योजना में सभी विवादित आयकर के मामलों का निश्चित कर के साथ 31 मार्च तक निपटारा करना है। दोनों मामलों में आयकरदाता रिटर्न फाइल करने की तारीख बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। इनके अलावा चालू वित्तीय वर्ष के चौथे तिमाही का टीडीएस फाइल करना है। 31 मार्च के पहले निवेश पर आयकर में छूट का लाभ मिलता है। कैपिटल गेन में लाभ लेने के लिए 31 मार्च तक बांड खरीदना होगा। 31 मार्च तक ही पैन और आधार लिंक करना है। 31 मार्च की डेडलाइन समाप्त करने के लिए आयकर दाता सोशल मीडिया के माध्यम से वित्तमंत्री से गुहार लगा रहे हैं। कर व वित्त सलाहकार डॉ. पवन जायसवाल ने बताया कि कोरोना का असर आयकर के रिटर्न पर है।

आज का भविष्यफल

मेषःआपकी राशि का स्वामी मंगल मकर राशि का होकर दशम कार्य केंद्र में है, आज का दिन कोई विशेष व्यवस्था करने में बीतेगा। आपका भौतिक और सांसारिक दृष्टिकोण आज के दिन कुछ बदल सकता है। सावधानीपूर्वक ही काम करने की चेष्टा करें, जिससे आपका आत्म सम्मान बढ़े।

वृषभःआपकी राशि का स्वामी शुक्र द्वादश भाव में संचार कर रहा है। शुक्र संपूर्ण शुभ दृष्टि से तृतीय पराक्रम भाव को देख रहा है। राज्य-मान प्रतिष्ठा तथा उत्तम प्रकार की धन संपत्ति दायक है।

मिथुनःआपकी राशि का स्वामी बुध नवम त्रिकोण भाव मे विराजमान कुंभ राशि में है। फलतः आज का दिन भागदौड़ और विशेष चिंता में व्यतीत होगा।

कर्कःराशि चंद्रमा की राशि है। आज राशि से नवम चंद्रमा उत्तम संपति की प्राप्ति की ओर संकेत कर रहा है, जिसमें कुछ खर्चा भी संभव है। संतान पक्ष से हर्षवर्धक समाचार व परिवार में आमोद-प्रमोद का वातावरण रहेगा। बहुत समय से रुके हुए किसी कार्य को बनाने की चेष्टा करें।

सिंहःराशि का स्वामी सूर्य मंगल के साथ होकर अष्टम आयु भाव में भाग्य वृद्धि में सहायक सिद्ध हो रहा है। बुध के सप्तम भाव में होने से व्यावसायिक स्थान परिवर्तन आपके लिए अच्छा मोड़ सिद्ध होगा।

कन्याःआज आपके पास अनेक प्रकार के लोग आश्रय लेने आएंगे, ऋतंभरा प्रज्ञा से काम लेते हुए सबका सम्मान करें। यही लोग आगे चलकर आपके काम आएंगे। नौकरी या कार्य व्यवसाय के क्षेत्र में चुप रहना ही आज लाभकारक रह सकता है। बहस व टकराव से बचें।

तुलाःआपकी राशि का स्वामी शुक्र राशि से सप्तम भाव में कोष वृद्धि व मन संतोषकारक है। आज का दिन आनन्द में बीतेगा। मीन का चंद्रमा षष्ठ चंद्र श्री कुर्यात' के अनुसार श्री एवं सौंदर्य में वृद्धि कर सकता है।

वृश्चिकःराशि का स्वामी मंगल उच्च राशि पराक्रम भाव में चंद्रमा पंचम घर में विजय विभूति कारक है। आज का दिन कामकाज को सुधारने में विशेष योगदान दे रहा है।

धनुःआपकी राशि का स्वामी देवगुरू बृहस्पति पिछले कईं दिनों से धनु राशि में चल रहा है, चंद्रमा भी आज चतुर्थ भाव में अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति करा कर कोष वृद्धि कर सकता है।

मकरःआपकी राशि का स्वामी शनि राशि से प्रथम घर में और चंद्रमा तृतीय भाव में कुछ अधिक व्यस्तता का संकेत दे रहे हैं। व्यापार व्यवसाय की तरफ ध्यान देना आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए। ।

कुंभःआज आपकी राशि से एकादश में गुरु व केतु का योग और मीन राशि में चंद्रमा भाग्य वृद्धि करेगा। धन कर्म कीर्ति की वृद्धि होगी।

मीनःआपकी राशि का स्वामी बृहस्पति धनुः राशि का होकर दशम भाग्य त्रिकोण संतान भाव में चल रहा है। मनोर्थ सिद्धि कारक है। घरेलू स्तर पर भी मांगलिक कार्यों का आयोजन हो सकता है। धार्मिक कार्यों में रुचि और निकट की यात्रा भी संभव है।

सु- दोकू

	7				1		3	
1		9				5		
			3				1	
		5						3
3					2		5	
				3				2
	4						7	
7		8		1		6		
	6		7		9			1

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9 वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.70 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. शब्द प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. घुमा, घोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. स्वर्ग की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. डाल में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

ऊपर से नीचे

1. बेफ़िक्र, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. आवश्यक, फुफकार 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 70 का हल

भक्ति में आड़े आया कोरोनासुर, कुम्हार आखिर जीएं तो कैसे

नव प्रदेश संवाददाता

■ आज से चैत्र नवरात्र प्रारंभ पर कुम्हारों के पास से नहीं बिक सके कलश

■ मंदिरों में इक्का दुक्का ही हो रही कलश स्थापना, वो भी पुजारी ही कर रहे

रायपुर। वेद-शास्त्रों में असुरों द्वारा ऋषि मुनियों के यज्ञ व भक्ति में विघ्न डालने के उदाहरण पढ़े और सुने हैं हमने। अब इस कलयुग में अदृश्य असुर माता रानी की भक्ति में आड़े आ रहा है। नाम है कोरोनासुर। तेज गति से दुनिया में कहर बरपा रहे कोरोनासुर ने भारत को भी अपनी जद में ले लिया है। और इसका असर बुधवार से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्र पर पड़ना बिल्कुल तय है। लोग घरों में माता रानी की आराधना तो कर पाएंगे, लेकिन मंदिरों में कलश प्रज्वलित नहीं कर पाएंगे। क्योंकि कोरोना से लोग एकसाथ जमा नहीं हो सकते और अब तो घरों से बाहर नहीं निकल सकते। बहरहाल इसे पूरे प्रकरण से कुम्हारों का जीना दुश्वार हो गया है।

जो बेचते थे 100 कलश इस बार एक-दो से ज्यादा नहीं बेचा

हर साल नवरात्र में कलश स्थापना के लिए कुम्हारों द्वारा ही कलश उपलब्ध कराए जाते थे। लेकिन इस बार कोरोना के चलते कुम्हार कलश ही नहीं बेच पा रहे हैं। रायपुर के राठौड़ चौक स्थित अपनी दुकानें लगाए कुम्हारों ने सोमवार को नवप्रदेश संवाददाता को बताया कि इस बार वे एक-दो कलश से ज्यादा नहीं बेच पाए हैं। एक कुम्हार महिला ने बताया कि बाजू में स्थित हुनमान मंदिर से पिछले साल उसे 100 कलश का ऑर्डर मिला था लेकिन इस बार सिर्फ एक कलश मंगाया गया है, जिसे सिर्फ मंदिर के पुजारी जलाने वाले हैं। चौक पर करीब 6 से 7 कुम्हारों की गुमठियां हैं। सभी का कहना यही है कि इस बार उनका तो भगवान ही मालिक है।

मौसम की मार से भी बिक्री प्रभावित

कुम्हारों ने यह भी बताया कि पिछले साल मार्च के इस वक्त तक मटकों, सुराही आदि की अच्छी खासी बिक्री शुरू हो गई थी, लेकिन इस बार अब तक हो रही बारिश व गर्मी न पड़ने से मटकों व सुराहियों की भी मांग नहीं है। और ऊपर से अब ये कारोना आ गया। बड़ी मुश्किल से 100-200 रुपए की बिक्री होती है।

उद्योग कर रहे सरकारी आदेश का उल्लंघन, डंडे खाने मजबूर कर्मी

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए छत्तीसगढ़ सरकार के वाणिज्य व उद्योग विभाग ने अत्यावश्यक श्रेणी में न आने वाले प्रदेश के औद्योगिक संस्थानों को बंद करने का आदेश जारी किया है। लेकिन इस आदेश का औद्योगिक संस्थानों द्वारा खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। सारडा, वंदना ग्लोबल, एसकेएस ने अपने यहां मेंटनेंस विभाग के कर्मियों को ड्यूटी पर बुलाया है। वहीं सूत्रों की मानें तो ब्लास्ट फर्नेस वाला निक्को प्लांट की सभी इकाइयां चालू हैं।

बताया जा रहा है कि कंपनी की ओर से अपने सभी कर्मियों का ब्लास्ट फर्नेस का कार्ड बना दिया गया है ताकि उन्हें पुलिस से परेशानी न हो। इनमें से कुछ कंपनियों ने अपने यहां की कोरोना से निपटने के लिए किए गए उपायों का जिक्र करते हुए अपने कर्मचारियों को ड्यूटी पर हाजिर रहने संबंधी सर्कुलर भी जारी किया है। कर्मचारियों से यहां तक कहा गया है कि सरकार द्वारा परिवहन सेवा बंद किए जाने से वे अपने साधन से ड्यूटी पर आएं। लेकिन इसका खामियाजा कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है।

कुछ कंपनियों मेंटनेंस के नाम पर बुला रही अपने कर्मचारियों को अपने साधनों से

कर्मचारियों ने कुछ यूं बताई आपबीती

कुछ कर्मचारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि वे ड्यूटी पर जाएं तो कैसे क्योंकि हर जगह पुलिस का पहरा है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर डंडे भी पड़ रहे हैं। वे कहते हैं कि पुलिस को ड्यूटी का बताओ तो वे नहीं मानते। उनका कहना होता है कि प्लांट बंद कराने के आदेश सरकार की ओर से जारी कर दिए गए हैं।

ये था वाणिज्य व उद्योग विभाग का आदेश

वाणिज्य व उद्योग विभाग की ओर से सोमवार को जारी आदेश में कहा गया है कि दवा व चिकित्सकीय उपकरण बनाने वाले उद्योग व ऐसे प्लांट जहां उत्तपादन प्रक्रिया अनवरत प्रकृति की हो (जैसे कि ब्लास्ट फर्नेस से लौह उत्पाद का संचालन) वे चालू रहेंगे। लेकिन उक्त कंपनियों में से एक भी कंपनी ऐसी नहीं है जो दवा बनाती हो।



पुलिस कह रही एसडीएम को बताओ

कर्मचारियों का यह कहना सही भी हैं क्योंकि नवप्रदेश द्वारा इस संबंध में धरसींवा थाने के टीआई से बात करने पर उन्होंने कहा कि प्लांट बंद करने के आदेश सोमवार को ही सरकार की ओर से जारी कर दिए गए हैं। फिर भी यदि प्लांट चालू है तो इसकी शिकायत एसडीएम को करनी चाहिए। वे मौके पर टीम भेजकर जांच करा सकते हैं।

> वाणिज्य व उद्योग विभाग की ओर से सभी जिलों के औद्योगिक इकाइयों को लेकर एडवायजरी जारी की गई थी। इसे ध्यान में रखते हुए कलेक्टरों ने अपने यहां की परिस्थिति को देखते हुए दंडात्मक आदेश जारी किए हैं। इसके बावजूद यदि कहीं नियमों का उल्लंघन हो रहा है तो इसे कलेक्टर के संज्ञान में लाया जाना चाहिए।
>
> **मनोज पिंगुआ,** प्रमुख सचिव वाणिज्य व उद्योग विभाग, छग शासन

पार्षद द्वारा कराया गया वार्ड में सेनेटाइजर का छिड़काव

बिलासपुर (नव प्रदेश)। नगर निगम के वार्ड क्रमांक 6 में जहाँ जहाँ नालियां खुली हुई है वहा पर पार्षद द्वारा स्वयं खड़े होकर अपनी जिम्मेदारी के साथ सेनेटाइजर का झिड़काव कराया गया। गौरतलब हो कि पूरा देश कोरोना जैसी भयंकर संक्रमण से बचाव के लिए जुछ रहा है वही बिलासपुर प्रशासन भी मुस्तैदी से जुटा हुआ है नगर निगम भी एड़ी चोटी का जोर लगाए हुआ है उसी कड़ी में आज वार्ड क्र 6 के भाजपा सीमा संजय सिंह पार्षद द्वारा अपने वार्ड की सुरक्षा को ध्यान देते हुए खुद मौके पर सेनेटाइजर का छिड़काव कराया गया। जिससे वार्ड वासी काफी खुश नजर आए सभी ने दिल से पार्षद को धन्यवाद जाहिर करते हुए इस लड़ाई में उनका साथ देने की बात कही।

पिता ने दी बेटे की बर्थडे पार्टी, गिरफ्तार

बिलासपुर। बिलासपुर के रतनपुर क्षेत्र के ओछिनापारा में बेटे की जन्मदिन की पार्टी मनाना पेंटर को महंगा पड़ गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर न पार्टी तो बंद कराई और पकड़कर थाने ले आई। यही नही पुलिस ने उसके खिलाफआपराधिक प्रकरण भी दर्ज कर लिया है। सख्ती के बावजूद नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए रतनपुर के ओछिनापारा में सोमवार जन्मदिन पार्टी का आयोजन किया गया था। रात में पुलिस को पैट्रोलिंग पर निकले पुलिसकर्मियों को इसकी सूचना मिली। गांव के पेंटर रोशन भारद्वाज अपने दो वर्षीय बेटे का जन्मदिन की पार्टी मना रहा है। यहां तेज आवाज में डीजे बज रहा था और बड़ी संख्या में भीड़ जुटी हुई थी। पुलिस ने इस आयोजन को तत्काल बंद कराया और सभी लोगों को अपने-अपने घर जाने की सलाह दी गई। रोशन भारद्वाज को पुलिस पकड़कर थाने ले आई। उसके व डीजे संचालक के खिलाफधारा 188, विश्व महामारी अधिनियम की धारा 269 व कोलाहल अधिनियम की धारा 15 के तहत कार्रवाई की गई है। रतनपुर थाना प्रभारी ने बताया कि जिले में धारा 144 लागू है। लेकिन गांव में पार्टी के दौरान दो सौ लोगों को एकत्रित किया गया था। यही नहीं डीजे की धुन पर पार्टी चल रही थी।

पुलिस अधिकारी-कर्मचारी घर से ही करें शासकीय कार्य : अवस्थी

रायपुर। कोरोना वायरस की संक्रमण की रोकथाम के लिए पुलिस महानिदेशक डी.एम. अवस्थी ने तत्काल प्रभाव से पुलिस मुख्यालय को 31 मार्च तक बंद रखने के निर्देश दिए है। इस अवधि में कोई भी पुलिस अधिकारी-कर्मचारी बिना डी.जी.पी. की अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे और ना ही घर से बाहर जाएंगे। सभी घर मे रहकर ही शासकीय कार्य का सम्पादन करेंगे। आवश्यकता पड़ने पर अधिकारी-कर्मचारी को कार्यालय में उपस्थित होने को निर्देशित किया जा सकता है। डी.जी.पी. ने इस अवधि में मोबाइल चालू रखने के निर्देश दिए हैं।

कोरोना वायरस को कड़ी टक्कर दे रहे प्रदेश के सभी नगरीय निकाय

नव प्रदेश संवाददाता

■ 9 हजार से अधिक स्वच्छता दीदियाँ ऐसी परिस्थितियों में भी प्रतिदिन घर-घर से उठा रहीं 16 लाख किलो कचरा

■ 15 हजार से अधिक सफाई मित्र भोर के साथ ही आपके आस पास के क्षेत्र को साफ करने एवं डिसिंफेक्ट करने लगातार कार्यरत

■ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आह्वान पर दो से तीन पालियों में बिना रुके कर रहें जनता की सेवा

■ टोल फ्री नम्बर निदान-1100 में दो दिनों में 20 हजार से अधिक शिकायतों का त्वरित हुआ निकारण

रायपुर। कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण से आज पूरा विश्व जूझ रहा है। इस वैश्विक महामारी में जहां चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विभाग का अमला 24'7 जूझ रहा है वहीं दूसरी ओर संकट की इस घड़ी में छत्तीसगढ़ की जनता की सेवा में एक अदृश्य फौज भी कार्य कर रही है। जी हाँ, ये अदृश्य फौज है आपके नगरीय निकायों के उन सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदीयों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों की को जो दिन-रात, आपके शहर, आपके कस्बे, आपके मोहल्ले को साफकरने, डिसिन्फेक्ट करने एवं आपको निर्बाध रूप से स्वच्छ पेयजल प्रदान करने में लगे हुए हैं।

प्रदेश में 9 हजार से अधिक स्वच्छता दीदियाँ, ऐसी परिस्थितियों में भी प्रतिदिन, प्रदेश के घर-घर से 16 लाख किलो कचरा उठा रही हैं। 15 हजार से अधिक सफाई मित्र भोर के साथ ही आपके आस पास के क्षेत्र को साफ करने एवं डिसिंफेक्ट करने हेतु लगातार कार्यरत हैं। ये योद्धा न केवल अपने कर्तव्यों को रोज की भाँति निभा रहे हैं, अपितु प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के आह्वान पर दो से तीन पालियों में बिना रुके जनता की सेवा में जुटे हुए है।

ज्ञातव्य है कि आज पूरे विश्व में कोविड-19 से सबसे ज्यादा शहरी क्षेत्र प्रभावित हैं, ऐसी स्थिति में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देशन पर प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नागरिकों को बुनियादी सुविधा प्रदान करने कमर कस ली है। इसी कड़ी में विभाग द्वारा कोविड-19 कंट्रोल रूम का गठन किया गया है जहां प्रतिदिन प्रदेश के समस्त 166 नगरीय निकायों में प्रतिदिन किए जा रहे छिड़काव, साफ-सफाई, डिसिन्फेक्शन आदि के कार्यों की पल-पल की जानकारी एकत्रित की जा रही है। विभाग का टोल फ्री नम्बर निदान-1100 नागरिकों की शिकायतों हेतु सदैव उपलब्ध है तथा विगत दो दिनों में इस माध्यम से 20 हजार से अधिक शिकायतों का त्वरित निपटान भी नगरीय निकायों द्वारा किया गया है। कंट्रोल रूम के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रदेश की जनता की समस्त शिकायतों का उसी दिन उचित समाधान किया जाए।

राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन विभाग ने यह भी सुनिश्चित किया है कि नगरीय निकायों में किसी भी परिस्थिति में सफाई सामग्री, क्लोरीन, ब्लीचिंग पाउडर, सोडियम हाइपोक्लोराइड, फॉगिंग केमिकल, डिसिन्फेक्टंट की कमी न हो। इन सामग्रियों का पर्याप्त स्टॉक सभी निकायों में उपलब्ध है। आपात परिस्थिति हेतु विभाग ने इन सामग्रियों के सप्लाइअर्स से अग्रिम अनुबंध कर लिया है ताकि प्रदेश में कहीं भी इन सामग्रियों की कमी न हो। इसके साथ ही विभाग द्वारा स्व-सहायता समूहों के माध्यम से युद्ध स्तर पर मास्क बनाने का कार्य किया जा रहा है। सभी सार्वजनिक, सामुदायिक शौचालयों में साफ-सफाई की व्यवस्था चाक-चैबंद है। इन सभी शौचालयों में निशुल्क हाथ धोने की व्यवस्था भी की गयी है। कोविड-19 से बचाव का सबसे कारगर तरीका समय-समय पर हाथ धोना है इसीलिए प्रदेश के सभी शहरी क्षेत्रों में निशुल्क सार्वजनिक हैंड-वाश स्पेस बनाई गयी हैं। प्रदेश के नगरीय निकाय इस पूरे संकट में प्रदेश की जनता के साथ पूरी मुस्तैदी से खड़े हैं और नागरिकों को बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध करा रहे है।